CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

बरेली, सोमवार 8 सितम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 284 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 15 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में अब नौकरियों की बौछारः योगी

पेज 2



भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक

खेल टाइम्स



प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर

सम्पादकीय



ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए अमेरिका में नियुक्तियां ठप

पेज 12

## हॉकी में भारत का 'चौका', एशिया कप पर कब्जा

**राजगीर।** भारत ने मेंस हॉकी एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रविवार को टीम इंडिया ने साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल हराया। भारत ने चौथी बार यह खिताब जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2026 के वर्ल्ड कप में भी जगह बना ली।

भारत से फाइनल मैच के पहले ही मिनट में सुखजीत सिंह ने गोल दाग दिया था। दूसरे क्वार्टर में फिर दिलप्रीत सिंह ने गोल दागा और भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में दिलप्रीत ने एक और गोल किया। चौथे क्वार्टर में अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा और भारत को 4-0 से आगे कर दिया।



**साउथ कोरिया को 4-1 से फाइनल में हराया हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी किया क्वालिफाई**

साउथ कोरिया से सोन डायन ने इकलौता गोल किया। टीम इंडिया ने 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया को फाइनल हराकर चौथी बार टाइटल जीता। भारत ने 2017 में मलेशिया को फाइनल हराकर आखिरी बार एशिया कप जीता था। कोरिया दूसरी बार ही रनर-अप रही। टीम को 2007 में भी भारत ने ही फाइनल हराया था।


## पोक्सो में बच्ची की गवाही ही काफी, HC का बड़ा फैसला

### 10 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि बरकरार रखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2017 में 10 साल की एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में एक शख्स को 12 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा। इसके साथ ही कोर्ट ने ये भी कहा कि पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है।

जस्टिस मनोज कुमार ओहरी ने इस मामले में दोषी करार दिए गए टोनी नाम के शख्स की याचिका 3 सितम्बर को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि कानून की स्थापित स्थिति यह है कि भले ही पीड़िता घटना की एकमात्र गवाह हो, अगर उसकी गवाही विश्वसनीय और भरोसेमंद पाई जाती है, तो दोषसिद्धि बरकरार रखी जा सकती है। अगर पीड़ित बच्ची की गवाही विश्वसनीय है, तो दोषसिद्धि उसी के आधार पर हो सकती है'। प्राथमिकी के मुताबिक दोषी शख्स टोनी फर्नीचर की एक दुकान में काम करता था। ये दुकान बच्ची के स्कूल के पास थी। इस दौरान टोनी की नजर बच्ची पर पड़ी। उसने बच्ची को चाउमीन और कचौड़ी जैसी खाने की चीजों का लालच दिया और उसे बहला फुसलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया था। इसके साथ ही आरोपी टोनी ने बच्ची को डराने के लिए धमकी भी दी थी कि अगर उसने इस बारे में किसी को भी कुछ बताया तो वो उसकी जान ले लेगा। आरोपी ने कहा कि वो उसे नाले में डुबो देगा या लकड़ी की तरह उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा। इन धमकियों की वजह से बच्ची चुप रही। यह मामला तब सामने आया जब बच्ची की स्कूल की टीचर ने उससे पूछताछ की और बच्ची ने उन्हें सारी बात बताई। इसके बाद टीचर ने बच्ची की मां को पूरी बात बताई जिसके कारण पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। सुनवाई के दौरान जस्टिस मनोज कुमार ने कहा कि बच्ची का बयान एक समान और विश्वसनीय रहा। साथ ही आरोपी शख्स जिरह के दौरान पीड़िता की गवाही को झुठला नहीं सका। कोर्ट ने माना कि बच्ची के बायन में सच्चाई है, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी टोनी की 2 साल की जेल की सजा को बरकरार रखा।



**कोर्ट ने कहा: पीड़िता की गवाही विश्वसनीय है और इसके आधार पर सजा भी हो सकती है**

### अखिलेश के बाद सिद्धारमैया का कटा चालान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के वाहन ने इस साल 7 बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है। इसको लेकर उनके खिलाफ मामले भी दर्ज किए गए हैं। इनमें ज्यादातर सीट बेल्ट न पहनने के कारण आए हैं। इसके लिए सिद्धारमैया पर 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। बेंगलुरु के इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम कैमरों ने इन उल्लंघनों को रिकॉर्ड किया है। खास बात ये है कि सभी चालान पिछले 9 महीने के हैं। मुख्यमंत्री पर कुल 2500 रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने अदा कर दिया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सरकारी गाड़ियों की ओवरस्पीडिंग का 8 लाख रुपये का चालान आया है। इस मामले में सपा चीफ ने उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। सपा चीफ ने कहा कि हम तो राजनीतिक पार्टी के खाते से चालान भर देंगे लेकिन गरीब लोग इतना पैसा कहा से लाएंगे?

### 10 लाख का इनामी नक्सली अमित हांसदा ढेर

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के बुर्जुवा पहाड़ी पर रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ में माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा मारा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपये का इनामी भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर अमित हांसदा उर्फ अपटन को सुरक्षाबलों ने ढेर कर दिया। अमित हांसदा झारखंड के बोकारो जिले का रहने वाला था और माओवादी संगठन में उसकी पैठ काफी मजबूत मानी जाती थी।

### अशोक स्तंभ को लेकर कश्मीर में मचा बवाल

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित प्रसिद्ध हजरतबल दरगाह में लगे अशोक चिन्ह को क्षतिग्रस्त करने के मामले में 25 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। यह घटना जुमे की नमाज के बाद सामने आई थी, जिसके बाद इलाके में विवाद और राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो की जांच के आधार पर इन लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## वोटर आईडी में अब मकान नंबर 'जीरो' नहीं होगा

### घर नहीं होने पर काल्पनिक नंबर नहीं दिए जाएंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नेशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए। इसके तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है।

मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकानों को नंबर 00 या 77777 या 9999 देने को राजनीतिक मुद्दा बनाया हुआ है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक की वोटर लिस्ट में ऐसे कई पते दिखाए थे, जिनके आगे यही नंबर लिखे हुए थे। इसके बाद ऐसे वोटर्स को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। चुनाव आयोग पर भी सवाल उठ रहे थे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर (ईसी) ज्ञानेश कुमार ने 17 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बताया था कि बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता होते हैं, जो फुटपाथ पर, पुलों के नीचे या किसी लैंपपोस्ट के नीचे रात बिताते हैं। ऐसे मतदाताओं के घर के पते में मकान नंबर जीरो दर्ज किया जाता है। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई का अनुमान है कि 12 लाख लोगों के आधार में स्थायी पता दर्ज नहीं है। आधार अथॉरिटी ने ऐसे लोगों के लिए हेड ऑफ द फैमिली को केयर ऑफ दिखाकर पता दर्ज किया हुआ है।




**मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर किया जा रहा विचार**

**वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल**

**मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लगाए थे चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप**

### पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआइ) पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) करने की तैयारी में है। इसको लेकर दिल्ली में 10 सितम्बर को बैठक होगी। बैठक में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। इसमें देशभर में एसआईआर कराने को लेकर रणनीति पर चर्चा होगी।

यह मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फरवरी में पद संभालने के बाद तीसरी बैठक होगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद वोटर लिस्ट जांच की प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी। साल के आखिरी में इसकी शुरुआत हो जाएगी, ताकि 2026 में असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। चुनाव आयोग के अनुसार, एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना और अवैध मतदाताओं जैसे विदेशी नागरिकों, मृत व्यक्तियों या स्थानांतरित लोगों को हटाना है। इस बीच कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है।

**10 सितम्बर को दिल्ली में ईसी की मीटिंग, साल के आखिरी में शुरू हो सकती है वेरिफिकेशन प्रक्रिया**

## हिमाचल में अब तक 350 से ज्यादा लोगों की मौत

### पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116 फीसदी और कुल्लू में 113 फीसदी बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है।

पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितम्बर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे। हिमाचल के सिरमौर के नौहराधार में शनिवार को पूरा पहाड़ नदी में आ गया। हालांकि, जहां लैंडस्लाइड हुई वहां कोई बस्ती नहीं थी। मौसम विभाग ने रविवार को महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में बारिश का रेड अलर्ट, गोवा में ऑरेंज और मप्र-बिहार समेत 20 राज्यों में येलो अलर्ट जारी किया है। गुजरात में विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ गया है। आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति है। वडोदरा में प्रभावित लोगों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में रावी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जम्मू-पठानकोट हाईवे को बाढ़ से बचाने के लिए सेना जुटी है। पीएम मोदी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए 9 सितम्बर को पंजाब का दौरा करेंगे। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के इटावा में चकरनगर क्षेत्र में चंबल और यमुना नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आ गई है। यमुना चेतावनी बिंदु 120.92 मीटर को पार कर 121.66 मीटर तक पहुंच गई है, जो खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। बाढ़ से 7 गांवों के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सिद्धनाथ मंदिर और कई प्रमुख मार्ग जलमग्न होकर बंद हो गए हैं। हरियाणा में बहादुरगढ़ के के गांव लौहारहेड़ी में 2 मुख्य गालियों में पानी भर गया है। यहां एक से 2 फीट तक पानी जमा है। ग्रामीणों के मुताबिक ज्यादा बारिश बरसने और निकाली नहीं होने के कारण गांव के दादा पूल्हा और हरियाला वाला तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। इसके कारण गलियों में पानी भरने लगा है। यहां सड़क पर मछलियां तैर रही हैं। लगातार बारिश और फ्लैश फ्लड के कारण जम्मू-कश्मीर रियासी और रामबन में फंसे टूरिस्ट्स को निकालने के लिए रेलवे विभाग ने कटरा (एसवीडीके) और संगलदान (एसजीडीएन) के बीच फ्लड स्पेशल लोकल ट्रेन सर्विस शुरू करने का निर्णय लिया है।



**हिमाचल प्रदेश में 4.07 लाख करोड़ का नुकसान, पीएम मोदी नौ सितम्बर को पंजाब जाएंगे**

## ED ने सुब्रत राय के बेटे को भगोड़ा बताया

### 1.74 लाख करोड़ रुपये के घोटाले में सहारा के खिलाफ चार्जशीट, पत्नी सपना भी आरोपी

कोलकाता, वार्ता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपये के चिटफंड घोटाले का जिक्र है।

ईडी ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत राय की पत्नी सपना राय, बेटे सुशांत राय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद (जेपी) वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं। ईडी ने सुब्रत राय की पत्नी सपना राय को भी चार्जशीट में आरोपी बनाया है। ईडी ने जांच की शुरुआत ओडिशा, बिहार और राजस्थान में दर्ज तीन एफआईआर से की थी। हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड व अन्य सहारा संस्थाओं के खिलाफ दर्ज हुई थीं। हाल ही में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मुंबई में सहारा समूह से जुड़ी नौ परिसरों पर छापेमारी हुई, जिनमें भूमि और शेयर डील्स से जुड़े दस्तावेज जब्त हुए। नए सबूतों के आधार पर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की गई है। चार्जशीट में खासतौर पर अनिल अब्राहम और जेपी वर्मा की भूमिका रेखांकित की गई है। अब्राहम सहारा के चेयरमैन कोर मैनेजमेंट (सीसीएम) ऑफिस में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रहे। बड़े फैसलों व संपत्ति सौदों में केंद्रीय भूमिका निभाते थे। वर्मा को ईडी ने 'लॉन्ग-टाइम एसोसिएट' और प्रॉपर्टी ब्रोकर बताया है। आरोप है कि वह जमीनी स्तर पर नकद लेन-देन और गुप्त सौदे रूट कराने में अहम भूमिका निभाते थे। ईडी का दावा है कि दोनों ने सहारा की संपत्तियों की बिक्री कराई, नकदी को इधर-उधर किया और सियासी व कारोबारी नेटवर्क का इस्तेमाल कर इन्हें वैध दिखाने की कोशिश की।

**अनिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल**



## उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले संसद भवन में विपक्षी दलों की बैठक आज

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले कांग्रेस की रविवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन की नेताओं की बैठक बुलाई जाएगी और उसमें सभी नेताओं से आग्रह किया जाएगा कि सभी दल सुनिश्चित करें कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाएं। कांग्रेस की इस बैठक में पार्टी नेता प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश सहित कई अन्य नेता मौजूद थे। भाजपा की तरह अपने सांसदों के लिए वोट देने से पहले कार्यशाला आयोजित करने के सवाल पर कांग्रेस सूत्रों ने कहा कि गठबंधन के संसदीय दल के नेताओं की बैठक बुलाई जा रही है और उसमें सभी नेता अपने सांसदों को सामूहिक संदेश देंगे। बैठक सोमवार को कब होगी फिलहाल समय तय नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि बिहार में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई लेकिन कहा गया कि इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में ही उपराष्ट्रपति पद की चुनाव की बात विचार किया जाएगा।

**'इंडिया' के उम्मीदवार को विजयी बनाने का होगा आह्वान**

CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में दो साइबर अपराधी और दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों के साझा अभियानों में साइबर अपराध और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल चार लोग गिरफ्तार किए गए। मणिपुर की साइबर अपराध पुलिस थाना की एक टीम ने थौबल जिले से शनिवार को दो साइबर अपराधियों को म्यूल बैंक खाता चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया। म्यूल बैंक खाता वैसा खाता होता है, जिसका इस्तेमाल निर्दोष लोगों को फंसाकर जालसाज करते हैं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों ने दूसरों को बैंक अकाउंट खुलवाने का लालच दिया और अन्य साइबर अपरा. धियों के साथ मिलीभगत करके साइबर धोखाधड़ी के पैसे को स्थानांतरित करने और जमा करने के लिए उनका इस्तेमाल किया।

### गैंगस्टर बराड़ का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में संगठित अपराध के विरुद्ध एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने विदेशी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के सहयोगी बलजिंदर सिंह उर्फ रैंच को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपी के पास से पांच पिस्तौल (-32 बोर) और 10 कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ए हथियार गोल्डी बराड़ के निर्देश पर उसके प्रमुख सहयोगी मलकीत सिंह उर्फ कित्ता भानी के माध्यम से खरीदे गए थे। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी है और उसके खिलाफ एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि पूरे गठजोड़ का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

# योगी को ही आउटसोर्स करने की जरूरत: अखिलेश

## कहा: 2025 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा

**इटावा, वार्ता**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आउटसोर्स करने की जरूरत है। यहां अपने पैतृक गांव सैफई में समाजवादी समर्थकों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा कि आज चाहे आउटसोर्सिंग के भरोसे की बात कही जाए या किसी और की वास्तव में अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही आउटसोर्स करने की जरूरत है।

यादव ने कहा कि आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव जनता का बदलाव लाने वाला जनादेश साबित होगा। जब भाजपा जाएगी तभी आरक्षण बचेगा, संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा। विकास तभी होगा, इलाज गरीबों को तभी मिलेगा, रोजगार तभी मिलेगा। यही हमारी जनता की अपेक्षा है। समाजवादी पार्टी के



■ भाजपा जाएगी, तभी आरक्षण बचेगा संविधान सुरक्षित रहेगा, गरीबों को सम्मान मिलेगा

राष्ट्रीय अध्यक्ष कहा कि जब जीएसटी लागू किया गया था, तो यह दावा किया गया था कि इससे व्यापारिक व्यवस्था सरल होगी और कारोबारियों को फायदा पहुंचेगा लेकिन अब भाजपा सरकार गरीबों को राहत देने के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने को मजबूर हो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाए कि यह बदलाव असल में किसके हित में किया जा रहा है। यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जीएसटी लागू होने के समय यह वादा किया गया था कि इससे कारोबारियों को सरल व्यवस्था मिलेगी और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन अब सरकार ने गरीबों के हित के नाम पर जीएसटी स्लैब में बदलाव करने की स्थिति स्वीकार की है। उन्होंने सवाल किया कि आखिरकार अब तक कौन मुनाफा कमा रहा था और किसको फायदा पहुंचाया जा रहा है। यादव ने कहा कि अब चुनाव तक लगभग एक साल का समय बचा है। हम भाजपा सरकार के नौ बजट देख चुके हैं, आखिरी बजट आने वाला है। दिल्ली की सरकार तीसरी बार चल रही है। फिर भी हालात खराब होते जा रहे हैं। हर बार यह बताया गया कि जीएसटी से व्यापार बेहतर होगा, लेकिन इसके उलट अब कई संशोधन करना पड़े। गरीबों को लाभ पहुंचाने के नाम पर स्लैब में बदलाव किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहराई से जड़ें जमा चुकी हैं कि कोई भी संशोधन उसे नहीं रोक सकता। उदाहरण देते हुए कहा कि पारले जी का बिस्किट, साबुन का पैकेट, क्रीम का डिब्बा छोटे कर दिए गए थे। क्या अब ए बड़े पैकेट में वापस आएंगे? भाजपा राज में मुनाफाखोरी की आदतें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि उनका कोई इलाज नहीं है।

# भाजपा की कार्यशाला के दौरान अंतिम पंक्ति में दिखे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ प्रधानमंत्री को जीएसटी सुधारों के लिए किया गया सम्मानित

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है। इस बीच नई दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संसद परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पीछे की सीट पर बैठे दिखाई दिए। कार्यशाला के दौरान जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने एक्स पर पीएम मोदी की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें प्रधानमंत्री सबसे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। सूत्रों के मुता. बिक, भाजपा की कार्यशाला में पीयूष गोयल ने जीएसटी सुधार से जुड़ा धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया।

इसके बाद सांसदों ने जीएसटी सुधारों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया। सांसदों ने जीएसटी सुधारों के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल, जीएसटी में हुए सुधार से लोगों पर कर का बोझ कम होगा और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों को उम्मीद है कि इस कदम से उन्हें नवम्बर में होने वाले बिहार चुनावों में बढ़त मिलेगी। दो दिनों तक चलने वाली यह कार्यशाला में कई सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन सत्रों में पार्टी के इतिहास और विकास पर चर्चा के साथ सांसदों के लिए कार्यकुशलता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा होगी। पंजाब और देश के अन्य इलाकों में बाढ़ से तबाही को देखते हुए 8 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए आयोजित होने वाले रात्रिभोज रद्द कर दिया गया। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की तरफ से सांसदों को शनिवार को दिया जाने वाला रात्रिभोज रद्द कर दिया गया था।

# मायावती ने ट्रम्प टैरिफ पर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 'ट्रम्प टैरिफ' के आतंक से उभरी नई चुनौतियों को लेकर रविवार को चिंता जताई और कहा कि इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की ज़रूरत है।

ऐसा करना जरूरी है वरना देश के विशाल बहुजनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी। इससे बचना बहुत जरूरी है। रविवार को पार्टी कार्यालय पर बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक कर पार्टी संगठन के गठन व पार्टी के जनाधार को जमीनी स्तर पर बढ़ाने के लिए चलाए गए अभियान की गहन समीक्षा की। इस दौरान पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों को लेकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। साथ ही यह निर्देश भी दिया की बाकी बचे कार्य पार्टी संस्थापक मान्यवर कांशीराम की 9 अक्टूबर को पुण्यतिथि पर प्रस्तावित पुण्यतिथि पर होने वाले राज्यव्यापी कार्यक्रम के बाद शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी 9 अक्तूबर को पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि राजधानी लखनऊ स्थित 'मान्यवर कांशीराम स्मारक स्थल' पर ऐतिहासिक रूप से मनाई जाएगी।

## सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा

# यूपी में अब नौकरियों की बौछार: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में इजाफा हुआ है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। मुख्यमंत्री ने राजधानी में तो जिलों में सांसदों और विधायकों ने नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन ने मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले नियुक्ति



■ मुख्यमंत्री ने नवचयनित 1510 अनुदेशकों में से 11 को नियुक्ति पत्र वितरित किए

पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं हो पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी ही नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है। 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा, तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए, तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन रोजगार से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प दिया है, हम सभी उसमें सहभागी बन सकें, इसके लिए यूपी में पिछले 8 वर्ष के दौरान साढ़े 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है।

### चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी से प्रतिभा का लाभ दिया

हर महीने किसी न किसी आयोग-बोर्ड के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। जो सख्ती की गई, उसका परिणाम है कि निष्पक्ष भर्ती के तहत चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी के साथ सरकार का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ यूपी को दिया। उन्होंने कहा कि आठ वर्ष पहले आपने अनुभव किया होगा कि यूपी के साथ दो बातें चस्पा थीं। पहली- यूपी का नौजवान-नागरिक प्रदेश के बाहर जाता था, तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। लोग हेय दृष्टि से देखते हैं। इससे नागरिकों के मन में हीन भावना पैदा होती थी। दूसरा हमारे ऊपर बीमारू राज्य का लेवल लगा दिया गया था यानी देश के विकास का बैरियर, जबकि यह राज्य संसाधनों से भरपूर था। जिस राज्य में ईश्वर को भी किसी न किसी अवतार के रूप में बार-बार आना पड़ा। ऐसा राज्य बीमारू हो जाए, कोई खुद को सुरक्षित महसूस न कर सके।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार के असर से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**मुंबई, वार्ता**



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर जीएसटी सुधारों के जमीनी असर और वैश्विक कारकों पर रहेगी। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों पर कर घटाने की घोषणा के बाद वाहन निर्माता कंपनियों ने कीमतों में कटौती करनी शुरू कर दी है।

निवेशकों को इस बात का इंतजार रहेगा कि कौन सा क्षेत्र जीएसटी सुधार के बाद कीमतों में कितनी कटौती करता है। इसके अलावा विदेशों से मिलने वाले संकेतों पर भी उनकी नजर होगी। पिछले सप्ताह दोनों प्रमुख सूचकांकों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 901.11 अंक (1.13 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त में 80,710.76 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 314.15 अंक यानी 1.29 प्रतिशत चढ़कर सप्ताहांत पर 24,741 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। एनएसई में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.40 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.49 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की 30 में से 21 कंपनियों के शेयर साप्ताहिक बढ़त में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 11.36 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल देखा गया। टाटा स्टील का शेयर 8.55 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 6.82 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 5.32 फीसदी और इटरनल का 4.77 फीसदी मजबूत हुआ। ट्रेंट में 4.12 प्रतिशत, पावर ग्रिड में 3.65, टाटा मोटर्स में 3.45, एशियन पेंट्स में 2.44, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.27, एचडीएफसी बैंक में 1.20, एक्सिस बैंक में 1.02 और टाइटन में 1.01 प्रतिशत की तेजी रही। मारुति सुजुकी, अडानी पोर्ट्स और भारतीय स्टेट बैंक में भी साप्ताहिक तेजी रही। सप्ताह के दौरान एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर सबसे अधिक 2.47 फीसदी टूट गया। इंफोसिस में 1.71 प्रतिशत, एलएंडटी में 1.31, टीसीएस में 1.17 और हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टेक महिंद्रा भी लाल निशान में रहे।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,06,251 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) पिछले सप्ताह 1,06,251 करोड़ रुपए बढ़ गया। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआई सीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि शीर्ष 10 की अन्य तीन कंपनियों के एम-कैप में 29,731 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस का एम-कैप सबसे अधिक 37,961 करोड़ रुपए बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमशः 23,344 करोड़ रुपए और 17,580 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। एलआईसी का एम-कैप 15,559 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का 4,246 करोड़ रुपए बढ़ा। एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में क्रमशः 4,134 करोड़ रुपए और 3,426 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई।

# गेहूं-चावल नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़ चीनी और दालें भी सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह मंदी रही। चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। खाद्य तेलों में घटबढ़ देखी गई, जबकि चीनी और दालों में साप्ताहिक नरमी का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 51 रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,776.83 रुपए प्रति क्विंटल पर रही।

वहीं गेहूं करीब सात रुपए सस्ता होकर 2,848.96 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत कमोबेश स्थिर रही और सप्ताहांत पर यह 3,312.11 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 63 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 147 रुपए और वनस्पति में 151 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक मंदी रही। सोयाबीन तेल 44 रुपए और सूरजमखी तेल 62 रुपए सस्ता हुआ। वहीं पाम ऑयल 47 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के दाम घट गए। चना दाल औसतन करीब 67 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल में 30 रुपए और दाल मूंग में 52 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी 113 रुपए उतर गई। मसूर दाल में 17 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह नरमी देखी गयी। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के नौ रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.92 रुपए, मसूर काली 8092.38 रुपए, मूंग दाल 10051.69 रुपए, उड़द दाल 10404.63 रुपए, अरहर दाल 10560.87 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपए और चावल 3776.83 रुपए प्रति क्विंटल।

# वोट चोरी में भाजपा की मदद क्यों कर रहा चुनाव आयोग: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि वह कई सालों से वोट चोरी की साजिश में शामिल होकर भाजपा की मदद कर रहा है और उसे स्पष्ट करना चाहिए कि क्या आयोग इस काम के लिए भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए रविवार को कहा कि क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैक-ऑफिस बन गया है। मई 2023 के कर्नाटक चुनाव से पहले कांग्रेस ने अलंद निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाने का खुलासा किया और बताया था



■ क्या चुनाव आयोग वोट चोरी के लिए भाजपा का बैकऑफिस बन गया

कि इस सीट पर फॉर्म 7 के आवे. दनों में साजिश कर बेहद सलीके से हज़ारों मतदाताओं के अधिक. ार छीन लिए गए। फिर एक मामला दर्ज किया गया और इसकी जांच में 5,994 जाली आवेदनों का पता चला। यह वोट चोरी के बड़े प्रयास का एक स्पष्ट प्रमाण है। इसके बाद कांग्रेस सरकार ने दोषियों को पकड़ने के लिए सीआईडी जांच का आदेश दिया।

### राजनीति में मील का पत्थर बनी भारत जोड़ो यात्रा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की भारत जोड़ो यात्रा की तीसरी वर्षगांठ पर आज कहा कि यह यात्रा राजनीति में परिवर्तन लाने में मील का पत्थर साबित हुई है और इसका असर अब भी महसूस किया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत आज से तीन साल पहले कन्याकुमारी से हुई थी। इस यात्रा की शुरुआत स्वामी विवेकानंद रॉक मेमो. रियल और अन्य ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन के साथ हुई, जिसके बाद एक विशाल जनसभा आयोजित की गई थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।



राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

CMYK

### कड़ी सुरक्षा के बीच दो पालियों में सम्पन्न हुई परीक्षा

# पीईटी परीक्षा से 34 प्रतिशत रहे गैरहाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को लेकर रविवार को दूसरे दिन पंजीकृत छात्रों में से 34 प्रतिशत ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा दो पालियों में शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। डीएम-एसपी सहित अन्य जिम्मेदार अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं संग ही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराए जाने को लेकर अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।



पहली पाली में एएसपी अखिलेश भदौरिया ने शहर के जेएस हिन्दू डिग्री व इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, भगवत शरण इंटर कालेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर नियुक्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा उन्हें ड्यूटी के दौरान विशेष सतर्कता एवं गंभीरता बरतने के लिए निर्देशित किया। प्रथम पाली में पंजीकृत 6336 परीक्षार्थियों में से 4 हजार 143 ने परीक्षा दी जबकि 2193 ने परीक्षा से किनारा किया। जबकि दूसरी पाली में पंजीकृत 6 हजार 336 परीक्षार्थियों में से 4 हजार 208 परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 2128 ने परीक्षा छोड़ दी। एएसपी ने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी बनाना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा जांच की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा गया और सुनिश्चित किया गया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है तथा पुलिस बल सतत गश्त एवं निगरानी रख रहा है।

# गुफरान की मौत हैंगिंग से हुई थी

### आत्महत्या के लिए उकसाने वालों की बढ़ीं मुश्किलें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हैंडलूम कारोबारी गुफरान की मौत हैंगिंग से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। पीएम रिपोर्ट में परिजनों का शक सही साबित हुआ। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा किया है।

शहर के मोहल्ला नल (नई बस्ती) निवासी हैंडलूम कारोबारी गुफरान ने बीती 24 अगस्त को फांसी लगाकर जान दी थी। मरने से पहले एक वीडियो बनाया था, सुसाइड नोट भी लिखा था। वीडियो में कोट चौकी बुलाकर प्रताड़ित करने का भी जिक्र गुफरान ने किया था। मजबूर होकर



**पीएम रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

आत्मघाती कदम उठाने की बात कही थी। परिजनों ने उस वक्त बिना पुलिस कार्रवाई शव सुपुर्देखाक कर दिया था लेकिन 26 अगस्त को मृतक के पिता अताउल्लाह ने अपनी पुत्रवधू समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी भाभी सना को कलियर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस ने शनिवार को मजिस्ट्रेट, फोरेंसिक यूनिट व चिकित्सकों की मौजूदगी में शव कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम कराया था। बाद में शव उसी कब्र में दोबारा दफन करा दिया था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मृतक गुफरान की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। जिसमें मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है। फरार आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



गजरौला। भाद्रपद पूर्णिमा पर ब्रजघाट स्थित गंगा में स्नान करते श्रद्धालु।

# पूर्णिमा पर स्नान को उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाद्रपद पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट एवं तिगरी स्थित गंगा की शीतल धारा में आस्था की डुबकी लगाई, वहीं पुरोहितों और निर्धनों को दान दक्षिणा देकर पुण्य लाभ भी अर्जित किया। इस दौरान गंगा मैया के जयकारों से घाट गूंज उठे। सुबह व शाम को ब्रजघाट में होने वाली आरती में भी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गंगा के जयकारे गूंज उठे। वहीं रविवार से श्राद्ध पक्ष प्रारंभ हो गया है।

रविवार को भाद्रपद पूर्णिमा पर गंगा स्नान को श्रद्धालु सुबह से ही ब्रजघाट पहुंचना शुरू होने लगे थे, श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगा भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य प्रदान किया। श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से भगवान श्री सत्यनारायण की कथा का जाप भी कराया और पुरोहितों व निर्धनों को नकद धनराशि और वस्त्र आदि दान किए। स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। ब्रजघाट में जहां शहरी क्षेत्रों के लोगों की ज्यादा संख्या देखने को मिली तो वहीं तिगरी में ग्रामीण आंचलिक क्षेत्र के श्रद्धालु ज्यादा पहुंचे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने ब्रजघाट के मंदिरो के दर्शन किए। भाद्रपद पूर्णिमा के महत्तव के बारे में बताया जाता है कि भद्रा माह भगवान विष्णु के लिए विशेष माना जाता है। यही कारण है कि इस पूर्णिमा की रात को भगवान विष्णु जी की पूजा की जाती है। विष्णु के सत्यनारायण रूप की पूजा की जाती है। बहुत से लोग भद्र महीने के इस दिन पर अपने घरों में सत्यनारायण की पूजा करवाते हैं। भगवान सत्यनारायण के प्रसाद के रूप में फल, दूध, शहद और चीनी चढ़ाई जाता है और कथा सुनाई जाती है। वहीं रविवार से श्राद्ध पक्ष प्रारंभ हो गया है। उधर पूर्णिमा स्नान के चलते दोनों स्थानों सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और स्थानीय गोताखोर भी मौजूद थे। बार बार पुलिस और गंगा समिति के लोग एनाउसमेंट करके श्रद्धालुओं को किनारे पर ही स्नान के लिये जागरूक कर रहे थे, क्योंकि इन दिनों गंगा के जलस्तर का काफी ज्यादा देखने को मिल रहा है।

# उधार के दस लाख मांगे तो गंडासे से किया हमला

### दबंग हमलावरों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** उधार के दस लाख रूपये मांगने पर दबंगों ने गंडासे से हमला कर लहुलूहान कर दिया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चकली निवासी कौशर पेशे से कारोबारी हैं। एफआईआर के मुताबिक मोहल्ला हक्कानी में रहने वाले सगे भाई रहीसुद्दीन व जाबिर के साथ उनका कारोबार था, जिसमें पैसों का लेनदेन भी चलता था। आरोप है कि दोनों पर कारोबार से जुड़े करीब दस लाख रुपये काफी समय से बकाया चल रहे थे। बार-बार टोकने के बाद भी दोनों भाई किसी सूरत पैसे देने के लिए राजी नहीं हो रहे थे। कारोबार से जुड़े इसी नुकसान के चलते कौशर का स्वास्थ्य खराब रहने लगा। घटना 4 सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। परेशान होकर कौशर ने अपने छोटे भाई यूसुफ को आरोपियों के पास तकादा करने के लिए भेजा तो वह भड़क गए। पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया, गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि गालियां देने का विरोध करने पर जाबिर ने भाई रहीसुद्दीन व बेटे अहद के अलावा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर यूसुफ पर हमला कर दिया। तीनों ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। इतना ही नहीं गंडासे से वार कर बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। सिर में गहरी चोट लगने से यूसुफ बेहोश होकर वहीं सड़क पर गिर गया। हमले में उसका कान फटने के साथ बायां हाथ भी टूट गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां यूसुफ अधमरी हालत में मिला। परिजनों ने फौरन ही उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, बाद में पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में तीन नामजद समेत दो अज्ञात हमलवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही। बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द में जमीनी विवाद को लेकर बुलाई गई पंचायत के बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गये। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। आरोप है कि एक पक्ष ने विरोधी पक्ष से जमकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। सूत्रों के अनुसार, गांव के बाहर स्थित कृषि भूमि को लेकर दोनों पक्षों में लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। इसी को निपटाने के लिए ग्रामीणों ने पंचायत बुलाई थी। शुरुआत में पंचायत में समझौते की बात चली। लेकिन अचानक माहौल गर्म हो गया। इसके बाद पंचायत खत्म हो गई। इसके बाद एक पक्ष अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान दूसरा पक्ष गाली-गलौज करने लगा। बाद दोनों ओर से धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रेमी को जहर देकर मारने का आरोप

# शिक्षिका समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दुष्कर्म के आरोपी फैसल की जहर के सेवन से हुई मौत के मामले में शिक्षिका समेत दो-तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। मामला तब काफी सुर्खियों में रहा था। दोनों का निकाहनामा भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

जानकारी के मुताबिक नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बीलना निवासी युवक फैसल स्थानीय एक इंटर कॉलेज में संविदा शिक्षक था। उसी दौरान फैसल का कॉलेज में पढ़ाने वाली एक शिक्षिका से प्रेम-प्रसंग हो गया था। दरअसल, पति की मृत्यु होने पर आश्रित कोटे में शिक्षिका की नौकरी लगी थी। इसके बाद दोनों किराए का मकान लेकर साथ रहने लगे थे। चर्चा था कि खामोशी से निकाह भी कर लिया था लेकिन बाद में विवाद होने पर शिक्षिका ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए फैसल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से छूटकर आने के बाद से आरोपी फैसल शिक्षिका पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था, डराने धमकाने के लिए वह फेसबुक पर या व्हाट्सऐप स्टेट्स पर धमकी भरे मैसेज भी अपलोड करता था। 19 अप्रैल को फैसल ने कॉलेज पहुंच शिक्षिका पर पिस्टल तान दिया था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस की तलाश के बीच थोड़ी देर में ही जहर के सेवन से फैसल की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव सुपुर्देखाक कर दिया था। मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई थी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर मृतक फैसल के पिता अशरफ ने अदालत की शरण ली थी। उनका आरोप था कि शिक्षिका ने फैसल को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। उसके साथ निकाह भी कर लिया था। बैंक में दोनों का संयुक्त खाता भी था। फैसल को मिलने वाला मानदेय के अलावा उसे ट्यूशन पढ़ाकर मिलने वाले पैसे शिक्षिका अपने पास रखती थी जो करीब दस लाख थे। शिक्षिका ने फैसल से एक प्लॉट खरीदवाकर वह भी अपने नाम करा लिया था। प्लॉट और पैसा हड़पने के इरादे से शिक्षिका ने फैसल पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद तीन साथियों की मदद से जबरन जहर खिलाकर हत्या कर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले अदालत के आदेश पर शिक्षिका समेत तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## घर से प्रेमी संग गायब हुई युवती, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से 21 वर्षीय युवती गायब हो गई। उसके पिता व परिजनों ने उसकी काफी स्थानों पर तलाश की मगर उसका कुछ पता नहीं चल सका। पिता ने एक युवक पर अपनी पुत्री को भगाकर ले जाने के संदेह में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती रात को अपने घर पर सोई थी मगर सुबह जब पिता की आंख खुली तो युवती वहां पर नहीं थी। उसने आसपास के लोगों से जानकारी की मगर युवती का कुछ नहीं पता चला। जिसके बाद ग्रामीण ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और एक युवक पर अपनी बेटी को घर से भगाकर ले जाने का संदेह भी जताया है।

# महिला सफाई कर्मी से छेड़खानी-मारपीट

### पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला सफाई कर्मचारी से युवक ने ड्यूटी के दौरान छेड़खानी की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। यहां रहने वाली एक महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। परिवार की आजीविका चलाने के लिए वह नगर पालिका अमरोहा में बतौर ठेका सफाई कर्मी नौकरी करती है। वर्तमान में ड्यूटी मोहल्ला पीरगढ़ (पुराना रोडवेज) पर चल रही है। महिला सफाईकर्मी का आरोप है कि मोहल्ला पुष्कर नगर का रहने वाला युवक रजत पति की मृत्यु के बाद से ही उस पर बुरी नजर रखता है। यह घटना एक सितंबर की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। महिला सफाईकर्मी अपनी ड्यूटी कर रही थी। आरोप है कि अचानक वहां पहुंचा रजत छेड़छाड़ करने लगा, महिला सफाईकर्मी ने जब उसकी इस हरकत का विरोध किया तो उसने गालियां देनी शुरू कर दी। इसके बाद नाली में गिराकर बेरहमी से पिटाई की। शोर मचाने पर ड्यूटी पर मौजूद दूसरे सफाईकर्मी व राहगीर एकत्र हो गए। खुद को घिरता हुआ देख आरोपी रजत किसी से भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। घटना में सिर में चोट लगने से महिला सफाईकर्मी गंभीर घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने तहरीर के आधार पर आरोपी रजत के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

### टीचर्स कॉलोनी में 14 सितम्बर तक होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में लीन थीं। कथावाचक एक वाहन में सवार होकर सभी को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे।



बता दें कि नगर के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी में रविवार से साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ हुआ। सुबह के सात बजे महिलाओं ने बुधबाजार से कलश यात्रा निकाली, कलश यात्रा में शामिल महिलाएं अपने सिरों पर कलश रखकर भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहीं थीं। पूर्ण वातावरण भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में सराबोर था। बिजनौर के जलीलपुर स्थित श्री राधेकृष्ण कृपा धाम आश्रम से पधारे कथावाचक श्री कृष्णकांत शास्त्री एक वाहन में सवार होकर सभी को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। 13 सितम्बर तक प्रतिदिन सांय सात बजे से रात्रि दस बजे तक कथा होगी जबकि 14 सितम्बर को पूर्ण आहूति के बाद कथा का समापन होगा। इस मौके पर मुख्य यजमान विजयपाल सिंह व उनकी पत्नी आशा देवी के साथ साथ कविता, ममता, पूनम, सुमन, नीतू, सोनम, मधु, किरन, खुशबू, हर्षिता, शालू, बबीता, लक्ष्मी आदि महिलाएं मौजूद रहे।

# मंगेतर को छोड़ युवती प्रेमी के साथ फरार

### तीन लाख के जेवर भी ले गई, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रिश्ता होने के बावजूद युवती तीन लाख के सोने चांदी के जेवर लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। परिजनों ने युवक व उसके दो साथियों पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

मामला शहर के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने करीब दो महीने पूर्व अपनी छोटी बहन का रिश्ता बिरादरी के ही एक युवक के साथ तय किया था। घर में शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी थीं। परिजन जेवरात व अन्य जरूरी सामान की खरीदारी कर रहे थे लेकिन युवती का प्रेम-प्रसंग पास के ही एक मोहल्ले में रहने वाले परिवार के परिचित युवक से चल रहा था। परिजन इस बात से पूरी तरह अंजान थे। घटना बीती एक सितंबर की रात करीब सवा दस बजे की है। परिजन अपने-अपने कामों में लगे हुए थे। उसी बीच मौका पाकर युवती घर से निकल गई। इसके बाद परिजनों ने मोहल्ले में काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। खोजबीन के बीच किसी ने बताया कि उसने युवती को मोहल्ला छतरीबाग (कुरैशी) में रहने वाले आजिब के साथ जाते हुए देखा है। दोनों का काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। घर वापस लौटे परिजनों ने जब अलमारी की तलाशी ली तो उसमें रखे करीब तीन लाख रुपये की कीमत के जेवरात गायब मिलने पर होश उड़ गए। शनिवार को मामले में शहर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में आजिब, हसीब, राजा व शाने मिस्त्री के खिलाफ युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए युवती को जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# कड़ी सुरक्षा में जीशान का शव सुपुर्दे खाक

### हत्या के संबंध में पुलिस को नगर के युवक पर शक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उझारी।** एल्मूनियम कारीगर जीशान के हत्यारोपी पुलिस पकड़ से दूर हैं। पुलिस शक के आधार पर नगर के ही एक युवक की तलाश में है। उधर कड़ी सुरक्षा के बीच मृतक के शव का आज अन्तिम संस्कार कर दिया गया।



बताते चलें कि सैदनगली थाना क्षेत्र के कस्बे के मोहल्ला कुम्हारान वाला के रहने वाले अनीस के सबसे छोटे बेटे जीशान जोकि दिल्ली में एल्मूनियम कारीगर था। बीते दिन जीशान (22) का शव बंद इकौंदा मार्ग पर पड़ी मैंथा फैक्ट्री में पड़ा मिला था। उसके चेहरे, सिर व गर्दन व सिर पर धारदार हथियार से वार किये गये थे। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी तथा हत्या के संबंध में तमाम साक्ष्य जुटाए थे। आज शाम तीन बजे मृतक का शव पीएम के बाद घर पहुंचा तथा पांच बजे मृतक के अवाई कब्रिस्तान में शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। नगर के मोहल्ला नौरंगाबाद के बिलाल पुत्र नईम के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। आरोपी घर से फरार है। चर्चा है कि जीशान की हत्या के तार नशेड़ी युवकों से जुड़े हैं। दरअसल मृतक व हत्यारोपी नशा करते थे। ऐसी कस्बे में लोगों के बीच चर्चा है। पुलिस लगातार युवक की तलाश में जुटी है। पुलिस का दावा है कि वह जल्द ही एल्मूनियम कारोबारी की हत्या का खुलासा कर देगी।

# 5 अक्तूबर को महासम्मेलन में जाएंगी आंगनबाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की जिलाध्यक्षा सत्यबाला चौधरी ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार से अपनी मांगे पूरी करने का आह्वान किया। रविवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्षा ने कहा कि आंगनबाड़ियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तो वहीं गुजरात हाईकोर्ट के आदेशानुसार वेतन एवं फंड पेंशन की व्यवस्था लागू करने, रिटायरमेंट पर पेंशन या एकमुश्त धनराशि देने, रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष करने, पोषण ट्रैकर एप पर ऑनलाइन कार्य करने के लिए अलग से 2500 रूपए प्रतिमाह भत्ता दिया जाए।

**संगठन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित**



गजरौला। आंगनबाड़ी बैठक को संबोधित करतीं जिलाध्यक्षा सत्यबाला चौधरी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन सब मांगो को लेकर आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर 05 अक्टूबर को लखनऊ के ईको पार्क में होने वाले प्रदेश स्तरीय संयुक्त महासम्मेलन में भारी संख्या में आंगनबाड़ी प्रस्थान करेंगी। बैठक में शारदा, सुधा, माया वर्मा, सुमन, शहाना बी, कौशल्या गौतम, रीना, शीतल यादव, सीमा, बबीता, ममता चौहान, रेखा, विमलेश, चन्द्रमुखी, कुलदीप कौर, रागनी सक्सैना आदि मौजूद रहे।

# दूसरे गांव में जाकर वोट न डालने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक के चचोरा और भोगपुरा गाँवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की खराब हालत ने ग्रामीणों में भारी रोष पैदा कर दिया है। यह रास्ता केवल इन दो गाँवों को ही नहीं बल्कि आसपास के 15-20 गाँवों को भी जोड़ता है। लेकिन लंबे समय से इसकी उपेक्षा की जा रही है। भोगपुरा के ग्रामीण जिनकी ग्राम पंचायत चचोरा से जुड़ी है। वोट डालने के लिए इसी रास्ते से होकर जाते हैं। घ्ग्रामीणों का आरोप है कि आजादी के बाद से अब तक जितनी भी सरकारें आई है।किसी ने भी इस सड़क की सुध नहीं ली। कई बार आला अधिकारियों और ग्राम प्रधान से शिकायतें करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। सरकार ष्गाँव से गाँव को पक्की सड़क से जोड़नेष का नारा तो देती है। लेकिन धरातल पर स्थिति बिलकुल विपरीत है। थोड़ी सी भी बारिश होने पर यह रास्ता तालाब में तब्दील हो जाता है। जिससे पैदल और वाहन दोनों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। कीचड़ और जलभराव के कारण गाँव में नाना प्रकार की बीमारियाँ भी फैल रही हैं, जिससे ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी खतरे में है।घ्भोगपुरा गाँव के लिए मेन हाईवे से कोई भी पक्की सड़क नहीं है, और इस समस्या ने ग्रामीणों को इतना निराश कर दिया है कि उन्होंने आने वाले चुनावों में मतदान का बहिष्कार करने का फैसला किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी सड़क की समस्या का समाधान नहीं हो जाता वे वोट डालने के लिए दूसरे गाँव नहीं जाएँगे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मनवीर सिंह, रोहन सिंह, चंद्रपाल गौतम, कैलाश गौतम, राकेश सिंह, जगबीर सिंह, अनिल ठाकुर, सुंदर शर्मा, अमित शर्मा, मेघ सिंह, बनवारी लाल, हरपाल यादव, कैलाश यादव और सुनील शर्मा सहित समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

# महाराजा शूरसैन की शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब

## शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रविवार को सैनी समाज के तत्वाधान में महाराजा शूरसैनी की भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ गांव पत्थरकुटी स्थित सैनी स्मारक स्कूल से हुआ। मुख्य अतिथि नूरपुर विधायक रामावतार सैनी, हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी, पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी व चंद्रपाल सैनी, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, बजरंग दल जिलाध्यक्ष अशोक सैनी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा नगर के बाइपास मार्ग, गोलघर तिराहा, कंचन बाजार चौराहा, हरदेव बाजार, बड़ा फाटक, कटरा मोहल्ला, तिकोनी स्कूल और बाल्मीकि चौराहा से होती हुई सैनी धर्मशाला पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में महाराजा शूरसैनी का रथ, शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण सहित दर्जनों झांकियां निकाली गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और स्वागत द्वारों से शोभायात्रा का अभिनंदन किया। इस दौरान युवा अग्रवाल सभा अध्यक्ष अक्षय अग्रवाल के नेतृत्व में युवाओं ने शोभायात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत कर माहौल को उल्लासमय बना दिया।

शोभायात्रा से पूर्व नगर के द सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल में महाराजा शूरसैनी सभा की बैठक हुई। अतिथियों ने महाराजा शूरसैनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बैठक में हसनपुर चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा शिक्षा ही संपूर्ण विकास का केंद्र है। समाज को राजनीति में भी अपनी भागीदारी बढ़ानी होगी। नूरपुर विधायक रामावतार सैनी ने कहा एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सैनी सभा अध्यक्ष सौरभ सैनी ने कहा यह शोभायात्रा समाज की आस्था और एकजुटता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य है कि शिक्षा, सेवा और संगठन के बल पर सैनी समाज को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने कहा आज जिस उत्साह और संख्या में समाज के लोग जुटे हैं, वह समाज के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। राजनीति, शिक्षा और समाज सेवा में हमें अपनी ताकत को पहचानना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों को पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अशोक सैनी, राजेन्द्र सैनी, कुबेर सैनी, देशराज सैनी, मंगत राम सैनी, शंकर लाल सैनी, नरेश सैनी, राजकुमार सैनी, पवन सैनी, अंकित सैनी, ओमप्रकाश सैनी, नरेंद्र सैनी, राजीव सैनी, राजवीर सैनी, सुरेश सैनी ,संजीव सैनी ,विनेश सैनी , सतवीर सैनी ,रोहित सैनी , अर्जुन सैनी ,सतपाल सैनी ,जसपाल सैनी ,रितिक सैनी, लोकेश सैनी, गोल्डी सैनी, सहित भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। पूरा नगर महाराजा शूरसैनी की जयकारों से गूंज उठा।

## जुआ खेलने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे जुए के कारोबार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेलते नजर आ रहे हैं। जबकि अन्य लोग उनके पास खड़े हैं। यह वीडियो हसनपुर के गांव का बताया जा रहा है, जहां लुहारी खादर, गुलामपुर, और डाकेवाली जैसे इलाकों में जुआ धड़ल्ले से चल रहा है।वायरल वीडियो में जुआरियों के बुलंद हौसले साफ देखे जा सकते हैं। इस अवैध कारोबार में न केवल अमरोहा, बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग शामिल हो रहे हैं और प्रतिदिन लाखों रुपये का जुआ खेला जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया है और अधिकारियों ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों को जमीयत भेजेगी मद्द

## नौगांवा इकाई ने 3 लाख 60 हजार का सामान भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जमीयत उलमा-ए-हिन्द की तहसील नौगावां सादात इकाई ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को मदद भेजी है। प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुर्रहमान कासमी ने बताया कि जमीयत उलमा-ए-हिन्द की तहसील नौगावां सादात और इसकी शाखाएं बीलना, कलामपुर और बांसखेड़ी ने अपनी दीनी, इंसानी जिम्मेदारी को समझते हुए पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद का प्रबंध किया है। तीन लाख 60 हजार रुपये और जरूरी सामान इकट्ठा कर रविवार को कारी मोहम्मद यामीन सेक्रेटरी जमीअत उलमा-ए-हिन्द पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सौंपी गई। उन्होंने कहा कि बेशक यह कदम एक बड़ी नेकी, ईमानी गैरत और सामूहिक हमदर्दी का मिसाली नमूना है। हालांकि, इस सच्चाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बाढ़ से होने वाला नुकसान इस मदद से कहीं ज्यादा है। इसलिए यह अमल हम सबके लिए पैगाम है कि हम अपनी क्षमता के अनुसार बढ़-चढ़ कर इस नेकी में शामिल हों और अपने पीड़ित भाइयों के गम को अपना गम समझें। इस दौरान हाफिज मोहम्मद फरमान, मुफ्ती मोइनुद्दीन, कारी अब्दुल हफीज, मौलाना इब्राहीम, हाफिज शरीफ, मौलाना जुबैर साहब, उमर गालिब आदि मौजूद रहे




अमरोहा। भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करे क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया।

# जनसेवा को समर्पित भाजपा का संकल्प

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर चलेगा सेवा पखवाड़ाः सिसौदिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला का आयोजन भाजपा कार्यालय पर किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने की।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री सिसोदिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की जाएगी, जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान पार्टी बूथ स्तर से लेकर शक्ति केंद्र और मंडल स्तर तक सेवा व जनकल्याण के विविध कार्यक्रम आयोजित करेगी। पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर स्वच्छता अभियान फलों का वितरण महापुरुषों के स्मारकों की सफाई, असहायों लोगों की विभिन्न प्रकार से सहायता करना है। उन्होंने बताया कि देश के नाम मैराथन दौड़ का आयोजन भी किया जायेगा। श्री सिसोदिया ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी के "सेवा ही संगठन" के सिद्धांत को समर्पित है। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भी सेवा कार्यक्रमों के साथ मनाई जाएगी। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि भारत आज "लोकल फॉर वोकल" के जरिए आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ का जवाब देश स्वदेशी उत्पादों के माध्यम से देगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की विश्व मंच पर सराहना हो रही है। कार्यक्रम में हसनपुर विधायक महेंद्र खड़कवंशी, ओमप्रकाश गोला, गिरीश त्यागी, कमल चौधरी (गन्ना समिति अध्यक्ष), ऋषिपाल नगर, ममता गुर्जर, कुसुम अग्रवाल, चंद्रभान भाटी, राजू राणा, सत्येंद्र त्यागी, अमित शर्मा, गौरव अग्रवाल, रविंद्र सैनी, रमेश कलाल, कपिल चौधरी, राजीव कुमार समेत अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मानसिक रूप से कमजोर बच्चों का परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** मानसिक रूप से कमजोर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की। डिडौली में प्रफुल विजय शंकर मुम्बई द्वारा संच.ालित होप फोर होपलेस होम्योपैथी कैम्प का आयोजन सुशीला देवी किसान इंटर कालेज में हुआ। जिसमें नौ सौ कमजोर एवं मानसिक रूप से कमजोर लोगों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया तथा उन्हें निशुल्क दवा दी गयी। इस अवसर पर डा. नीरज मलिक, डा रिचा मलिक, डा. किरन शर्मा डा सुन्दर सिंह, डा. संदीप, शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता, संदीप पंवार, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने जाहरवीर मठ पर चढ़ाया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दो दिवसीय छड़ी मेले में जाहरवीर के मठ पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी गई। महिलाओं एवं बच्चों ने अपनी जरूरत के मुताबिक सम्मान की खरीदारी की।

तहसील क्षेत्र के गांव कूटी दौलतपुर में प्राचीन समय से जाहरवीर के मठ पर छड़ी मेले का आयोजन किया जाता रहा है। श्रद्धांलुओं द्वारा यहां पर जाहरवीर के मठ पर प्रसाद चढ़ाने के बाद मन्नतें मांगी जाती है। मान्यता है कि श्रद्धांलु जब यहां प्रसाद चढ़ाने के बाद मन्नत मांगते हैं तो उनकी मनो. कामना पूरी हो जाती है। कूटी दौलतपुर छड़ी मेले में लंबे समय से कुश्ती दंगल का आयोजन होता था। लेकिन इस बार बरसात अधिक होने के कारण कुश्ती दंगल को कैंसिल कर दिया गया है। छड़ी मेले में महिलाओं द्वारा अपनी जरूरत के सामान की खरीदारी की गई। जबके बच्चों द्वारा खिलौने को खरीदा गया। चाऊमीन, पकौड़ी, जलेबी गोलगप्पे आदि के स्टालों पर महिलाओं एवं बच्चों की भारी भीड़ लगी हुई थी। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। आयोजक कमेटी के अध्यक्ष लोकेश विधुड़ी ने बताया की छड़ी मेला का आयोजन दो दिनों का है। इस अवसर पर रविंद्र सिंह, जितेंद्र प्रजा. पति, अमित, जितेंद्र सैनी, हितेंद्र, धर्मेंद्र आदि मौजूद थे।

# रामलीला समिति के अध्यक्ष बने जगबीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ इकाई ने आदर्श भारतीय रामलीला समिति रहरा अड्डा के नवनियुक्त अध्यक्ष जगवीर सिंह मौर्य का उनके प्रतिष्ठान पर गर्मजोशी से स्वागत किया।

रविवार को संगठन के अध्यक्ष रामवीर सिंह के नेतृत्व में उनके साथियों ने जगवीर सिंह मौर्य को माला पहनाकर और गुलदस्ता भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन जगवीर सिंह मौर्य के प्रतिष्ठान पर किया गया था। जिसमें दोनों संगठनों के सदस्यों ने सौहार्दपूर्ण माहौल में एक-दूसरे को बधाई दी। रामवीर सिंह ने जगवीर सिंह मौर्य को अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में रामलीला कमेटी और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि संगठन भविष्य में सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक विकास के लिए मिलकर अच्छा काम करेंगे। नवनियुक्त रामलीला समिति के अध्यक्ष जगवीर सिंह मौर्य ने भी संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के महामंत्री विनोद कुमार गौतम, करणवीर सिंह, रोशनलाल, सुरेश सिंह, कमल सिंह, नबावसैफी, संजीव कुमार,नवल किशोर राणा,गुडडु गौतम, डॉ अशोक कुमार,प्रीतम सिंह मौर्य, पप्पू सिंह,हरि सिंह, हरिओम राणा,अजय सैनी,जय मिश्रा, राकेश राणा आदि मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर होगा मेधावियों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती पर कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव घर-घर जाकर 17 सितंबर को गजरौला पहुंचने का आह्वान किया है । श्री विश्वकर्मा सेवा समिति के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह के साथ कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के गांव रसूलपुर, देवीपुरा, खाता,दौलतपुर, गजरौला प्रभुवन, जोया समेत दो दर्जन से अधिक गांव में जनसंपर्क किया स अहमदपुर देवीपुर में आयोजित बैठक में कोषाध्यक्ष सेवा निर्वत दरोगा श्योराज सिंह विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर समाज के नर्सरी से स्नातक तक के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर सोनू विश्वकर्मा अनिल कुमार, तुलसीदास, हर्ष रूप सिंह, विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

# केदारनाथ से पदयात्रा कर लौटने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाबा केदारनाथ की सफल पदयात्रा पूरी कर रविवार को हसनपुर नगर लौटे दो युवाओं का यहाँ जोरदार स्वागत किया गया। युवा अग्रवाल सभा और नगर वासियों ने मिलकर पुष्प वर्षा और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया। हसनपुर नगर निवासी निवासी अनमोल अग्रवाल और अनिल यादव बाबा केदारनाथ की यात्रा पर गये थे। जैसे ही वे दोपहर वापस नगर पहुँचे उनका स्वागत करने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। युवा अग्रवाल सभा ने उनके स्वागत के लिए खास तैयारी की थी। डीजे पर बज रहे भक्ति भजनों के बीच अनमोल अग्रवाल और अनिल यादव का माला पहनाकर और पुष्प वर्षा करके सम्मान किया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के लोगों ने उनकी इस धार्मिक यात्रा की सराहना की और उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर सुमित अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अनूप त्यागी, संजय अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, अमन अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, यश अग्रवाल, देव अग्रवाल और विदित उमंग सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर केदारनाथ से लौटे भक्तों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल बन गया। इस तरह का स्वागत यह दर्शाता है कि धार्मिक यात्राओं के प्रति लोगों में कितनी आस्था और सम्मान है।

# सपा सभी विधानसभाओं के प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट करेगी नियुक्त

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को देखते हुए प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक मतदान स्थल (बूथ) पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के निर्देश जारी किए हैं। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने जिले की मासिक बैठक में कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर बीएलए 2 की नियुक्ति का काम तत्काल शुरू कर दिया गया है। इन एजेंटों की जिम्मेदारी होगी कि वे मतदाता सूची की शुद्धि एवं सुधार का कार्य सुनिश्चित करें। निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में सुधार कराया जाएगा। बीएलए 2 इसी प्रक्रिया में पार्टी की ओर से भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों की सभी विधानसभाओं के हर बूथ पर बीएलए 2 नियुक्त करें। आगामी 2027 की तैयारी हेतु कार्यकर्ता अपनी विधानसभा के बूथों पर पीडीए के तहत लोगों को जागकर पार्टी की नीतियां घर घर पहुंचाने का काम करें। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या पी गंग. वार, सपा युवजन सभा राष्ट्रीय




उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, सपा जिला उपाध्यक्ष मखदूम खान, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, सपा जिला उपाध्यक्ष बाल. कराम सागर, धनपति वर्मा एडवोकेट, सपा लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव अजय भारती, सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम, सपा कोषाध्यक्ष गयासुद्दीन, सपा जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, 127 सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज से घर जा रहे छात्र के साथ दो लोगों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के कालेज से घर लौट रहे छात्र पर दो लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित छात्र के भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।
मोहल्ला आदर्श नगर निवासी रविंद्र ने बताया कि उसका भाई रितिक नगर के एक कालेज में शिक्षा ग्रहण करता है। शनिवार को वह कालेज से घर लौट रहा था। रास्ते में नगर निवासी दो लोगों ने उसको रोक लिया। आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित छात्र ने घर जाकर मामले की जानकारी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार में पिकअप की साइड लगने पर हुई मारपीट, चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर कार में पिकअप की साइड लगने पर मारपीट होने पर दोनों पक्षों के चार लोग मामूली तौर पर चोटिल हो गए, जिन्हें सूचना पर पहुंची पुलिस अपनी हिरासत में ले आई।
दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे पर गढ़ क्षेत्र में रविवार की शाम को तेज रफ्तार में जा रही पिकअप की साइड डस्टर कार में लग गई, जिससे कार के शीशे टूटने पर चालक ने पीछा किया तो पिकअप चालक गाड़ी को लेकर भाग निकला। ब्रजघाट टोल प्लाजा को क्रॉस करने के दौरान बूम में भी नुकसान हो गया, परंतु आगे निकलने का मौका न मिलने पर चालक ने पिकअप को बैक कर लिया। जिससे पीछे खड़ी सेंट्रो कार समेत डस्टर कार में फिर से टक्कर हो गई। इसी बात को लेकर डस्टर चालक और पिकअप में सवार लोगों में मारपीट हो गई। जिसमें चार लोग चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस चारों को हिरासत में ले आई। पिकअप चालक का आरोप है कि डस्टर कार में साइड लगने का आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की गई है।

## डग्गामार वाहनों के खिलाफ शुरू की नई पहल, डंडा लेकर बैठे रोडवेज कर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर से मेरठ एवं अन्य दूसरे स्थानों को प्रतिदिन 60 से अधिक वाहनों का संचालन होता है। इनमें से कई वाहन तो पुलिस चौकी के पास से ही सवारियों को बैठाकर चलते हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को प्रतिदिन लाखों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। विभाग की आय बढ़ाने को लेकर रविवार को एआरएम अपनी टीम के साथ डिपो के सामने डंड़े लेकर बैठे तथा डग्गामार वाहनों को वहां से खदेड़ दिया। पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को डग्गामार वाहनों से प्रतिदिन दो लाख रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसी बात से नाराज एआरएम हेमंत मिश्रा के नेतृत्व में रविवार को निगम के कर्मचारियों ने डग्गामार वाहनों में सवारी नहीं बैठने देने के लिए अभियान चलाया। हेमंत मिश्रा अपनी टीम के साथ डिपो के सामने डंड़े लेकर बैठ गए तथा सवारी लेने का प्रयास करने वाले डग्गामार वाहनों को डिपो के सामने नहीं रूकने दिया। हेमंत मिश्रा ने बताया कि डिपो के पास 148 बस है, जिनमें से 110 बसों का प्रतिदिन संचालन हो रहा है। यह रोडवेज बस अलग अलग रूट के लिए प्रतिदिन 350 फेरे लगाती हैं। इस बीच गढ़ नगर के विभिन्न स्थानों से संचालित होने वाले डग्गामार वाहन रोडवेज बस अढे के सामने से सवारियां बैठाते हैं। इससे निगम को प्रतिदिन करीब दो लाख रुपये का नुकसान हो रहा हैं। डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए उन्होंने संबंधित विभागों को कई बार पत्राचार किया।

# डग्गामार वाहनों पर यातायात पुलिस का एक्शन



**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा डग्गामार वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सड़क पर अवैध रूप से संचालित, अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले तथा नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण हटवाते हुए विशेष चेकिंग अभियान में कुल 139 वाहनों के चालान की कार्यवाही की गई जिसमें 5 डग्गामार वाहनों व 134 अन्य वाहनों के चालान करते हुए 1,28,500 रुपए का शमन शुल्क अधिरो. पित किया गया एवं साथ ही यातायात पुलिस द्वारा जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया है।

## तीव्र बारिश होने की संभावना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 03 घंटों में निम्न जनपदों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बिजली चमकने और मध्यम से तीव्र बारिश होने की संभावना के 'ऑरेंज अलर्ट' की सूचना प्राप्त हुई है। 'अलीगढ, अमरोहा, बदायूँ, बागपत, बुलन्दशहर, एटा, फर्रुखाबाद, .बी.नगर, गाजियाबाद, हापुड, हरदोई, कन्नौज, कासगंज, लखनऊ, मेरठ।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बोबी हत्याकांडः पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

## सरधना में शनिवार को गणपति विसर्जन के जुलूस में चाकू घोंपकर की थी हत्या





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गणपति विसर्जन के दौरान हुए बोबी गौतम हत्याकांड में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। शनिवार रात्रि गणपति विर्सजन जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के दौरान बोबी गौतम नाम के युवक की चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने मामले के खुलासे के लिए कई टीमों को गठन किया था। पुलिस ने वीडियों के आधार पर इस हत्याकांड में शामिल 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें अभिषेक पुत्र कल्लू, शेखर उर्फ घोलू पुत्र कल्लू, आर्यन पुत्र सतपाल, रीतिक उर्फ बिल्लू पुत्र सतपाल निवासीगण बेग. माबाद थाना सरधना मेरठ शामिल है।

### पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ बोबी का अंतिम संस्कार

शनिवार रात्रि गणपति विसर्जन के दौरान हुए दो पक्षों के बीच झगड़े में हुई युवक की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस चौकी पर परिजन देर रात्रि तक जाम लगाकर बैठे रहें। अधिकारियों के समझाने के बाद ही परिजनों ने जाम खोला। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में ले ले लिया है, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। गौरतलब है कि नगर के पुलिस चौकी मंडी चमारान निवासी बोबी पुत्र नरेश (20) पर शनिवार रात्रि गणपति विर्सजन यात्रा में चाकूओं से हमला कर दिया गया था। लहुलूहान अवस्था में नगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डाक्टरों ने गंभीर हालत के चलते मेरठ रेफर किया था जहां डाक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। बोबी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसी के विरोध में परिजनों ने पुलिस चौकी बस स्टैंड पर जाम लगा दिया था। देर रात्रि करीब 2 बजे मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने परिजनों को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की आश्वासन दिलाया था। पुलिस की मौजूदगी में ही मृतक युवक के शव को रविवार दोपहर तक पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद पहुंचे शव को देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बोबी की मां व बहन शव से लिपट-लिपटकर रो रही थी। इस दौरान कई थानों की पुलिस फोर्स की मौजूदगी में ही दौराला रोड शमशान घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पूर्व मौके पर पहुंचकर भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने अपना प्रदर्शन के रूप में विरोध जताया। मृतक के पिता नरेश शेखर पुत्र विरेन्द्र के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस घटना की वीडियों के आधार पर पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। इस हत्याकांड में जिस शेखर का नाम सामने आ रहा है वह कुछ दिन पूर्व ही एक हत्या के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया था।

## पीएल शर्मा रोड पर ई-रिक्शा लगा रहे हैं जाम, व्यापारी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पीएल शर्मा रोड पर ई-रिक्शा और टेम्पो की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह शब्द पीएल शर्मा रोड व्यापार संगठन के अध्यक्ष संजय कुमार गोयल ने कही उन्होंने कहा कि बेग. मपुल से सटे इस रोड पर ई-रिक्शा और टेम्पो का आतंक इतना बढ़ गया है कि अब यह रोड जाम की समस्या का केंद्र बन गया है। पहले ई-रिक्शा बेगम पुल पर सवारी लेकर चले जाते थे, लेकिन जबसे बेगमपुल को नो ई रिक्शा जोन पुलिस प्रशासन ने घोषित किया है तभी से पी एल शर्मा रोड के शुरुआत में हर समय ई रिक्शा खड़े रहते हैं। जिससे ग्राहकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग करते हुए पीएल शर्मा रोड के व्यापारियों को निजात दिलाने की मांग की है।

## मेरठ पुलिस ने पकड़ा फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज

**छह गिरफ्तार, कई उपकरण भी बरामद**



आरोपियों के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी व सीओ।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस ने लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में एक अवैध टेलीफोन एक्सचेंज का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने छह आरो. पियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें आस मोहम्मद व मोहम्मद चांद उर्फ सोनू, कासिम, लक्खीपुरा जामिया चौक गली नंबर 2, कासिम व हाशिम लक्खीपुरा, सरफराज और मोहम्मद इमरान कांच का पुल शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने फर्जी एक्सचेंज चलाने के कई दस्तावेज बरामद किये है जिसमें 32 सिम कार्ड, वी-फी लैपटॉप शामिल है। एसपी सिटी व सीओ ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी एक्सचेंज चला रहे हैं जिसको लेकर थाना लिसाड़ी गेट पुलिस, साइबर पुलिस के साथ-साथ स्वाट टीम व दूर संचार विभाग की टीम के सहयोग से आरोपियों को पकड़ा गया है। आरा. ेपी देशी और विदेशी VOIP कॉल्स को लोकल कॉल में बदलकर टैक्स चोरी और धोखाधड़ी कर रहे थे, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा था। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग अलाउद्दीन के चार गुर्गे पकड़े

### खातों की जांच में जुटी पुलिस, करेगी खुलासा

**कई राज्यों में लोगों से की है करोड़ों रुपये की साइबर ठगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अंतरराज्यीय साइबर ठग अलाउद्दीन मलिक भले ही जेल चला गया। उसके गुर्गे अभी भी साइबर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। साइबर सेल और लिसाड़ीगेट पुलिस ने अलाउद्दीन के चार गुर्गों को लैपटाप के साथ पकड़ लिया है।

आरोपित पिछले काफी दिनों से करोड़ों की रकम की ठगी कर चुके है। लैपटॉप से पुलिस जांच कर रही है कि अभी तक कितने लोगों से ठगी कर रकम खातों से स्थानांतरण करा चुके है। उनके सभी बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। भाजपा से जुड़े अय्यूब मलिक निवासी बिजली बंबा का बेटा अलाउद्दीन मलिक दुबई में बैठकर उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा, झारखंड और दिल्ली राज्य के कई शहरों में लोगों से करोड़ों की साइबर ठगी कर चुका है। पुलिस ने अलाउद्दीन के साथी वकार निवासी अहमद नगर लक्खीपुरा, शाहरूख निवासी सुहैल गार्डन मिलन पैलेस, मोनू निवासी अहमद नगर और समीर निवासी अहमद नगर को जेल भेज दिया। उनके कब्जे से बरामद 36 एटीएम कार्ड, 27 बैंक पासबुक, 16 सिम कार्ड, तीन चेक बुक, 10 मोबाइल बरामद हुए है।

## एक नजर

### आज तहसील सदर में होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस, डीएम करेंगे सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज यानि 8 सितंबर दिन सोमवार को जनपद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें डीएम मेरठ सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करेंगे। वहीं लोगों की समस्या सुनकर उनका निस्तारण किया जायेगा।

### मस्जिद कुरैशियान के पूर्व सदर इकबाल अहमद कुरैशी का इंतकाल, जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मवाना।** नगर के मोहल्ला खैरात अली निवासी इकबाल अहमद कुरैशी चंदा वालों का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनकी आयु 75 वर्ष थी और पिछले कई सालों से गुर्दों की बीमारी से जूझ रहे थे। सुभारती अस्पताल में सुबह के समय उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके इंतकाल की खबर से मवाना व आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका शव मस्जिद कुरैशियान के पास मोहल्ला खैरात अली में उनके घर पर लाया गया तो हजारों लोगों की भीड़ वहां पहुंच गई थी। उनके जनाजे में कई राजनीतिक हस्तियां और गणमान्य लोगों के अलावा क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूर्व विधायक योगेश वर्मा भी उनके जनाजे में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि इकबाल अहमद बहुत अच्छे इंसान थे और हमेशा दूसरों की मदद किया करते थे। मवाना-मुबारिकपुर रोड पर स्थित मेहंदी वाला कब्रिस्तान में हजारों लोगों की मौजूदगी में उनका शव सुपुर्द ए खाक किया गया। उनके परिवार में छह पुत्र व चार पुत्रियां हैं। वह नगर पालिका में ठेकेदारी किया करते थे और उनके पिता इब्राहिम कुरैशी नगर पालिका के सभासद रहे थे।

### अपना दल ( एस ) ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** अपना दल (एस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष मेरठ मंडल सुधीर पंवार की अगुवाई में हापुड़ में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में अक्षय कुमार, विनोद कुमार, नीरज गोयल और दिव्यांश गोयल को सक्रिय सदस्य बनाया गया। सुधीर पंवार ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान हर जिले में चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की। इस मौके पर वरिष्ठ नेता नीरज भारद्वाज, मनोज कुमार सिंह, अनुज शर्मा, आदेश त्यागी, अनिल गुप्ता, आरिफ चौधरी, मोबिन खान, नौशाद टियाला, वीर सिंह जाटव, प्रशांत त्यागी और उमेश वर्मा मौजूद रहे।

## भारत रक्षा मंच के चतुर्थ अखिल भारतीय अधिवेशन में सुनील भराला का संबोधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आगरा में आयोजित भारत रक्षा मंच के चतुर्थ अखिल भारतीय अधिवेशन को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक सुनील भराला ने संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रहित, भारतीयकरण, आंतरिक सुरक्षा, सांस्कृतिक गौरव तथा युवा शक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया गया।

भराला ने अपने संबोधन में कहा कि भारत इस समय अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। इनमें सनातन हिंदुओं की घटती जनसंख्या, आंतरिक सुरक्षा पर खतरे, रोहिंग्या घुसपैठ, आतंकवाद, तुष्टि करण की राजनीति, बेरोजगारी, तथा प्रधानमंत्री के खिलाफ भ्रामक प्रचार जैसे मुद्दे प्रमुख हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होकर आगे आना होगा और युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारत रक्षा मंच का यह अधिवेशन केवल संगठन को मजबूत करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और भारतीय करण के संकल्प को भी और अधिक दृढ़ करता है। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर सहित अनेक गणमान्य अतिथि, कार्यकर्ता और विचारक उपस्थित रहे। अधिवेशन में विभिन्न सत्रों के माध्यम से राष्ट्र की सुरक्षा नीति, सामाजिक उत्थान, शिक्षा एवं युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। अंत में सुनील भराला ने भारत रक्षा मंच के आयोजकों का आभार प्रकट किया और कहा कि इस तरह के अधिवेशन भारत के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय आ गया है जब हर भारतीय को राष्ट्रहित सर्वोपरि मानकर अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए।

## सपा की मीटिंग में पीडीए पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय जेल रोड पर मासिक मीटिंग संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने की संचालन महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी ने किया। जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए पंचायत का कार्यक्रम चल रहा है सभी कार्यकर्ताओं के क्षेत्र में पीडीए कार्यक्रम काफी संख्या में हो रहे हैं और आगे भी होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता को सपा कार्यकाल में हुए कार्य से अवगत काराए व अपने बूथ पर बीएलओ बुलाए महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी ने कहा कि सभी अपने-अपने बूथ पर वोट बढ़ाने का कार्य करें जिसमें मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष निरंजन सिंह पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष अहतेशाम इलाही, मेराज महलका, नूर मोहम्मद रहमानी, बाबर खान, सुभाष यादव, जिला महासचिव योगेंद्र जाटव, गुड्डू चौधरी, मुद्गुला यादव, नजमा अब्बासी, आस मोहम्मद, गौरव गुर्जर आदि रहे।

## गणेश विसर्जन के दौरान लापता बच्ची को पुलिस ने दो घंटे में किया बरामद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार को भोला झाल पर गणेश विसर्जन की मूर्ति का कार्यक्रम जानी पुलिस की निगरानी में संपन्न हुआ। इसी दौरान मेरठ की एक पांच साल की कनक पुत्री सोनू गणेश विसर्जन के दौरान लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी न मिलने पर परिजन थाना जानी पहुंचे जहां उन्होंने थाना प्रभारी को घटना के अवगत कराया। पुलिस ने बच्ची को तलाश करने के लिए चौकी इंचार्ज के नेतृत्व में टीम लगा दी। करीब दो घंटे में पुलिस ने कनक को बरामद कर लिया और उसकी दादी कमलेश पत्नी सुरेश सिंह के हवाले कर दिया। बच्ची की बरामदगी के बाद परिवार में खुशी की लहर थी। परिवार वालों ने चौकी प्रभारी व टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया है।

## मेरठ में उपजा की जिला कमेटी का गठन



कार्यकारिणी गठन के बाद खुशी जाहिर करते सदस्य।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शनिवार को उपजा की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें जिला कमेटी के गठन के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें दो संयोजक एक संरक्षक उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष आदि नियुक्त किए गए हैं।

इस मौके पर मौजूद समस्त पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन के साथ निभाते हुए संगठन को और मजबूत करने का आश्वासन दिया। सभा में मौजूद सभी पत्रकार साथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया। बैठक में संबोधन के दौरान जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव गौरव चौधरी ने कहा कि एकता ही किसी भी संगठन की सबसे मजबूत कड़ी होती है। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ पत्रकारों के उत्पीड़न, और उनके अधिकारों आदि मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान गठित की गई कार्यकारिणी में सुरेश चंद शर्मा को संरक्षक, मुकेश गुप्ता और संजीव शर्मा को संयोजक, चौधरी गौरव सिंह जो पूर्व में अध्यक्ष थे अध्यक्ष, सुनील तनेजा महामंत्री, हाशमे आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गये।

## तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** थाना क्षेत्र के गांव में तीन साल की बच्ची के साथ एक आरा. ेपी ने दुष्कर्म का प्रयास किया बच्ची की मां ने जानी थाने में तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया और बताया कि जानी क्षेत्र के गांव के ही एक व्यक्ति ने उसकी तीन वर्ष की बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया और आरोपी फरार हो गया। जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने पीड़ित बच्ची की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। रविवार को मुखबिर की सूचना पर जानी नहर पुल से सुमित पुत्र जगद. ीश को दबोच लिया। आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

## चोरों ने हजारों के केलों पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** अज्ञात चोरों ने खेत में खड़ी केले की फसल से हजारो रुपये के केले चोरी कर लिए। घटना के संबंधा में थाने में तहरीर दी गई है। सैयद हस्सान पुत्र नायाबुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया गडीना रोड पर उन्होंने अपने खेत में केले की फसल बो रखी है। अज्ञात चोरों ने उनके खेत से हजारों रुपए के केले चोरी कर लिए। पूर्व में भी खेत से कई बार केले चोरी हो चुके हैं। सैयद हस्सान का कहना है कि अगस्त माह में चार बार अज्ञात चोर उनके खेत से केले चोरी कर चुके है। हस्सान ने थाने में तहरीर देते हुए चोरो का पता लगाने व अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## शिक्षक दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज परिसर में हुआ पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा मेडिकल कॉलेज मेरठ परिसर में, पौधारोपण किया गया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप प्राचार्य डॉ. ज्ञानेश्वर टोंक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्षों को जीवनदाता माना गया है। वृक्ष हमें न केवल प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि छाया, फल, औषधि और वर्षा का आधार भी हैं। आज पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण की छात्र प्रतिनिधि डॉ. मीनाक्षी चौधरी ने बताया कि यह केवल प्रकृति की सेवा नहीं, बल्कि ईश्वर की आराधना और आने वाली पीढ़ियों के लिए पुण्य कार्य है। एक वृक्ष हजार पुत्रों के समान यह कहावत वृक्षारोपण की महत्ता को स्पष्ट करती है। डॉ. अनुज त्यागी प्रभारी उद्यान ने सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि अत्यंत हर्षोल्लास से सभी ने वृक्षारा. ेपण किया और अपने मन मस्तिष्क को ताजी ऊर्जा से फ्रुल्लित किया। इस अवसर पर डॉ. लोकेश कुमार, डॉ. प्रेम प्रकाश मिश्रा एवं डॉ. गणेश सिंह, मीनाक्षी चौधरी, रेनू मीणा, पायल चौहान, कोमल शर्मा एवं शेखर पाल, ऋषभ शर्मा, सौरभ सरोज, अभिनव आदर्श MBB सत्र 2022 तथा प्रियांशु सिंह सत्र 2023 आदि उपस्थित रहे।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना

### जमीयम उलेमा ए हिंद व समासेवियों ने किया सहयोग, कहा सब को हिस्सा लेना चाहिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** देश के राज्य पंजाब में आई भारी बाढ़ से मची तबाही से बे-घर व परेशान लोगों की मदद के लिए सरधना नगर के लोगों ने मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए कई वाहनों में सामान लादकर राहत साम्रगी रवाना की। इस दौरान जमीयम उलेमा ए हिंद के नेतृत्व में जुटाया गया सामान व राशन का सामान कई वाहनों में लादकर रविवार सुबह रवाना किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी शाहरूख आरिफ उर्फ बंटी कुरैशी, सभासद इमरान ठाकुर, मुफ्ती समद, कारी मोहसीन, मौलाना शहजादा, अतीक अहमद, डाक्टर वली समेत कई लोग साथ रहें। उन्होंने कहा कि इस आपदा के समय हमारा फर्ज है कि हम मिलकर पीड़ितों की मदद करें।

## किठौर थाना पुलिस ने किए तीन वारंटी गिरफ्तार, दो अवैध तमंचे व कारतूस बरामद



इमरान जहीर खालिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना किठौर पुलिस ने रविवार को अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी सफलता हासिल की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन वारंटियों को धर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया। थाना प्रभारी किठौर ने बताया कि ग्राम कायस्थ बड्ढा निवासी इमरान पुत्र मुन्शी को पुलिस ने गढ़ रोड खन्द्रावली सर्विस रोड से गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दूसरी गिरफ्तारी ग्राम जडौदा निवासी जहीर पुत्र सगीर की हुई। पुलिस टीम ने उसे महलवाला रोड स्थित खारिज पुल से दबोचा। जहीर के पास से भी 315 बोर का तमंचा और कारतूस मिला। वहीं, तीसरे वारंटी खालिद पुत्र गनी, निवासी ग्राम कायस्थ बड्ढा को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इमरान के खिलाफ हत्या का प्रयास, गौकशी, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट समेत 10 से अधिक संगीन मुकदमें दर्ज हैं। इसी तरह जहीर और खालिद भी गौवध अधिनियम व आर्म्स एक्ट के मामलों में वांछित चल रहे थे। पुलिस का कहना है कि अपराधियों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी हालत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## जयंत चौधरी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार को मेरठ करनाल मार्ग से होकर शामली जा रहें राष्ट्रीय लोकदल के पार्टी अध्यक्ष व सरकार में केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी को कार्यकर्ताओं ने दबथुवा में जोरदार स्वागत किया। कार्य कर्ताओं ने स्वागत के दौरान जयंत चौधरी को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरण सिंह की तस्वीर भी भेंट की। कार्यकर्ताओं ने गांव में एक कबड्डी स्टेडियम बनवाने की भी मांग की। जिस पर उन्होंने निर्माण कराने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जल्द ही कबड्डी स्टेडियम का निर्माण कराने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान धर्मेन्द्र दबथुवा, नरेश चौधरी, पवन चौधरी, अंकित दांतल, हरेन्द्र मैनेजर, गोपाल आदि मौजूद रहे।

# लुका छिपी खेलते समय एक किशोर के साथ दूसरे किशोर ने किया कुकर्म

- किशोर की पिता की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- दोनों आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र में एक हैरान कर देने का मामला सामने आया है। 6 सितंबर की देर शाम को 12 वर्षीय बच्चे के साथ एक नाबालिग लड़के ने कुकर्म किया।

आरोपियों 17 और दूसरा सहयोगी 15 वर्ष के पुलिस ने दो नाबालिग लड़कों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है । घटना उस समय हुई जब पीड़ित किशोर दोनों आरोपियों के साथ लुका छिपी खेल रहा था। किशोर रोते हुए घर पहुंचा, और किशोर ने अपनी मां को पूरी बात बताई। शुरु आत में मां लोक लाज के कारण चुप रही। जब यह बात पूरे मोहल्ले में फैल गई तो शनिवार को देर रात्रि किशोर की मां आरोपियों के घर शिकायत करने गई तो आरोपियों के परिवार वालों ने उनके साथ मारपीट की कर भगा दिया और जान से मारने की धमकी दी।

इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया फि पीड़ित परिवार से पूछताछ की और आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। किशोर के पिता की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किशोर को मेडिकल के लिए बरेली भेजा है।

## मस्जिद की दीवार पर रंग डालने पर दो समुदाय आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** करेली गांव में कुछ खुराफातियों ने मस्जिद की दीवार पर रंग डालकर माहौल खराब करने की कोशिश की। इसके बाद दो समुदाय के लोग आमने सामने आ गए। पुलिस ने दीवार साफ कराकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करेली गांव से शनिवार शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए लोग रामगंगा जा रहे थे। इसी बीच कुछ खुराफातियों ने मस्जिद की दीवार पर रंग डाल दिया। सूचना पर मुस्लिम समाज के लोग मौके पर एकत्र हो गए। उनका आरोप था कि जानबूझकर रंग डालकर माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विरोध करते हुए हंगामा किया। सुभाषनगर इंस्पेक्टर ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया।

# मकान गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग घायल

- एक की हालत नाजुक, जिला अस्पताल किया रेफर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक दमखोदा (रिछा) की ग्राम पंचायत डंडिया नगला में एक बड़ा हादसा होने बचा गया। गांव निवासी साबिर अली पुत्र हसन अली का पक्का मकान अचानक भर-भराकर गिर गया। इस हादसे में मकान के अंदर सो रहे परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। घायलों में साबिर अली की पत्नी फरहीन (39 वर्ष), पुत्री नूरी (18 वर्ष) और पुत्र ताबीज (17 वर्ष) शामिल हैं।

घायलों को उपचार के लिए सीएससी बहेड़ी लाया गया, जहां से नूरी की हालत गंभीर होने के कारण उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल बरेली में रेफर कर दिया गया है। अन्य दोनों घायल प्राथमिक उपचार के बाद अपने घर पर आ गए हैं। नूरी की हालत नाजुक होने के कारण उसका इलाज डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा है।

इधर उपजिला अधिकारी बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि मकान का लिंटर जर्जर होने के कारण गिर गया है। उन्होंने कहा कि परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। प्रशासन की ओर से घायलों के इलाज और परिवार की मदद के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पड़ोस के लोग पहुंच गए, और घायलों को निकाल. कर अस्पताल पहुंचाया। साबिर अली का परिवार इस हादसे से सदमे में है, और अब अपने परिजनों के जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

बहेड़ी तहसील में इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी मकान गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं।

## एक नजर

### किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले गया मुस्लिम युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दूसरे धर्म की एक किशोरी को एक मुस्लिम युवक बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया। इसकी जानकारी होने पर किशोरी की मां उसके घर पूछताछ करने के लिए गयी तो आरोपी के माता-पिता व अन्य परिजनों ने उसपर दबाव बनाया कि वह धर्म परिवर्तन कराकर अपनी बेटी का आरोपी के साथ निकाह करा दे। जिसका उसने विरोध किया तो उन्होंने उससे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। घटना की तहरीर किशोरी की मां की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है। नवाबगंज क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी अपने परिवार के साथ रहती है। शनिवार को वह सामान खरीदने के लिए बाजार जाने की बात कह कर गयी थी, जब काफी देर तक वह वापस नहीं आयी तो उसने बेटी की खोजबीन की। तब उसे पता चला कि गांव का ही एक मुस्लिम युवक उनकी बेटी को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। जिसपर वह उसके घर पूछताछ के लिए गयी, तो उसके माता-पिता व अन्य परिजन उस पर दबाव बनाने लगे कि वह अपनी बेटी का धर्म परिवर्तन कराकर उसका युवक से निकाह करा दें। जिसका उसने विरोध किया तो वह उससे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने लगे। घटना की तहरीर किशोरी की मां की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जय माता दी के उद्घोष के साथ निकली पगधर शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** कस्बे में शनिवार व रविवार की रात्रि में दो अलग-अलग पगधार शोभयात्रा निकाली गयीं। शोभायात्रा के शुरू होते ही पूरे नगर में जय माता दी के उद्घोष गूंजने लगे। पहली पगधार शोभायात्रा सुदामा मन्दिर के सामने स्थित ब्रह्मदेव स्थल से प्रारम्भ होकर वहीं वापस आकर समाप्त हुई।

दूसरी पगधार मां काली मन्दिर ( भगवान महर्षि कश्यप मठिया) से निकाली गयी। इसमें लोग हाथ में जलती मशालें ले माँ दुर्गा मां काली के जयकारे लगाते चल रहें थे। यह शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई प्राथमिक विद्यालय प्रथम के पास जाकर समाप्त हुईं। वापस अपने देवस्थलों पर आकर पूर्ण रात्रि कीर्तन आरती पूजन व प्रसाद वितरण किया गया। वीरपाल सागर, ओमप्रकाश कश्यप, सतीश कश्यप, अविनाश मिश्रा, हरिशंकर मौर्य, अनुभव शर्मा, श्यामलाल सागर, सर्वेश सागर, अरविन्द सागर, तेजपाल सागर, ओमचंद कश्यप, तुलाराम सागर, राकेश यादव, देवेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, गुड्डू यादव, सुरेन्द्र सागर, विशाल कश्यप, नारायण कश्यप, अर्जुन कश्यप, लाला कश्यप, रामचंद्र कश्यप, कन्हईलाल कश्यप, सुनील कश्यप, लालता प्रसाद मौर्य, गणेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### आकिल रिछा ब्लॉक के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, हुए सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** ब्लॉक रिछा में बेसिक शिक्षा परिषदीय द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में 460 शिक्षक-शिक्षिकाएं तैनात हैं। इनमें से ब्लॉक के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जोखनपुर के प्रधानाध्यापक मोहम्मद आकिल को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रुप में चुना गया है। उन्हें बरेली जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीएसए संजय सिंह और मुख्यालय बीईओ जगदीश चन्द्र जोशी द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मोहम्मद आकिल को यह सम्मान विद्यालय का वातावरण अच्छा रखने, शिक्षण कार्य बेहतर होने, साफ-सफाई आदि पर दिया गया है। ब्लॉक का सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान मिलने पर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जगदीश कुमार के अलावा शिक्षक नेता मोहम्मद हसन, मनोज गंगवार, चन्द्रसेन दिवाकर, प्रमोद गंगवार, पूर्व एआरपी व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह, हरीश गंगवार, उवैस खान, डा. देवकुमारी गंगवार, शिक्षक मोहम्मद शारिक, पूजा, रश्मि कंचन, ज्योति सिंह, वीरवती, ऊषा गंगवार आदि ने बधाई दी है।

# गांव के तालाब और निकासी की समस्या से त्रस्त ग्रामीण

- स्वास्थ्य संकट की लोगों में छाई आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंथरा में गंभीर समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। गांव के बीच बने तालाब में सभी घरों का गंदा पानी लगातार जमा हो रहा है जबकि पानी की निकासी के लिए कोई पक्की नाली या पाइपलाइन नहीं बनी है।

इस कारण यह तालाब अब गंदे पानी का दलदल बन चुका है। मच्छर पनपने लगे हैं जिससे डेंगू, मलेरिया, दस्त जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों का निकासी मार्ग पूरी तरह से बंद हो चुका है। रोजाना गंदगी और बदबू में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

महिला रेखा देवी, जसोदा देवी, बेंचे,हरनाम सिंह, सुरेन्द्र, मनोज, चेतराम आदि ग्रामीणों ने बताया घर जाने के लिए कीचड़ भरे रास्ते से होकर जाना पड़ता है, बच्चे और बुजुर्ग दिन-रात परेशान हैं। तालाब में गंदगी और मच्छर पनप रहे हैं, स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

तत्काल तालाब की सफाई करवाई जाए।

गंदे पानी की निकासी के लिए पक्की नाली या पाइपलाइन बनाई जाए।

जहां निकासी मार्ग बंद हैं, वहां तत्काल रास्ता खोला जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से आव्हान किया है कि उनकी समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाए, नहीं तो आने वाले दिनों में स्वास्थ्य संकट और विकराल रूप ले सकता है। वर्तमान में ग्रामवासी समाधान की आस में हैं, ताकि साफ-सुथरा व सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो सके।

## अब बिना अनुमति के नहीं हो सकेंगे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** अब होटल, बारात घर, लाउंज, रेस्टोरेंट, कम्यूनिटी हॉल, फार्म हाउस, बार व पार्टी हाल में कार्यक्रम कराने के लिए नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय से अनुमति लेनी जरूरी होगी। सिर्फ शादी, जन्मदिन और सगाई के कार्यक्रमों को अनुमति लेने से छूट दी गयी है। नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने इस संबंध में सीओ नगर, प्रथम, द्वितीय और तृतीय को निर्देश जारी किए हैं। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि अक्सर देखने में आया है कि नगर क्षेत्र स्थित होटल, बारात घर, लाउंज, रेस्टोरेंट, कम्यूनिटी हॉल, फार्म हाउस, बार व पार्टी हाल आदि में कार्यक्रमों के दौरान लड़ाई-झगड़े हुए, जिससे शांति व्यवस्था बिगड़ जाती है।

## पुलिस ने चाकू के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने एक आरोपी को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुये जेल भेजा दिया।



पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना मिली कि रहपुरा अंडर पास से कुछ दूरी पर नर्सरी के पास आरोपी अशोक पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम बेगमाबाद थाना खजुरिया जिला रामपुर को एक नाजायज अवैध चाकू है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी अशोक कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी की तलाशी में एक चाकू नाजायज बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अशिक्षित है और वह पिछले करीब पांच वर्षो से सटरिंग का काम करता है तथा शेष सफाई अपने वकील द्वारा न्यायालय में देना बताया। पुलिस ने संबधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार,चौकी प्रभारी अनूप सिंह, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह, हेड कांस्टेबल विक्की सिंह शामिल रहे।

# तोड़ दी फल विक्रेता की गर्दन की हड्डी

- स्मैक तस्करी के आरोपियों ने बुजुर्ग को बर्बरता से पीटकर मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** स्मैक तस्करी के आरोपियों ने फल विक्रेता को बर्बरता से पीटा। आरोपियों ने उसकी गर्दन तोड़ दी। इससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सीबीगंज में स्मैक तस्करी की मुखबिरी के शक में बुजुर्ग फल विक्रेता भूरे खां की हत्या गर्दन की हड्डी तोड़कर की गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। फिलहाल, दोनों हत्यारोपी घर से भाग गए हैं। दोनों पर अफीम, स्मैक आदि की तस्करी के कई मामले दर्ज हैं।



गांव तिलियापुर निवासी अजीम ने पुलिस को बताया कि उसके पिता भूरे खां (58) को बृहस्पतिवार शाम गांव के ही इमरान व वसीम घर से बुलाकर ले गए थे। दोनों को शक था कि वह जो चरस व स्मैक का धंधा करते हैं, भूरे खां उसकी मुखबिरी करते हैं। इसी रंजिश में दोनों ने तिलियापुर व परधौली गांव के बीच उनकी बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद उनको खाली भूखंड में फेंककर दोनों आरोपी भाग गए थे। अजीम ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपी काफी समय से स्मैक व चरस का धंधा कर रहे हैं। दोनों पर कई मुकदमे हैं और पुलिस उनकी तलाश करती रहती है। इलाज के दौरान शनिवार शाम को भूरे खां की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन लगातार थाने के चक्कर लगाते रहे, पर पलिस ने सुनवाई नहीं की। परिजनों ने थाने में हंगामा किया तो दोनों आरोपियों पर हत्या की रिपोर्ट लिखी गई। रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस ने शव परिवार को सौंप दिया।

### विवादों से पुराना नाता, जनप्रतिनिधि ने भी की थी शिकायत

सीबीगंज थाना प्रभारी सुरेंद्रपाल अपने अक्खड़ व्यवहार और फरियादियों की शिकायत न सुनने के लिए चर्चित हैं। एसएसपी ने उन्हें भरोसे के साथ फतेहगंज पश्चिमी जैसे महत्वपूर्ण थाने की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन वहां भी उनका यही रवैया बरकरार रहा।

जनता की लगातार शिकायतों के बाद एक स्थानीय जनप्रतिनिधि ने उनकी शिकायत एसएसपी से की थी। तब उन्हें वहां से हटाकर अपेक्षाकृत शांत सीबीगंज थाने में तैनात किया गया। यहां भी उनकी वजह से थाने में हंगामे की नौबत आ गई। शाहजहांपुर के सदर थाने में उनकी तैनाती काफी चर्चा में रही थी। वहां से केवल 52 दिन में हटा दिए गए थे।

> पोस्टमॉर्टम में गर्दन की हड्डी टूटने से भूरे खां की मौत की पुष्टि हुई है। उसके मुताबिक मुकदमे में धारा बढ़ा ली जाएगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> **अनुराग आर्य, एसएसपी**

## सास-बेटा बहू सम्मेलन में दी परिवार नियोजन की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देवरनियां।** ब्लॉक रिछा की ग्राम पंचायत पुरैनाताल में रविवार को महकमा-ए-सेहत की तरफ से सास-बेटा बहू सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें मुख्य बिन्दु परिवार नियोजन रहा, जिसपर चर्चा कर जुटी महिलाओं को जानकारी दी गई।

ब्लॉक की सीएचसी रिछा की ग्राम पंचायत पुरैनाताल में आशा संगनी संघ की ब्लॉक अध्यक्ष सुधा शर्मा के नेतृत्व में द्वारा आयोजित हुए सास-बेटा बहू सम्मेलन मेंं लाभार्थियों को परिवार नियोजन स्थाई, अस्थाई संसाधनों की बारिकियां समझाई गईं। इसके अलावा प्रसव पूर्व जांच, नवजात शिशु देखभाल और सम्पूर्ण टीकाकरण आदि के बारे मेंं बताया। सम्मेलन में गांव की सास-बहू महिलाएं शामिल हुईं। इसके अलावा आशा निशा चौधरी, जयदेवी, ज्योति, फूलवती शर्मा, कुशुम देवी आदि प्रमुख शामिल रहीं। आशा संगनी संघ की ब्लॉक अध्यक्ष सुधा शर्मा ने सभी का आभार जताया, और लाभार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### शमशान भूमि उत्थान समिति के सुरेन्द्र सक्सेना बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** रविवार को श्मशान भूमि उत्थान समिति के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सुरेन्द्र सक्सेना ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी व्यापारी नेता प्रेम प्रकाश रस्तोगी को नौ वोटों से हरा दिया, उन्हें 27 वोट मिले, जबकि प्रेमप्रकाश रस्तोगी को 18 वोट मिले। वहीं अन्य पदों पर दो दिन पूर्व सर्वसम्मति से चुनाव हो गया था। इस दौरान महामंत्री धर्मपाल सिंह यादव, उपाध्यक्ष राम किशोर आर्य, राजेन्द्र प्रसाद कटियार, मंत्री मनोज गुप्ता, दिलीप गुप्ता, कमल किशोर आर्य, कोषाध्यक्ष महेन्द्रपाल आर्य, आडीटर प्रिंस कपूर, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश गुप्ता, राम कैलाश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, रामलीला सोसायटी के अध्यक्ष रविन्द्र पाल सिंह गंगवार आदि लोग मौजूद रहे। श्मशान भूमि के अध्यक्ष के चुनाव को लेकर कस्बे में काफी उथल पुथल थी, लोग अपनी-अपनी गोटियां बिछाने में लगे रहे थे।

### विभिन्न थानों पर पंजीकृत तीन अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन पूर्णिमा सिंह द्वारा उ० प्र० गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1970 की धारा 3 (1) के तहत विभिन्न थानों पर पंजीकृत अभियुक्तों को जिला बदर किया गया। जिसमें से सत्यम गौड़ पुत्र राम नरेश गौड़ निवासी मो. बक्सरिया थाना फरीदपुर जनपद बरेली को जिले की सीमा से 03 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया गया।

अभियुक्त के विरूद्ध विभिन्न थानों पर आईपीसी की धारा 323, 354, 504 एवं एससीएसटी एक्ट के अन्तर्गत गम्भीर अपराध का मुकदमा पंजीकृत है। धर्मपाल पुत्र रामपाल निवासी ग्राम परसरामपुर थाना क्योलड़िया जपद बरेली को जिले की सीमा से 03 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना क्योलड़िया पर आईपीसी की धारा 323, 354, 504, 506 के तहत 04 मुकदमे पंजीकृत हैं। राजवीर उर्फ अखिलेख कुमार पुत्र नरेश निवासी ग्राम कादरगंज थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली को जिले की सीमा से 03 माह की अवधि के लिये निष्कासित किया गया।

अभियुक्त के विरूद्ध थाना फतेहगंज पूर्वी पर आईपीसी की धारा 323, 354, 504, 427, 452 व भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 304, 115(2), 118 के तहत गम्भीर अपराध का मुकदमा पंजीकृत है। उक्त के अतिरिक्त आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थाना भुता के अरविन्द्र उर्फ रविन्द्र पुत्र श्रीराम, थाना क्योलड़िया के जसवंत पुत्र झब्बूलाल, थाना हाफिजगंज के लईक उर्फ लईका पुत्र सद्दीक एवं जसवीर पुत्र रामभरोसे को व्यक्तिगत बंधपत्र पर पाबंद किया गया और सम्बन्धित थानाध्यक्ष को अभियुक्तों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

न्यायालय अपर जिला कलेक्टर (प्र०) द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 (क) के अन्तर्गत थाना सुभाषनगर में 28, थाना कोतवाली में कुल 07 एवं तहसील बहेड़ी परगना रिछा में कुल 50 घरेलू गैस सिलेण्डरों को कालाबाजारी जैसे कृत्यों हेतु उपयोग में लाये जाने के कारण राज्यसात कर जब्त किये जाने की कार्यवाही की गयी।

# ईद मिलादुन्नबी में हुए शिया-सुन्नी विवाद का पुलिस ने कराया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** गत शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में हुए शिया-सुन्नी विवाद का आज स्थानीय पुलिस चौकी में फैसला हो गया।

बताते चलें कि जुलूस की एक शिया समुदाय का युवक वीडियो बनाने लगा, इसपर सुन्नी युवकों ने विरोध किया। दोनों तरफ से मौखिक युद्ध के बाद कुछ समझदार लोगों ने मामले को वहीं निपटा भी दिया, लेकिन शिया समुदाय द्वारा पुलिस को शिकायती पत्र दिए जाने से इस मामले को लेकर सुन्नियों में आक्रोश हुआ, और वो भी शिकायती पत्र लेकर चौकी पर पहुंच गए। खबर पाकर थाना हाफिजगंज अध्यक्ष पवन सिंह भी चौकी पर आ गए। दोनों पक्ष को श्री सिंह ने गौर से सुना, इसी बीच दोनों पक्ष अपना-अपना पक्ष रखते हुए पुलिस के सामने ही भिड़ गए। जिसपर थाना प्रभारी पवन सिंह गुस्सा गए। उन्होंने कहा कि अगर आप लोग नहीं मानते हैं तो कानून अपना काम करेगा। इसके बाद



जैसे ही थाना प्रभारी पवन सिंह और चौकी प्रभारी सतेंद्र कुमार ने पुलिसिया रुख अपनाया, दोनों पक्ष समझौते के लिए राजी हो गए। मौलाना खुर्शीद मिस्बाही, अजमल जैदी, शमीम अहमद, एडवोकेट नूरी जैदी, एडवोकेट रियाज अहमद, सभासद महबूब इदरीसी, अफरोज जैदी, गुड्डू अल्वी, हाफिज साबिर, एडवोकेट सरफराज इदरीसी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# रोडवेज बस चालक व परिचालक से डग्गामार वाहन चालकों ने की मारपीट

- बैग में रखे पांच हजार रुपये छीनने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** रोडवेज बस के आगे ईको कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में डग्गामार वाहन चालकों ने रोडवेज बस के अंदर घुस बस के चालक और परिचालक से खूब मारपीट की। वह परिचालक के बैग में रखे पांच हजार रुपए भी छीन कर ले गए। घटना की तहरीर रोडवेज बस के चालक और परिचालक की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है।

कस्बे के बाईपास मार्ग से बड़ी तादात में डग्गामार वाहनों का संचालन होता है। डग्गामार वाहन चालक अपने वाहनों में सवारियां बिठाने के चक्कर में रोडवेज बसों के आगे अपने वाहन खड़े कर देते हैं। शनिवार को पीलीभीत से दिल्ली जा रही पीलीभीत डिपो की एक रोडवेज बस कस्बे के बाईपास मार्ग पर स्थित पिंक बूथ के पास पहुंची तो एक ईको चालक ने रोडवेज बस के आगे अपनी ईको गाड़ी लगा दी। रोडवेज बस के चालक श्रवण कुमार गंगवार, रामचन्द्र यादव व परिचालक योगेन्द्र सिंह ने उससे गाड़ी हटाने को कहा तो वह उनसे गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि बाद में गाड़ी चालक व कई और डग्गामार चालक रोडवेज बस में घुस आए, और बस के दोनों चालकों व परिचालक से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उन्होंने परिचालक के बैग में रखे पांच हजार रुपए छीनने के साथ ही अभिलेख भी फाड़ दिए। घटना की तहरीर रोडवेज बस चालक श्रवण कुमार गंगवार, रामचन्द्र यादव व परिचालक योगेन्द्र सिंह की ओर से थाना नवाबगंज में दी गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के इस बाईपास चौराहे से दर्जनों डग्गामार वाहन बरेली, पीलीभीत, सुन्दरी, क्योलडिया आदि स्थानों को चलते हैं, जिनको पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। जिसकी वजह से यह वाहन बेखौफ होकर दिन रात दौड़ते हैं और हजारों रुपये रोज के राजस्व का चूना लगाते हैं।

# बुजुर्ग दंपति के साथ मारपीट करने वाले दबंग बेटों समेत चार पर मुकदमा

- 30 अगस्त से दर-दर भटक रहे थे बुजुर्ग दंपत्ति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** आखिरकार फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने रविवार को बुजुर्ग दंपत्ति की तहरीर पर उसके दबंग पुत्रों और पुत्र वधुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पिछले कई दिनों से यह बुजुर्ग दंपत्ति अधिकारियों के यहां चक्कर पे चक्कर लगा रहा था।

थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव अगरास के रहने वाले एक बुजुर्ग दंपत्ति आशिक हुसैन व इस्लामन से उसके दबंग पुत्रों सज्जाद हुसैन और सादिक हुसैन उनकी पत्नियां ने बुजुर्ग के नाम की संपत्ति अपने नाम करने का दबाव बनाया था तो उन्होंने मना कर दिया था, जिसके चलते दोनों दबंग पुत्रों और उनकी



पत्नियां ने बुजुर्ग दंपत्ति के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया था। उन्होंने इसकी शिकायत थाना फतेहगंज पश्चिमी के साथ एसएसपी से भी करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई थी।

आरोप है कि बुजुर्ग दंपत्ति के यह दबंग पुत्र और उनकी पत्नियों ने संपत्ति नाम में न किए जाने पर उनके छोटे पुत्रों राशिद और आसिफ जो बाहर रहकर काम करते हैं को झूठे मुकदमें में फंसाए जाने की धमकी दे रहे हैं। घटना को दैनिक शाह टाइम्स अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसपर रविवार को फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति की तहरीर पर उनके दबंग पुत्रों सज्जाद हुसैन, उसकी पत्नी खुशबू, सादिक हुसैन उसकी पत्नी रवीना के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चारों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फतेहगंज थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुजुर्ग की हर संभव मदद की जाएगी।

> पीड़ित बुजुर्ग की तहरीर के आधार पर दोनों बेटे और उनकी पत्नियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बुजुर्ग दंपत्ति की हर संभव मदद की जाएगी।
>
> **अभिषेक कुमार, थाना प्रभारी फतेहगंज पश्चिमी**

## शाह टाइम्स आपके साथ....

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# मकतब जिया उल इस्लाम में सीरतुन्नबी क्विज कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जमीयत उलेमा तहसील धौलाना के तत्वावधान में 7 सितंबर 2025 14 रबीउल अव्वल 1447 हिजरी को नूरानी मस्जिद, परतापुर, पिलखुवा में एक शानदार और रूहानी श्सीरतुन्नबी क्विज कार्यक्रमश का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक चला।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मकतब के बच्चों में पैगंबर मुहम्मद के प्रति प्रेम और दीन-ए-इस्लाम की महानता का भाव पैदा करना था। मकतब जिया उल इस्लाम के बच्चों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लेकर अपनी आस्था और श्रद्धा का प्रदर्शन किया। इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मुफ्ती गारिसुल हक कासमी साहब ने की, जिनके मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक और गरिमापूर्ण बनाया। मौलाना गारिसुल हक कासमी साहब ने अपने संबोधन में कहा कि पैगंबर मुहम्मद की सीरत जीवन शैली आज भी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक है। उन्होंने अमन, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में कुल 14 बच्चों ने हिस्सा लिया। जमीयत उलेमा तहसील धौलाना के अध्यक्ष मुहम्मद सलाहुद्दीन साहब ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिसमे पहला स्थान, माहिरा वसीम, दूसरा स्थान आफरीद वसीम, तीसरा स्थान अरहान गुलफाम ने प्राप्त किया। बाकी सभी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस दौरान सलीमुद्दीन अलीमुद्दीन, अर्श इदरीस, जोया गुलफाम, आलिया सोनू, आशिफा यूनुस, अलीना सोनू, अकसा इदरीस, खुशबू दीन मुहम्मद, शफया अनीस, हफशा जावेद और उम्मेकुलसूम यूनुस समेत कई बच्चे मौजूद रहे। मौलाना गारिसुल हक कासमी साहब ने बच्चों को संबो. धित करते हुए कहा कि पैगंबर मुहम्मद की सीरत जीवन के हर क्षेत्र, चाहे वह राजनीति हो, व्यापार हो, समाज हो या इबादत हो, में मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने विशेष रूप से मकतब के बच्चों को सीरत-ए-रसूल का अध्ययन करने और उर्दू भाषा सीखने पर जोर दिया, ताकि वे अपनी व्यावहारिक जिंदगी को दीन के अनुरूप ढाल सकें। कार्यक्रम के अंत में कारी नदीम साहब ने भावुक दुआ करवाई। इस दुआ में मुस्लिम समुदाय की जागृति, ईमान की रक्षा, देश में शांति और सुरक्षा, युवाओं में धार्मिक जोश, शैक्षिक प्रगति और दुनिया व आखिरत की कामयाबी के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। इस अवसर पर गांव के युवा और बस्ती के



प्रमुख लोग मौजूद रहे। यह कार्यक्रम हर लिहाज से कामयाब और एक मिसाल साबित हुआ, जिसने बच्चों और उपस्थित लोगों के दिलों में पैगंबर मुहम्मद के संदेश को फिर से ताजा किया।

# छात्रा से मनचले ने की छेड़छाड़, भीड़ ने जमकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में कोचिंग से लौट रही एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्र ने मनचले को जमकर पीटा। इस दौरान लोगों की भीड़ भी मौके पर इकट्ठा हो गई।भीड़ ने भी मनचले को जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मनचले को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मधुबन कॉलोनी के पास मेरठ रोड पर कोचिंग से लौट रही एक छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले मनचले को लोगों ने सबक सिखाया। यह घटना रविवार कोहुई, जब छात्रा ने खुद ही मनचले का विरोध किया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर राहगीर मौके पर इकट्ठा हो गए और उन्होंने भी मनचले की जमकर धुनाई कर डाली। भीड़ में से एक व्यक्ति ने तो हेलमेट से ही मनचले की पिटाई की। सूचना मिलते ही नगर



कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने आरोपी मनचले को भीड़ से छुटवाया और हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि संबंधित मामले में पुलिस ने आरोपी मनचले को हिरासत में ले लिया है और पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# आईटीआई के लिए चयनित 20 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग में नियुक्त 1,510 अनुदेशकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन में नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी के तहत हापुड़ जिले के चार सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों यानी आईटीआई के लिए चयनित 20 अनुदेशकों को भी हापुड़ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र दिए गए।



कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश सिंह तोमर और क्षेत्रीय मंत्री डा. विकास अग्रवाल के अलावा सांसद प्रतिनिधि के रूप में विनोद और अशोक बबली भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नव-नियुक्त अनुदेशकों को बधाई देते हुए उनसे अपेक्षा की गई कि वे उच्च-गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान करके विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाएंगे, जिससे युवा पीढ़ी देश की प्रगति में योगदान दे सके। यह कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम और राजकीय आईटीआई हापुड़ के नोडल प्रधानाचार्य नीरज कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य नितिन कुमार और कनकलता सिंह, साथ ही गुलाब सिंह और अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने मनाया सचिन पायलट का 49वां जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का 49वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटा और उनकी लंबी आयु की कामना की।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष राक. ेश त्यागी ने सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि सचिन पायलट भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उन्होंने 2018 से टोंक से राजस्थान विधानसभा के सदस्य के रूप में काम किया है। इससे पहले वे पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत सरकार में कॉर्पोरेट मामलों और संचार एवं आईटी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भी रह चुके हैं।

इसके अलावा, उन्होंने 2018 से 2020 तक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री के रूप में भी सेवा दी। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने भी सचिन पायलट को बधाई देते हुए बताया कि वे मात्र 26 साल की उम्र में सांसद बनकर भारत के सबसे कम उम्र के नागरिक बने थे। गजराज सिंह ने उनकी शिक्षा और करियर का भी उल्लेख किया, जिसमें एयर फोर्स बाल भारती स्कूल, सेंट स्टीफंस कॉलेज, आईएमटी गाजियाबाद और पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल से पढ़ाई शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि सचिन पायलट ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन और जनरल मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में भी काम किया है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

# श्रीरामचरितमानस के साप्ताहिक पाठ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सेवा भारती द्वारा संचा. लित श्रीरामचरितमानस के साप्ताहिक पाठ कार्यक्रम का 135वां सत्र रविवार को मोहल्ला छिद्दापुरी स्थित हरेंद्र चौहान के निवास पर आयोजित किया गया।

इस सत्र में कथा व्यास रामकेश सिंह ने श्रीरामचरितमानस के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे निषादराज गुह को भरत के सेना सहित आने पर संदेह हुआ कि कहीं वे श्रीराम पर आक्रमण करने तो नहीं आए हैं। सेवा भारती के मंत्री अखिलेश मित्तल ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्प का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाना है। संगठन के अध्यक्ष सुधीर गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम में यजमान हरेंद्र सिंह चौहान एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई।



# भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की नगर इकाई की एक बैठक रविवार को गांधी बाजार स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की एक नई कार्यकारिणी समिति का गठन करना था। इस अवसर पर अजय कुमार गोयल ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई, जबकि सुधीर कुमार गोयल के मार्गदर्शन में बैठक का संचालन हुआ। नई कार्यकारिणी में धीरज गर्ग वाडीलाल को महामंत्री तथा प्रशांत मित्तल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नीरज गर्ग और बंटी भैया को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। अभिषेक अग्रवाल और नीरज अग्रवाल को सह मंत्री, जबकि तरंग मित्तल और दीपक गर्ग को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।इसके अतिरिक्त, अर्पित सिंघल, सतीश सिंघल, नीरज गुप्ता सहित कई अन्य सदस्यों को भी समिति में शामिल किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय मित्तल और राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र गर्ग ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दीं।



## एक नजर

### सोया रिफाइंड तेल खरीदने के नाम पर व्यापारी से लाखों की ठगी, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यापारी के साथ सोया रिाइंड तेल खरीदने के नाम पर लाखों रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। एसपी के आदेश पर पुलिस संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यापारी दीपक अग्रवाल जो हुकुम चंद विजय कुमार नामक एक फर्म के वर्किंग पार्टनर हैं उन्होंने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उन्होंने एक ब्रोकर संजीव अग्रवाल के माध्यम से हरियाणा की महावीर ऑयल एंड एग्रो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक दीपक गोयल से संपर्क किया था। गोयल ने उन्हें 1500 टिन सोया रिफाइंड तेल देने का वादा किया, जिसके लिए 29,25,000 का सौदा तय हुआ। विश्वास जीतने के लिए आरोपी ने व्हाट्सएप पर कैंसिल चेक, हस्ताक्षरित बिल और कंपनी की जानकारी भेजी। इसके बाद दीपक अग्रवाल ने पूरी रकम कंपनी के खाते में ट्रांसफर कर दी। हालांकि, पैसे मिलते ही आरोपी ने न तो माल भेजा और न ही पैसे वापस किए। जब पीड़ित ने दीपक गोयल से मिलकर बात की, तो उसने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया और उन्हें धमकाया। पीड़ित व्यापारी दीपक अग्रवाल की शिकायत पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस आरोपी ने पहले भी इसी तरह की ठगी की है। पुलिस ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट बताया कि थाना धौलाना पुलिस द्वारा थाने के मुकदमा अपराध संख्या 240/25 धारा 303(2) बीएनएस का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर आमिर पुत्र यामीन निवासी सादक मदरसे के पीछे ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड को रेलनीर कंपनी वाले रास्ते पर बिजलीघर के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया चोर आमिर पुत्र यामीन निवासी सादक मदरसे के पीछे ग्राम शेखपुर खिचरा थाना धौलाना जनपद हापुड एक शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज है फिलहाल पुलिस ने मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया है।

### 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 11वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला रफीकनगर की एक 11वीं कक्षा की छात्रा दिव्या ने फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। यह घटना रविवार सुबह तब हुई जब दिव्या की माँ काम पर गई थीं। दिव्या ने अपने कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। दिव्या की माँ, परमिता, अपनी बेटी का शव देखकर पूरी तरह टूट गईं। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस इस मामले की जाँच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। जानकारी के अनुसार दिव्या के पिता रामकुमार का निधन आठ साल पहले हो चुका था और उनकी माँ, परमिता, घरों में काम करके परिवार का पेट पालती थीं। परिवार में दिव्या के दो छोटे भाई, कुणाल और देव भी हैं। छात्रा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के किए भेज दिया गया है। पुलिसपूरे मामले की गहनता से जाँच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद छात्रा की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# एलायंस क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के आर्य समाज मंदिर परिसर में एलायंस क्लब हापुड़ माधव द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 75 लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

रक्तदान करने वाले 75 लोगों को रक्तवीर का सम्मान देते हुए उन्हें क्लब का प्रतीक चिन्ह और सम्मान पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री डा. विकास अग्रवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, और एलायंस क्लब के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। संस्था के सदस्यों ने पटका और प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। एलायंस क्लब हापुड़ माधव के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी संस्था भविष्य में भी समाज सेवा के ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। संस्था के सचिव अनुज गोयल ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करके किसी की जान बचा सकता है। कोषाध्यक्ष प्रियांशु गर्ग ने इसे महादान बताते हुए रक्तदान करने वालों की सराहना की। इस शिविर को सफल बनाने में संस्था के पदाधिकारियों जैसे अनुज मित्तल, मोहित अग्रवाल, अनुज गोयल, प्रियांशु गर्ग और अन्य सदस्यों ने सहयोग किया।

# विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश को लेकर डीएम की जनता से अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** डीएम अभिषेक पाण्डेय ने विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को लेकर जनता से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि 2047 तक उत्तर प्रदेश को एक समृद्ध और सशक्त राज्य बनाने का सपना सिर्फ सरकार का नहीं, बल्कि सभी प्रदेशवासियों का है।



डीएम ने कहा कि किसी भी सरकारी योजना की सफलता में जनता की सक्रिय भागीदारी बहुत जरूरी है। विजन 2047 के तहत विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए हर नागरिक के विचार और सुझाव महत्वपूर्ण हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने विचार साझा करने के लिए एक QR कोड स्कैन करें या सीधे वेबसाइट पर जाकर सुझाव दें। इसके लिए मोबाइल नंबर से ओटीपी वेरिफाई करना होगा। डीएम ने मीडिया से इस मुहिम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और शासन-प्रशासन व जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करता है। यह पहल लोगों को विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने के लिए अपने विचारों को साझा करने का मौका देती है, ताकि सरकारी योजनाओं में नए और प्रभावी विचार शामिल किए जा सकें।

### हाईवे पर घूमती मिली चार वर्ष की बच्ची परिजनों का नहीं लग सका कोई सुराग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक चार वर्ष की बच्ची रोते हुए घूमती हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस बच्ची को लेकर कोतवाली पहुंची और परिजन के संबंध में जानकारी की। हालांकि बच्ची मेरठ के रहने की बात कह रही है, लेकिन उसके परिजन के संबंध में जानकारी नहीं हो सकी है।

रविवार को एक बच्ची सड़क किनारे रो रही थी। इसको लेकर लोगों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के परिजन के संबंध में आस पास में जानकारी की, लेकिन कोई जानकारी नहीं होने पर उसको कोतवाली ले जाया गया। वहां बच्ची ने रोते हुए बताया कि वह उसकी मां का नाम अपना नाम भूरी, पिता का नाम अशोक माता का नाम लक्ष्मी बताया है। बच्ची मेरठ की रहने वाली बता रही है। पुलिस ने मेरठ पुलिस से संपर्क कर बच्ची के परिजन के संबंध में जानकारी करने के लिए मदद मांगी है।

# शराब की दुकान में निकला ज़हरीला सांप, किया रेस्क्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में स्थित शराब की दुकान में जहरीला सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सांप का रेसक्यू क सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में स्थित शराब की दुकान में एक रसल वाइपर नमक जहरीला सांप निकल आया। सांप निकलने से शराब की दुकान में स्थित लोगों में हड़कंप मच गया। सांप को देखकर दुकान में मौजूद लोग घबरा गए। सांप निकलने की खबर मिलते ही आसपास के लोगो की शराब की दुकान के बाहर भीड़ एकत्रित हो गई। रसल वाइपर नमक जहरीला सांप निकालने की सूचना तुरंत वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रसल वाइपर नमक जहरीले सांप का कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वन विभाग की टीम का कहना है कि बारिश के मौसम में अक्सर ही सांप निकल आते है इसीलिए सभी को सतर्कता बरतनी चाहिए।



# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर की अध्यक्षता में एक मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने को लेकर गढ़मुक्तेश्वर में बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। 2027 के आगामी चुनावों में भाजपा द्वारा संभावित वोट चोरी को रोकने के लिए रणनीति बनाई गई। इसके तहत, बूथ स्तर के एजेंटों की फोटो युक्त सूची तैयार करके चुनाव आयोग और पार्टी कार्यालय को भेजी जाएगी।




जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने पार्टी की जिला कमेटी का विस्तार करते हुए तीन नए सदस्यों को नियुक्त किया। रेशमा अंसारी, लवी तोमर, और महेंद्र सिंह तोमर को जिला सचिव बनाया गया। वही शाकिर त्यागी को अधिवक्ता सभा का जिला सचिव और तनवीर अहमद एडवोकेट को धौलाना विधानसभा का अध्यक्ष नियुद्र किया गया। इस अवसर पर यशी यादव, सीमा तनेजा, अफसाना, रेशमा अंसारी, सुषमा ठाकुर, राजेश यादव, तेजपाल प्रमुख, रिजवान चौधरी, अख्तर मलिक, अय्यूब सिद्दीकी, सचिन प्रधान, सद्दाम कुरेशी, दिग्विजय सिंह शिशोदिया, सुल्तान खान, मोहसिन सलमानी, हम्माद मतीन, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई श्री जी की भव्य शोभायात्रा

■ जैन बाग में हुआ सामूहिक आराधना व भक्ति गीतों का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** दशलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर रविवार, 7 सितम्बर को जैन समाज द्वारा श्री जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से किया गया। शोभायात्रा ने पूरे नगर में भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य प्रस्तुत किया।

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, फूटा महल से प्रातःकाल मंगल ध्वनि के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। हाथी-घोड़े, बग्गी, रथ, बैंड-बाजे और धर्ममय झांकियों के साथ शोभायात्रा नगर की प्रमुख गलियों से निकली। यह यात्रा कोतवाली, नसरुल्ला खां बाजार, सराफा बाजार, मिस्टन गंज, सराय गेट होते हुए जैन बाग पहुंची।



जैन बाग में सामूहिक आराधना, भक्ति गीत और प्रवचनों का आयोजन किया गया। यहां भक्तों ने एक साथ भक्ति में लीन होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। तत्पश्चात शोभायात्रा स्वार रोड, जिला अस्पताल, स्टेट बैंक, राजद्वारा, मिस्टन गंज, बैजनाथ की गली से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीजी का भव्य रथ, मंगल कलश, पापुलर बैंड, ढोल-नगाड़ों की ध्वनि और नगर में सजाए गए स्वागत द्वार विशेष आकर्षण का केंद्र बने।

यात्रा में शामिल रही धार्मिक झांकियां और उपस्थिति ने इसे और भी भव्य बना दिया। बग्गी, जैन मंदिर धर्मचक्र लकड़ीका, धूप दान लकड़ी का, 8 हाथी, तोप, पापुलर बैंड, मंगल कलश, रथ, पानी की ठेली, पारस रथ, खुशियां म्यूजिकल ग्रुप, नासिक ढोल, जैन इंटर कॉलेज बैंड, स्काउट, पीटी और झांकी, फ्लेक्स व चमर लकड़ी की झांकियां, अहिंसा पथमो धर्म बोर्ड लकड़ी की झांकी, जैन समाज बोर्ड लकड़ी की झांकी, जैन ध्वज, ऊंट व घोड़े इन धार्मिक झांकियों ने यात्रा को दिव्य और भव्य रूप प्रदान किया। श्रद्धालुओं ने नगर भर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

समाज के पदाधिकारियों ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की। यह शोभायात्रा रामपुर नगर के लिए आस्था, भक्ति और धार्मिक एकता का अनुपम संगम बन गई।

# प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी से परेशानः विजय सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी से परेशान है और बदलाव चाहती है कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाए उक्त विचार समाजवादी पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय विधायक विजय सिंह व्यक्त किए। वह आज नगर के रौरा कला में अकरम खान के प्रतिष्ठान पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की जनता केंद्र और प्रदेश की सरकार से परेशान हो चुकी है।

क्योंकि दोनों ही सरकारी महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार और जनता के हितों पर खरी नहीं उतरी है। किसान परेशान है उसे समय से खाद भी नहीं मिल पा रहा है। लाठियां मिल रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि पार्टी की नीति और सपा सरकार में कराए गए विकास कार्यों वह जनता तक पहुंचाएं। आगे उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए घर घर जाकर जागरूक करें जिससे कोई भी व्यक्ति वोट डालने से वंचित न रह पाए। इस अवसर पर इकरार हुसैन, फैसल खान, मोहम्मद असलम, नन्हें कादरी, यूनुस अंसारी, अकरम खान, नाजिम खान, राजू खान, आसिम रजा खान, जीशान राजा खान, रेहान अल्वी, अजीम मलिक, सफदर अली, गुलफाम खान, शाकिर कुरैशी, एजाज खान, आसिफ खान आदि थे।



# पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** रामगंगा नदी पर मंगलवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर्व को लेकर भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन प्रातःकाल से ही बना रहा। श्रद्धालुओं ने गंगा घाट पर पहुंचकर स्नान आदि कर पूजा अर्चना कर प्रसाद आदि चढ़ाकर मन्नतें मांगी।

वहीं ट्रेक्टर ट्राली रिक्शा बाईकों द्वारा भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अपने पितरों को तृप्त करने हेतु पिंड दान कर तर्पण कर किया। तृप्त मेले में लगी बच्चों के खेल खिलौने, चाट पकौड़ी प्रसाद आदि की दुकानों पर खरीददारों की खासी भीड़-भाड़ देखने को मिली।

कहा जाता है कि भाद्रपद की पूर्णिमा का दिन भगवान सत्यनारायण और चंद्रदेव की पूजा के लिए समर्पित है।

इस दिन भगवान सत्यनारायण की कथा और चंद्रदेव की पूजा करने से जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है।

इसके अलावा यह दिन पितरों के तर्पण और पिंडदान के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। वहीं रामग. 'गा घाट पर बैठे पुजारियों को श्रद्धालुओं को वस्त्र अन्न व दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गंगा नदी पर बने शिव मंदिर पर भक्तों ने भजन कीर्तन का आनंद लिया और पुलिस प्रशासन भी सुबह से ही अलर्ट दिखाई दिया।

# दसलक्षण पर्व के समापन पर जैन समाज ने धूमधाम से निकाली रथयात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** जैन समाज ने दसलक्षण पर्व के समापन पर नगर मे बड़ी ही धूमधाम के साथ रथयात्रा निकाली। दसलक्षण पर्व के दौरान मंदिर में पूजा पाठ विधि विधान से किए गए। रथ यात्रा में प्रभु रथ पर हुए सवार नगाड़ा बाजा रहा पारस प्यारा मेटो मेटो जी संकट हमारा तथा अन्य धार्मिक मधुर गीत गाए गए जिसमें महिलाओं ने जमकर नृत्य किया जिसमें रथ पर चार इंद्र सवार थे। तथा महावीर भगवान की प्रतिमा को रथ पर विरा. जमान किया गया मुख्य बाजार स्थित जैन मंदिर से रथ यात्रा प्रारंभ होकर मैन मार्केट मैन चोराहा रामपुर काशीपुर मार्ग स्थित जैन समाज के स्थान पर पहुंची जहां पर महावीर भगवान का 1008 कलशों से मस्तकाभिषेक किया गया तथा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए तथा समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वार कोतवाल तथा, पुलिस चौकी मसवासी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला पुलिस फोर्स के रथ यात्रा के साथ सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों को नारियल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा अतिथियों ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष सर्वेश कुमार जैन, नितिन जैन, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मोर्य, महेश मौर्या, दिनेश चंद शर्मा ,संजीव कुमार वर्मा, भगवती देवल ,राजीव जैन ,विपिन जैन, धर्मेंद्र जैन, शिवम जैन, अंकुर जैन ,सार्थक जैन, रुचि जैन ,आंचल जैन ,रविंद्र जैन, ऋषभ जैन ,हर्षित कुमार जैन, तरुण कुमार जैन, विनय जैन तथा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रथ यात्रा संयोजक नितिन जैन द्वारा किया गया।



# बुलेट और एक लाख न मिलने पर ससुरालियों ने महिला को निकला

### पति सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** दहेज में बुलेट और एक लाख रुपए न देने पर ससुराल वाले विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया विवाहिता ने पति सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के सिहारी गांव निवासिनी रामवती का विवाह 27 जून 2023 को जागन गांव निवासी पशुपुरा हाल निवासी नवदिया के साथ हुआ था।

विवाहित रामवती के घर वालों ने शादी में अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। लेकिन रामवती के ससुराल वाले दान दहेज से खुश नहीं थे आए दिन रामवती के साथ मारपीट करते थे और दहेज में रुपए। लाख तथा एक बुलेट बाइक की मांग कर रहे थे।

जिसकी मांग पूरी न होने पर विवाहि. हत रामवती को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया रामवती अपने मायके पहुंची और सारी आप बीती बताई रामवती के मायके वाले पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे और प्रार्थना पत्र दिया।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली मिलक पर पति जागन ससुर लेखराज सास सुशीला देवी सुरेंद्र जेठ प्रीति जेठानी सुनीता नंद सहित 6 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित कई धारा में रिपोर्ट दर्ज।

# रामपुर आगमन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का रामपुर आगमन पर जोरदार का स्वागत किया गया। इस मौकेे पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष वसीम खघन, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज, कमाल बाबर, जिला उपाध्यक्ष फसाहत अली खां राजू, नूर आलम, लाल भाई, सहित मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस मौकेे पर मीडिया से बातचीत के दौरान जमाल सिद्दीकी ने कहा कि मोदी जी के विकास रथ को समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचाने का काम अल्पसंख्यक मोर्चा करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास-सबका विश्वास तथा सबका प्रयास को मजबूती से नीचे उतारा है। विकास के रथ को समाज के अंतिम आदमी तक पहुंचाकर उनका विकास करना अल्पसंख्यक मोर्चा की जिम्मेदारी है जो हमको निभानी है। प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के बीच की दूरी को पाटी है लिंग भेद को समाप्त किया है महिला को आगे बढ़ने का रास्ता साफ किया है। नारी वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा विधानसभा में बहनों को आरक्षण प्रदान कर देश के सबसे बड़े मंदिर लोकसभा तक पहुँचाने का रास्ता साफ किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करने का नेतृत्व दो बेटियों कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका सिंह को सौंप कर दुनिया को भारत के नारी के साहस, शौर्य प्रदर्शन और वीरता का परिचय दुनिया को दिया है। हमें भी समाज के बीच जाकर बेटियों की शिक्षा बेटियों को रोजगार, व्यापार में आगे लाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।



# गुरुवाला सिद्ध भूड़ा मणि स्वर्ग आश्रम पर विराट दंगल का हुआ शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** नगर में स्थित गुरुवाला सिद्ध भूड़ा मणि स्वर्ग आश्रम पर हर वर्ष भाद्रपद पूर्णिमा पर लगने वाला 10 दिवसीय ऐतिहासिक मेला इस वर्ष भी रविवार से हुआ प्रारंभ। जिसमें विराट दंगल का शुभारंभ संजय रस्तोगी ने फीता काटकर किया और विराट दंगल की कमेटी ने गणमान्य व्यक्ति संजय रस्तोगी सुशील फौजी शोभित शर्मा जितेंद्र गुप्ता आदि को पगड़ी पहनाकर किया।

सम्मानित वही संजय रस्तोगी व सुशील फौजी ने दो पहलवानों के आपस में हाथ मिलवाकर व पहलवानों का हौसला बुलंद करने के लिए इनाम देकर कुश्ती प्रारंभ कराई। जिसमें उपस्थित दंगल ठेकेदार आक. श सक्सेना, दंगल संचालक दिवाकर शर्मा, गौरव भटनागर, टिंकू यादव, सजीव सक्सेना, प्रिमल सैनी, विक्की चौधरी, मोनू शर्मा, वीरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# घर से बुलाकर युवक हत्या कर शव सत्संग आश्रम के पास फेंका

■ सत्यवीर की हत्या के आरोप में दो के खिलाफ मुक. दमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** घर से बहाने से बुलाकर युवक की हत्या कर शव सत्संग आश्रम के पास फेंक दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। हत्या के दो आरोपियों के खिलाफ मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी सत्यवीर को उसके ग्राम के ही दो लोगों ने घर से बुलाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या कर उसका शव ग्राम खमरिया के निकट स्थित राधा स्वामी सत्संग के पास डालकर फरार हो गए। मृतक सत्यवीर की पत्नी प्रभा देवी ने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देते हुए कहा कि 6 सितंबर 2025 को मेरे पति सत्यवीर को बुलाने के लिए मेरे घर पर अशोक और जितेंद्र आए उन्होंने कहा कि सतवीर तुम हमारे साथ कंबाइन मशीन चलाने के लिए हमारे साथ चलो। मेरे पति ने कंबाइन पर जाने के लिए मना कर दिया तो यह दोनों लोग मेरे पति सत्यवीर को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। 6 सितंबर 2025 की रात्रि लगभग 7:00 मेरे पति सत्यवीर को वहला फुसलाकर अशोक जितेंद्र अपने साथ ले गए और मेरे पति सत्यवीर को मार कर खमरिया गांव के निकट राधा स्वामी सत्संग के पास डाल दिया। इसकी सूचना परिजनों को लगी परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए और सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी प्रभा देवी की तहरीर पर अशोक जितेंद्र के खिलाफ हत्या करने में मुकदमा पंजीकृत किया गया प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# विधायक के पिता ने फीता काट कर आंखों के कैम्प का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** शनिवार जनसंपर्क कैम्प कार्यालय अपना दल एस स्वार में विधायक शफीक अहमद अंसारी के सौजन्य से भगवान महावीर नेत्र चिकित्सालय माटखेड़ा बिलासपुर द्वारा एक निशुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका फीता विधायक के पिता जी श्री जुम्मा हाजी जी ने किया। हाजी जी ने कहा हमारा काम जनता की सेवा करना है।

आये दिन ऐसे कैम्प का आयोजन किया जाता है जिससे क्षेत्र की जनता को बहुत फायदा होता है कैम्प में अधिकतर संख्या में ग्रामीण एवं नगरीय लोगो ने अपनी आँखों को दिखाया और दवाई ली। काफी मरीज ऑपरेशन के लिए बिलासपुर भेजे गये. टीम में डॉ सुदेश जैन प्रबंधक निदेशक डॉ दानिश सीनियर ऑप्टोमिस्ट वीरेन्द्र कुमार अतीक अहमद चाँद अहमद जीशान. अकील मेंबर नब्बू ठेकेदार राणा जी त्रिवंत प्रधान आरिफ प्रधान अकील मेंबर इरफान अल्वी फैजान बल्ली रईस अहमद व मीडिया प्रभारी इरशाद खा आदि लोग मौजूद रहे।



# मानदेय बढ़ाने और कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा से शिक्षामित्रों में हर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने तथा मानदेय बढ़ाये जाने की घोषणा पर खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

रविवार को शिक्षा मित्र संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक नगर स्थित कन्या जूनियर हाईस्कूल में आयोजित हुई।बैठक में सर्वप्रथम उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षकों, शिक्षा मित्रों,अनुदेशकों और रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने और शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाये जाने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जिला महामंत्री इदरीस अहमद ने कहा कि शिक्षा मित्र लंबे समय से बहुत कम मानदेय पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं,ऐसे में परिवार में किसी के बीमार होने पर आर्थिक रूप से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

मानदेय बढ़ाने और कैशलेस चिकित्सा सुविधा से बड़ी राहत मिलेगी।

ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार ने उक्त घोषणा को शिक्षा मित्रों के लिए बड़ी सौगात करार दिया।

ब्लॉक संरक्षक बचन सिंह ने कहा कि उक्त योजना से शिक्षा मित्र जैसे कम आय वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता इदरीस अहमद ने की और संचालन राकेश कुमार ने किया।इस अवसर पर मोहम्मद आदिल,निमेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, ऋषिपाल सिंह, जाने आलम, इकरार हुसैन, लाखन सिंह, पंकज कुमार,संजीव कुमार और महबूब खान आदि मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने चलाया सदस्यता अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा/रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन(टिकैत) के नगर अध्यक्ष मजहर लाला के नेतृत्व में लोग लगातार किसान यूनियन से जुड़ रहे हैं। शनिवार की शाम नगर के आधा दर्जन लोगों ने भाकियू की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

शनिवार की रात भाकियू के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला के मोहल्ला मनिहारान स्थित आवास पर संगठन की एक बैठक आयोजित हुई,जिसमें नए लोगों को सदस्य बनाने के साथ ही किसानों के हितों को लेकर चर्चा की गई।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष मजहर लाला,नगर युवा अध्यक्ष फरीद खान, नगर सचिव मो0 रफीक, हसीन खान, मो0 फारूक, मो0 मुस्तकीम, मो0 साकिब, फरजन्द अली, मौलाना सबूर, निजामुद्दीन, मो0 फैजान, लियाकत अली, अब्दुल अलीम, रियासत अली आदि मौजूद रहे।

# समाज के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत और भविष्य के निर्माता हैं शिक्षक : शंखधार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन नन्दन प्रसाद गंगवार के आवास पर किया गया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि शिक्षक समाज के लिए मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत और भविष्य के निर्माता होते हैं, वे न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि छात्रों को व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी सिखाते हैं, शिक्षक समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इसीलिए आज हमारे संगठन द्वारा क्षेत्र के कुल ग्यारह शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी गई हैं।



इस अवसर अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद मिलक के नगर अध्यक्ष ब्रह्माशंकर पाण्डेय, प्रीतम प्रसाद गंग. वार, नन्दन प्रसाद गंगवार, रामचन्द्र गंगवार, रवेंद्र गंगवार, अनुपम पटेल, एम पी सिंह पटेल, दिगपाल गंगवार, होमेंद्र देव शर्मा, अमित राठौर, चूड़ामणि गंगवार, दमयंती देवी एवं आदित्य कुमार शर्मा मौजूद रहे ।

# किसान ऊदल सिंह बारिश के भरे पानी को निकाल आवागमन यात्रियों का बना मसीहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** चंद्रपुरकला मार्ग क्षतिग्रस्त होने से जगह जगह बारिश का पानी भरने से आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चले कि सैफनी निवासी एक किसान ने पेश की एक मिशाल क्षतिग्रस्त पड़े मार्ग पर बारिश का पानी भरने से बाईक रिक्शा आदि गिरने व पलटने की संभावना को लेकर नगर के ऊदल सिंह किसान ने यात्रियों की परेशानी को देखकर मार्ग पर भरे पानी को सड़क किनारे बनी खाई में बड़ी भारी मशक्कत करके पानी को निकाला।

आवागमन कर रहे यात्रियों ने किसान की बहुत सराहना की किसान यात्रियों का बना मसीहा लोगों ने दर्द को अपना दर्द समझकर मार्ग पर भरे पानी को निकाला और वहीं किसान ने पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों पर लगाए गंभीर आरोप कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी देखकर भी अनदेखा कर रहे है।



सड़क डालते समय सही मात्रा में माल नहीं डालते जिसके कारण जल्द ही सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है।

सरकार को चूना लगाया जा रहा है किसान ऊदल सिंह नगर व आस पास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.,
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

24/EDC(R) 2025-26 दिनांक : 06.09.2025

कार्य का नाम: विद्युत वितरण खण्ड-स्वार, रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जमा योजना के सापेक्ष भविष्य में विभिन्न कार्यों को कराने का कार्य। (रनिंग टेण्डर)

ई-निविदा प्रपत्र शुल्कः -रू. 3540.00 धरोहर राशि : रू0 20.00 हजार

ई-निविदा की अंतिम तिथि:- 23.09.2025 15:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विविमं, रामपुर

# वैश्य समाज महिला संगठन की ओर से किया गया रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** वैश्य समाज महिला संगठन रामपुर द्वारा मंथन रेस्टोरेंट में एक शिक्षक दिवस एवं गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हमारी प्रधानाचार्य अनीता गुप्ता एवं सुमन अरोरा मुख्य अतिथि रही। इस कार्यक्रम में शिक्षिकाओं साल ओढ़ाकार और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया ।हमारी वैश्य समाज की बहनों ने थाल और कलश सजाकर लाई और प्रतियोगिता में शामिल होकर अपना हुनर दिखाया और वंदना अग्रवाल नगर महामंत्री अपने पुत्र अक्षिव के शिक्षकों के सम्मान में डांस प्रस्तुत किया। वहीं गणेश बंदना भी की और कार्यक्रम प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित हुआ हमारी कन्वीनर प्राची गुप्ता, राशि अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष रुचि अग्रवाल, प्रीती गुप्ता ने गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में गणेश जी के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया और साथ ही प्रार्थना की कि ही गजानन अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखना। सभी बहनों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए जिला अध्यक्ष अनुश्री अग्रवाल ने अतिथियों से दीप प्रज्ज्वलित करवाया। अभी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में एक सेल्फी विद तिरंगा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और प्रीती गुप्ता द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य आकर्षण महाराष्ट्रीयन क्वीन रही।




और संरक्षक ऋचा अग्रवाल ,मंडल अध्यक्ष सीमा अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष नीतू गुप्ता, आशा गोयल, भारती गुप्ता, सांस्कृतिक सचिव प्रीती अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुभारम्भ गणेश बंदना के द्वारा कराया। गणेश जी की आरती के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीती गुप्ता ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि एकता ही हमारी शक्ति है और हमारी एकता पर गर्व है। सगठन को मजबूत बनाने मे सभी बहनों का योगदान महत्वपूर्ण है,जब जब मैं अपनी बहनों से किसी भी कार्य को कहती हूँ। तो वो सब मिलकर कार्यक्रम में अपना योगदान देती है। इस कार्यक्रम में सभी बहनों को पौधे भी वितरित किए गए एक संदेश भी दिया गया कि हम सब अपने घर के आस पास एक पौधा अवश्य लगाएं। हमारी कन्वीनर ने सरप्राइज, पंक्चुअलिटी, गेम्स हाउजी आदि कराये और फोटोशूट भी किया। हमारे और रामपुर वैश्य समाज का नाम पूरे उत्तर प्रदेश में बड़े गर्व से लिया जाता है। इस कार्यक्रम में नेहा गर्ग , शालिनी गुप्ता, संगीता अग्रवाल, वर्षा वार्ष्णेय, मेघा अग्रवाल, शुभी अग्रवाल, नैना गुप्ता, हिमांशी खन्ना, रमा अग्रवाल, कुमकुम अग्रवाल, कुसुम जिंदल, पूजा अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, ममता गुप्ता, रूपम गुप्ता, भाषी गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, आदि उपस्थित रहें।

# कुंदनपुर के जंगल में एचटी लाइन के तार टूटकर गिरे दो गोवंशीय पशुओं की हुई दर्दनाक मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** कुंदनपुर के भूढ़िया फॉर्म के निकट एचटी लाइन के टूटे तारों की चपेट में आने से दो गोवंश पशुओं की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पशुपालक बाल बाल बच गया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बिजली कर्मियों का घिराव कर ग्रामीणों ने हंगामा किया।

चौकी क्षेत्र के गांव कुंदनपुर के बुढ़िया फॉर्म के निकट रहमतगंज निवासी बृज किशोर यादव के दो गोवंशीय पशु जंगल में घास चरकर अपने घर वापस लौट रहे थे की जंगल के रास्ते पर ग्यारह हजार के बी लाइन के टूटे तार पड़े हुए थे जिनमे करंट चल रहा था। दोनों पशु करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही मौत हो गई पशुपालक ब्रिज किशोर यादव के हाथ से रस्सी छूट गई और उसने उछलकर अपनी जान बचाई चीख



पुकार सुनकर खेतों में काम कर रहे हैं आसपास के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पाकर बिजली विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई ग्रामीणों ने बिजली विभाग की टीम को देखकर हंगामा शुरू कर दिया आवल अभियंता मोहनलाल भी मौके पर पहुंच गए किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोहन पालसिंह, सपा नेता संजय कुमार यादव मौके पर पहुंच गए और अवर अभियंता को जमकर खरी-खोटी सुनाई । और अभियंता ने किसी तरह मामले को रफा दफा कर पशुपालक को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया भारतीय किसान संघ के नेता सोहन पाल सिंह का आरोप है की कुंदनपुर से स्टोन क्रेशर को एचटी लाइन जा रही है तार जर जर अवस्था में है जो कभी भी टूट कर किसानों के साथ हादसा कर देते हैं।

# करीमपुर के जंगल में तेंदुए ने किया गोवंश पशु का शिकार, लोगों में दहशत

■ ग्रामीणों में मचा हड़कंप वन विभाग की टीम ने तलाश किया तेंदुए के पद चिन्ह





शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव कुंदनपुर करीमपुर के जंगल में तेंदुए ने रात में छुट्टा गोवंश पशु का शिकार कर लिया जिससे लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है। सूचना पाकर वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर तेंदुए के पद चिन्ह तलाश किए हैं और लोगों से सावधान रहने की अपील की है। शनिवार की देर रात कुंदनपुर के जंगल में करनैल सिंह की बगिया के निकट तेंदुए ने छुट्टा घूम रहे बछड़े का शिकार कर लिया। रविवार की सुबह कुंदनपुर समेत आसपास के ग्रामीण अपने खेतों पर घूमने निकले तो उन्होंने गोवंश पशु का शिकार हुआ देखा तो हड़कंप मच गया आसपास के किसानों को इस मामले से अवगत कराया गया कुछ ही देर में तमाम ग्रामीणों की भीड़ मृत पशु के पास इकट्ठा हो गई। इस मामले की जानकारी बजरंग दल नेता अर्जुन कुमार गुप्ता ने वन विभाग दी गई सूचना पाकर वन क्षेत्राधिकारी मुजा. हिद हुसैन बजरंग दल नेता अर्जुन कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और तेंदुए के पद चिन्ह तलाश किया जो तेंदुए के ही पाए गए। तेंदुए के आने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई मसवासी चौकी क्षेत्र के आसपास के गांव में तेंदुए के घूमने से लोगों में दहशत बढ़ गई है और लोगों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है। वन क्षेत्र अधिकारी मुजाहिद हुसैन ने ग्रामीणों से सतर्क रहकर खेतों पर काम करने की अपील की है उन्होंने बताया कि शीघ्र ही तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा।

# सैकड़ों ने ग्रहण की रालोद की सदस्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिल नवाज खान प्रमुख प्रदेश महासि. चव दिलप्रीत कोहली के जनपद बरेली प्रथम आगमन पर राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष इब्ने अली खान प्रदेश सचिव अतहर खान द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

आगमन का उद्देश्य राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देश पर सक्रिय सदस्यता अभियान का कार्यक्रम ग्राम पंचायत धारूपुर जनपद बरेली में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष दिल नवाज खान प्रमुख प्रदेश महासचिव दिलप्रीत कोहली प्रदेश महासचिव रोहिलखंड क्षेत्र प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू एवं रामपुर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हाफिज फैयाज हसन गुड्डू रहे। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिकता है और जो जनकल्याण योजनाएं एनडीए सरकार द्वारा चल रही



है उन्हें जनता तक पहुंचाने का कार्य हमें करना है। प्रमुख महासचिव दिलप्रीत कोहली ने चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला।

जनता के सामने जयंत चौधरी द्वारा चलाए जा रहे कौशल कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष इब्ने अली खान ने सभी आने वालों का स्वागत अभिनंदन किया। प्रदेश सचिव अतहर अली खान है भी सभी लोगों का स्वागत और अभिनंदन किया कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कई ग्राम प्रधानों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में इब्ने अली खान, अतहर अली खान, अशरफ अली, अक्षय कुमार, अरसुल खान, फुरकान अली, रहमत अली, रिजवान अली, समीर अहमद, मुनाजिर हुसैन, महफूज खान, मंजू खान, खुर्शीदा बेगम, नाजिया खान, मोहम्मद फहीम आदि लोग मौजूद रहे।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयनित 14 नवनियुक्त अनुदेशकों को किए नियुक्ति पत्र वितरण

**रामपुर।** प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उ.प्र. लखनऊ के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग वर्ष 2025 में घोषित अंतिम परिणामों में जनपद रामपुर स्थित समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चयनित 14 नवनियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी, एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी नन्दकिशोर कलाल उपस्थित रहें तथा समस्त नवनियुक्त अनुदेशकों को अतिथियों के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कर बधाईयां दी गयी तथा नियुक्ति पत्र वितरण का



सीधा प्रसारण प्रातः 10.30 बजे से माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की अध्यता में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा नवनियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के उपरान्त कार्यकम प्रांगण में खुशी की लहर छा गयी। कार्यकम में मंच संचालन निधि पुष्कर, अनुदेशक एवं रिचा वर्षीय, अनुदेशक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस्त संस्थानों के कार्यदेशक, अनुदेशक, प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहें। डॉ. मौ. आसिफ, नोडल प्रधानाचार्य द्वारा समस्त नवनियुक्त अनुदेशकों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# भूड़ा मणि स्वर्ग आश्रम पर मेले का डीएम और एसपी ने फीता काटकर किया शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** नगर में स्थित गुरुवाला सिद्ध भूड़ा मणि स्वर्ग आश्रम पर लगने वाले दस दिवसीय ऐतिहासिक किसान मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगने वाले मेले का रविवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया। उसके उपरांत गुरुवाला सिद्ध महाराज की समाधि पर पहुंचकर दर्शन कर पंडाल में बैठे लोगों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इसके उपरांत मेले का भ्रमण कर मेले का लिया जायजा जिसमें उपस्थित नगर अध्यक्ष फैजान खां,संजय चौधरी,शोभित शर्मा,मोनू चौधरी,सुशील फौजी,पंकज शर्मा, अरविंद जोशी आदि मौजूद रहे।

# लोक भवन लखनऊ में किया गया सजीव प्रसारण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बदायूं बिसौली बिल्सी कादरचौक दातागंज दहगवा में नवनियुक्त हुए अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम जनपद बदायूं स्थित NIC में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायक बिल्सी हरीश शाक्य , विशिष्ठ अतिथि जिला उपाध्यक्ष शॉरदेंदु पाठक जी, जनपद मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय , प्रधानाचार्य नन्द किशोर जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया । जिसमें माननीय विधायक बिल्सी हरीश शाक्य के द्वारा जनपद में चयनित 44 नव नियुक्त अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए एवं



उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और मन लगाकर कार्य करने को कहा । इस नियुक्ति पत्र वितरण में नरेंद्र सिंह , कार्यदेशक, अनुदेशक , अजीत कुमार वर्मा अनुदेशक,अमर कुमार पाण्डेय , सैजी जलेशी का विशेष सहयोग रहा।

# साप्ताहिक बाजार खितौरा से बाइक ले उड़े चोर



शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती।** साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आए एक व्यक्ति की बाइक पर चारों ने हाथ साफ कर दिया।उघैती थाना क्षेत्र के कस्बा खितौरा में साप्ताहिक बाजार लगती है। जहां गांव हरिपुर निवासी पवन पुत्र नरेश गिरि बाजार में खरीदारी करने आए थे।उन्होंने ने अपनी बाइक बाजार में एक जगह लॉक लाकर खड़ी कर दी।इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक को लेकर फुर्र हो गया।पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# तीन सरकारी हैंड पंप काफी समय से पड़े है खराब,आमजन बूंद - बूंद को रही है तरस

शाह टाइम्स संवाददाता

**आसफपुर ।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां एक ओर आम जनता को स्वच्छ जल मुहैया कराने को पैसा पानी की तरह बहा रही है ।

वहीं दूसरी ओर स्थानीय जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व सरकारी मुलाजिमों की उदास. ीनता के चलते विकास खंड आसफपुर में स्थानीय ब्लॉक परिसर सहित तीन सरकारी हैंड पम्प व दो आरो काफी समय से खराब पड़े हैं जिसके चलते स्थानीय ब्लॉक परिसर , आसफपुर ब्लॉक पर स्थानीय बाजार , उप डाकघर , त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज की



विज्ञान प्रयोगशाला पर छात्र - छात्रा सहित स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा पर आने जाने वाले आमजन पीने के पानी को तरस रहे हैं । हम आपको बता दें कि बदायूं जिले के विकास खंड आसफपुर में उच्च अधिकारियों का भी यहां आना जाना लगा रहता है बाबजूद इसके स्थानीय विकास खंड परिसर में तीन - तीन सरकारी हैंड पम्प व दो - दो आरो काफी समय से खराब पड़े धूल चाट रहे हैं ।

# रोटरी क्लब ने गुरुजन सम्मान समारोह का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** रोटरी क्लब द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष में ष्8 सितंबर सोमवारष् को दिनेश मधु रोटरी आई हॉस्पिटल पर पथ प्रदर्शक गुरुजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। रोटरी क्लब के सचिव मुदित अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पथ प्रदर्शक गुरुजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया सम्मान समारोह में रोटरी क्लब की चयन समिति द्वारा चयनित



सेवानिवृत ग्यारह शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

# गांव में हुआ विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**उघैती।** राधाकृष्ण मंदिर लोथर में बैकुंडवासी श्री 1008 कृष्ण दास जी महाराज की 15वीं पुण्यतिदि के उपलक्ष्य में मन्दिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जहां गांव के साथ साथ अनंत भक्तों ने राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण पर पहुंच प्रसाद ग्रहण किया।आश्रम महंत श्री श्री 108 तुलसी दास जी ने बताया प्रसाद का अर्थ है ईश्वरीय कृपा, आशीर्वाद या अनुग्रह है, जो हिंदू धर्म में भगवान को अर्पित किए गए भोजन या किसी वस्तु के रूप में भक्तों में बांटा जाता है।यह वह पवित्र भोजन होता है जिसे भक्त ईश्वर को अर्पित करते हैं और फिर ईश्वर के आशीर्वाद के रूप में वापस भक्तों को वितरित किया जाता है इस पावन अवसर पर मंदिर कमेटी के साथ साथ अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी महोत्सव का समापन निकाली विसर्जन शोभायात्रा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** यूपी : श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के समापन पर नगर दातागंज में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। विसर्जन शोभायात्रा में श्रद्धालु गणपति के भजनों के बीच झूमते गुलाल उड़ाते चल रहे थे। नगर के प्रमुख मार्गों से घूमती हुई विसर्जन शोभायात्रा मूर्ति विसर्जन के लिए रवाना हो गई। शनिवार को महोत्सव के समापन पर नगर में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु बाजे और ढोल की थाप पर झूमते रहे। नगर में गणपति वप्पा मोरिया के जयघोषों से गूंज उठा। शोभायात्रा में महिला और बच्चे भी गणेशजी की महिमा का गुणगान करते दिखाई पड़े। यात्रा के दौरान राहगीरों व भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राजकमल वर्मा, आशी वर्मा, मनु वर्मा आर्यन वर्मा, पूनम वर्मा, पूर्वी वर्मा ,वैष्णवी वर्मा,सीमा वर्मा, विनीत वर्मा, अर्पित आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई पीईटी परीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) -2025 जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण, निर्विघ्न ,पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुई। रविवार को प्रथम पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7481 ने तथा द्वितीय पाली में पंजीकृत 9840 अभ्यर्थियों में से 7579 ने परीक्षा दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए जनपद में 24 केंद्र बनाए गए थे जिसमें माननीय आयोग के निर्देशों के क्रम में विभिन्न व्यवस्थाएं कराई गई थी।

# दातागंज सीओ तिवारी ने की प्रशंसा, लोगों ने किया सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** यूपीः गणेश चतुर्थी विसर्जन शोभायात्रा के दौरान, दातागंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गौरब बिश्नोई ने अपने दफ्तर से सिविल ड्रेस में महिला पुलिस कर्मी को भीड़ और ट्रैफिक का प्रबंधन हेतु एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए शोभायात्रा में शामिल किया। वही वर्दीधारी पुलिस कर्मियों को सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखते हुए मुस्तैद किया। साथ ही दातागंज सी.ओ के के तिवारी ने कस्वा इंचार्ज वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीव शर्मा व हेड कांस्टेबल हरीश ,कांस्टेबल पंकज सैनी की अच्छी पुलिस व्यवस्था देखते हुए प्रशंसा की। वही आयोजकों द्वारा वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजीव शर्मा को कार्यक्रम के दौरान जगह जगह सम्मानित किया गया।

## विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में
# भारतीय टीम ने जीता सोना



● ऋषभ, अमन सैनी और प्रथमेश की पुरुष कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय पुरुष कम्पाउंड टीम ने फ्रांस को 235-233 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह पहला मौका है जब भारत ने पुरुष कम्पाउंड टीम स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की शुरुआत थोड़ी कमजोर रही और वे पहले सेट में 57-59 से पीछे हो गए। हालांकि इसके बाद टीम ने शानदार वापसी की और हर सेट में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए फ्रांस की चुनौती को 235-233 से खत्म किया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को शूट-ऑफ में मात दी, क्वार्टर फाइनल में अमेरिका को 234-233 से हराया और सेमीफाइनल में तुर्की पर 234-232 से जीत दर्ज की। भारत के युवा तीरंदाज ऋषभ यादव ने अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। 23 वर्षीय ऋषभ ने क्वालिफिकेशन में 709 अंकों के साथ आठवां स्थान हासिल किया और मिश्रित टीम स्पर्धा में भी दमदार खेल दिखाया। उन्होंने भारत की शीर्ष कम्पाउंड महिला तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम के साथ जोड़ी बनाकर मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत जीता। दोनों ने जर्मनी, अल सल्वाडोर और चीनी ताइपे को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

# भारत-पाक के अभ्यास सत्र से एशिया कप के लिए बेताबी बढ़ी

**दुबई, वार्ता।** शाम सात बजे के कुछ ही देर बाद, आईसीसी अकादमी में सभी की निगाहें पाकिस्तान टीम के नेट एरिया पर टिक गईं। वहीं रविवार को शारजाह में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल से पहले अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र के लिए पहुंचे थे।

क्या भारत के साथ कोई क्रॉस-ओवर होगा, जो पहले से ही अपनी तैयारियों में व्यस्त था? क्या खिलाड़ी एक-दूसरे का अभिवादन करेंगे या दूरी बनाए रखेंगे? जो लोग इस पल को फिल्माने लायक होने की उम्मीद कर रहे थे, वे निराश हो गए क्योंकि दोनों टीमें अपनी-अपनी दिनचर्या में डटी रहीं। भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला, जिसमें उनके प्रत्येक विशेषज्ञ बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया, उसके बाद ऑलराउंडरों ने पैड पहनकर गेंद को सभी कोनों में मारा, जिससे यह नेट सत्र की तुलना में अधिक रेंज-हिलटग साबित हुआ, जिसका उद्देश्य खिलाड़ियों को टच पाने में मदद करना था।



● भारत का सत्र लगभग तीन घंटे तक चला जिसमें प्रत्येक बल्लेबाज ने मैदान पर एक घंटे से अधिक समय बिताया

पाकिस्तान ने नेट एरिया में एक शांत कोने में किसी की नजरों से दूर बल्लेबाजी की।

उन्होंने ऐसी सतहों पर तैयारी की जो टर्न और असमान उछाल दे रही थीं, शायद टीम रविवार को राशिद खान, एएम गजनफर और नूर अहमद के खिलाफ होने वाली चुनौतियों की तैयारियों में थी। नेट से दूर, शाहीन शाह अफरीदी ने कुछ कैच लिए और हल्का वार्म-अप किया, जबकि हारिस रऊफ ने दौड़ लगाई। आईसीसी अकादमी में विभिन्न प्रकार की पिचें हैं, लगभग 40 पिचें जिनमें से अधिकांश एशियाई हैं, लेकिन कुछ ऐसी भी हैं जो वाका, गाबा जैसी उछाल वाली परिस्थितियों की तरह हैं और कुछ स्विंग और सीम प्रदान करती हैं, जिनका पिछले कुछ दिनों में 60 से अधिक खिलाड़ियों ने अच्छा उपयोग किया, जिनमें ओमान और हांगकांग के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को जब प्रशिक्षण समाप्त हुआ, तब आयोजकों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान को रविवार को एक मैच खेलना था और भारत ने विश्राम का दिन घोषित कर दिया था। शाम की शुरुआत भारत द्वारा 20, 40 और 60 मीटर की दूरी पर कोन्स के साथ ब्रोंको ड्रिल के साथ हुई। टीम पांच-पांच के तीन समूहों में बंट गई।

ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स ने निर्देश दिए, सितांशु कोटक ने स्कोर बनाए रखा, जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर चीयरलीडर बने। यह अभ्यास परिणामों के बारे में नहीं था, बल्कि मैच के दिन की परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाने के बारे में था, अगर भारत हीट में पहले क्षेत्ररक्षण करता है। जैसे ही लाइटें पूरी तरह से जलीं, खिलाड़ी पूरी तरह से सेंटर विकेट नेट पर आ गए। शुक्रवार को तो सब कुछ आसान लग रहा था, लेकिन शनिवार का खेल और भी तीखा था, शायद हमें उन संयोजनों की भी झलक मिल गई जो धीरे-धीरे उभरने लगे हैं।

# नागरिक स्वदेशी उत्पाद खरीदें: मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज 'गर्व से स्वदेशी' की विशेष थीम पर 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल के तहत सांसदों के साथ इंडिया गेट और कर्तव्य पथ पर साइकिल चलाई और नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का अग्राह किया।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 39वें संस्करण का आयोजन भारतीय रेलवे के सहयोग से देश भर के 8000 स्थानों पर किया गया। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम का शुभारंभ ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने सुबह सात बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से किया, जिसमें 1500 से अधिक साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी मौजूद थे। इस दौरान 'गर्व से स्वदेशी' उत्सव में भारतीय स्पोर्ट्सवियर और फिटनेस ब्रांड्स ने प्रतिभागियों के लिए स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। कार्यक्रम में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, नवीन जिंदल, पुरुषोत्तम रूपाला, प्रभुभाई वसावा, हेमंग जोशी, सुभाष बराला, भोजराज नाग और रमेश बिधूड़ी आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि मुझे रविवार को साइकिल पर कार्यक्रम में हमारे नागरिकों की बढ़ती भागीदारी देखकर खुशी हो रही है।

# सबालेंका ने जीता यूएस ओपन

● आर्यना सबालेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा को हराकर लगातार दूसरी बाद जीता खिताब



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबा. लेंका ने फ्लशिंग मीडोज के हार्ड कोर्ट पर अपना दबदबा कायम करते हुए अमांडा अनिसिमोवा को हराकर लगातार दूसरी बार यूएस ओपन का खिताब जीता।

शनिवार रात खेले गए मुक. ाबले में बेलारुस की सबालेंका ने फाइनल मुकाबले में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6(3) से हराकर अपने खिताब को बरकरार रखा। इस जीत के साथ बेलारूसी खिलाड़ी सबालेंका 2014 में सेरेना विलियम्स के बाद न्यूयॉर्क में लगातार दो एकल खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। यह उनके करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। 27 वर्षीय शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड गैरोस दोनों के फाइनल में हारने के बाद दबाव में चैंपियनशिप के खिताबी मुक. ाबले में मैच में उतरी थीं। लेकिन उन्होंने मौके का फायदा उठाया और अथक शक्ति और संयम का प्रदर्शन करते हुए 2025 की अपनी पहली और अपने करियर की चौथी बड़ी ट्रॉफी जीती। यह जीत ग्रैंड स्लैम स्तर पर उनकी 100वीं मुख्य ड्रॉ मैच जीत और इस सीजन की उनकी 56वीं जीत भी है। बेसलाइन से सबालें. का के जोरदार प्रहारों का मुक. ाबला करते हुए, 23 वर्षीय अमे. रिकी खिलाड़ी ने गत चैंपियन को शुरुआत में ही परेशान किया, लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर की गई गलतियां उसके लिए महंगी साबित हुईं। शुरुआती सेट में पांच बार सर्विस ब्रेक हुई, लेकिन सबालेंका ने 5-3 के स्कोर पर अपनी लय बनाए रखी और सेट को केवल 38 मिनट में ही समाप्त कर दिया, क्योंकि अनिसिमोवा का फोरहैंड बाहर चला गया था। दूसरे सेट में अमे. रिकी खिलाड़ी ने वापसी की और 5-4 के स्कोर पर सबालेंका की सर्विस के दौरान लड़खड़ाने का फायदा उठाया।

# भारत की दूसरी सर्वश्रेष्ठ टीम करेगी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम से मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की 24 सदस्यीय टीम, जिसमें अधिकांश निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग में चार से छह के बीच रैंक किए गए हैं, विश्व के शीर्ष निशानेबाजों से मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी सत्र के चौथे और अंतिम अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण की शुरुआत निंगबो, चीन में हो गई है। मंगलवार (9 सितम्बर 2025) से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज, 10 स्वर्ण पदकों के लिए निशाना साधेंगे।

● मंगलवार से शुरू होकर छह दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के कुल 320 निशानेबाज हिस्सा लेंगे

निंगबो में चार मौजूदा ओलंपिक चैंपियनों सहित दुनिया के कई शीर्ष निशानेबाज हिस्सा लेंगे, जहां वे नवम्बर में काहिरा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेंगे।

कुछ निशानेबाज दिसंबर में दोहा में होने वाले सीजन के समापन आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद में यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहेंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एआईएफएफ ने सुपर कप के लिए तारीखों की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति शनिवार को वर्चुअल रूप से एकत्रित हुई और एआईएफएफ की व्यावसायिक संपत्तियों के प्रबंधन और मुद्रीकरण के अधिकारों को सीमित अवधि के लिए प्रदान करने हेतु एक एजेंसी के चयन के लिए महासंघ के कोटेशन अनुरोध (आरएफक्यू) प्रक्रिया को मंजूरी दी। एआईएफएफ ने इसके साथ ही सुपर कप की तारीखों को भी अपनी मंजूरी दे दी। चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए, कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यीय बोली मूल्यांकन समिति (बीईसी) गठित करने का संकल्प लिया।

### पाक अक्टूबर में दक्षिण अफ्रीका के साथ बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलेगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 12 अक्टूबर से शुरू होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ अक्टूबर से शुरु होने वाली बहु-प्रारूप श्रृंखला की घोषणा की हैं। इस दौरे में दो टेस्ट मैच होंगे। इसके जरिए दोनों टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगी।

दक्षिण अफ्रीका 2023-25 संस्करण जीतकर वर्तमान में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का विजेता है। पहला टेस्ट मैच लाहौर में (12-16 अक्टूबर) और दूसरा टेस्ट रावलपिंडी (20-24 अक्टूबर) खेला जायेगा। इसके बाद दोनों टीमें तीन टी-20 और तीन वनडे मैच खेलेंगी। रावलपिंडी में पहला टी-20 मैच 28 अक्टूबर को खेला जाएगा। इसके बाद श्रृंखला के बाकी दो मैच 31 अक्टूबर और एक नवम्बर को लाहौर में खेले जाएंगे।

# इंग्लैंड ने सैम को किया टीम में शामिल

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ होने वाले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच के लिए ऑलराउंडर सैम करेन को टीम में शामिल किया है, जबकि सभी प्रारूपों के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट को आराम दिया गया है। ब्रेंडन मैकुलम की कप्तानी में इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम में पहली बार करेन की वापसी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और एकदिवसीय सीरीज हारने के बाद हुई है।

चयनकर्ताओं ने करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है। उन्होंने मौजूदा टी-20 ब्लास्ट के 15 मैचों में 365 रन और 21 विकेट लिए हैं और इससे पहले, द हंड्रेड में ओवल इनलवसिबल्स के खिताबी अभियान में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने नौ मैचों में 238 रन और 12 विकेट लिए थे। करेन ने आखिरी बार नवम्बर 2024 में वेस्टइंडीज दौरे पर राष्ट्रीय टीम के लिए खेला था। चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि वह इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती प्रदान करेंगे। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले डकेट को आराम देने का भी फैसला किया है।

● चयनकर्ताओं ने सैम करेन को उनके कौशल के आधार पर टीम में वापस बुलाया है

30 वर्षीय डकेट ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 462 रन बनाए थे, लेकिन उसके बाद से उनकी फॉर्म खराब चल रही है और वे पिछली 10 पारियों में सिर्फ एक बार 20 का आंकड़ा पार कर पाए हैं (द हंड्रेड में आठ और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय में दो रन बनाये है)। इसके अलावा इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से हटा दिया है ताकि उन्हें काउंटी चैंपियनशिप खेलने और एशेज टीम में चयन के लिए दबाव बनाने का मौका मिल सके। इस महीने की शुरुआत में जेमी ओवरटन के लाल गेंद वाले क्रिकेट को छोड़ने के फैसले के बाद, इस प्रमुख शीतकालीन दौरे में उनके लिए जगह पक्की हो सकती है।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम प्रकार है:-** हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, जेमी स्मिथ और ल्यूक वुड।

**आयरलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है:-** जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जोस बटलर, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, ल्यूक वुड, जॉर्डन कॉक्स, सन्नी बेकर और टॉम हार्टले

## स्वतंत्र परीक्षण में सुब्रायन का बॉलिंग ऐक्शन वैध

**दुबई, वार्ता।** स्वतंत्र परीक्षण केंद्र ने दक्षिण अफीका के ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर प्रीनेलान सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन वैध पाया है। अब तक एक टेस्ट और एक एकदिवसीय मैच खेल चुके सुब्रायन का गेंदबाजी ऐक्शन पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में संदिग्ध पाया गया था। हालांकि सुब्रायन को गेंदबाजी से रोका नहीं गया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आराम देते हुए ऑस्ट्रेलिया में आगे न खिलाने का फैसला किया और इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज के लिए उनका चयन नहीं किया था। सुब्रायन का 26 अगस्त को ब्रिस्बेन में परीक्षण किया गया और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एक बयान में पुष्टि की गई कि उनकी सभी गेंदों में कोहनी का विस्तार आईसीसी के अवैध गेंदबाजी विनियमों के तहत अनुमत 15 डिग्री के स्तर के भीतर था।

# आखिरी क्षणों की पेनल्टी से भारत को कतर से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा

**दोहा, वार्ता।** एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 के लिए जल्दी क्वालीफाई करने की भारत की उम्मीदों पर कल रात पानी फिर गया जब ब्लू कोल्ट्स को दोहा के अब्दुल्ला बिन खलीफा स्टेडियम में मेजबान कतर के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ग्रुप एच के एक कड़े मुक. ाबले में, भारत ने खेल के अधिकांश समय कतर से बराबरी की, लेकिन दूसरे हाफ में एक पेनल्टी और डिफेंडर प्रमवीर को मिले रेड कार्ड के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। इस परिणाम के साथ कतर दो मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि भारत तीन मैचों में तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मजबूत घरेलू प्रशंसकों के उत्साहवर्धन के बीच मेजबान टीम ने शानदार शुरुआत की और 18वें मिनट में बढ़त बना ली जब अल हाशमी मोहियालदीन ने कॉर्नर पर गेंद को गोल में पहुंचाने के लिए ऊपर की ओर बढ़े और एक लूपिंग हेडर को नेट में डाल दिया, जिससे भारतीय रक्षा पंक्ति स्तब्ध रह गई। मुख्य कोच नौशाद मूसा के नेतृत्व में भारत ने शुरुआती दबाव को झेला और धीरे-धीरे मुकाबले में अपनी जगह बनाई।

पार्थिब गोगोई और मोहम्मद सन्नन के जरिए मौके आए, जिनकी गेंदों ने मुश्किलें तो पैदा कीं, लेकिन वे निर्णायक साबित नहीं हुईं। आखिरकार 52वें मिनट में इनाम मिला। मिडफील्डर मैकार्टन लुइस निक्सन ने गेंद को बीच में ही रोक लिया और काउंटर अटैक शुरू किया, जिसका अंत सन्नन के सटीक क्रॉस से हुआ, जो मोहम्मद सुहैल के लिए था। स्ट्राइकर ने बिना कोई गलती किए, अपने मार्कर से ऊपर उठकर गेंद को गोल में पहुंचाया और बराबरी हासिल की। हालांकि, बराबरी ज्यादा देर तक नहीं टिकी। 67वें मिनट में, कतर ने तेजी से हमला किया और बॉक्स के अंदर नूरेलदीन इब्राहिम पर प्रमवीर के गलत समय पर किए गए टैकल ने रेफरी को स्पॉट की ओर इशारा करने पर मजबूर कर दिया। पहले से ही बुक किए गए डिफेंडर को आउट करार दिया गया, जिससे भारत की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई। जसीम अल शरशानी ने आगे बढ़कर पेनल्टी को गोल में बदल दिया, जिससे गोलकीपर साहिल सही दिशा में डाइव लगाने के बावजूद गलत दिशा में चले गए। एक गोल और एक खिलाड़ी से पिछड़ने के बावजूद भारत ने हार मानने से इनकार कर दिया। गोलकीपर साहिल ने लगातार बेहतरीन बचाव करके अपनी टीम को मुकाबले में बनाए रखा, अब्दुलअज़ीज हसन और मोहम्मद सुराग को नाकाम करते हुए कतर ने मुकाबले को अपने नाम कर लिया।

# न्यूजीलैंड की पुरुष-महिला हॉकी टीमों ने विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई किया

● न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता

**जर्मनी, वार्ता।** ओसनिया कप 2025 आज ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में संपन्न हुआ। न्यूजीलैंड की महिला और ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीमों ने अपनी-अपनी प्रतियोगिताएं जीतकर तीन-तीन मैचों की श्रृंखला के बाद महाद्वीपीय चैंपियन का खिताब जीता।

इस जीत का मतलब था कि ब्लैक स्टिक्स की महिला टीम ने आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप, बेल्जियम और नीदरलैंड्स, 2026 के लिए ओसनिया की चैंपियन टीम के रूप में क्वालीफाई कर लिया। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के माध्यम से विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थी, और दूसरे स्थान पर रहने के बाद, न्यूजीलैंड की पुरुष टीम भी आगामी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला टीम के साथ जुड़ गई।

न्यूजीलैंड की जीत के बाद उसकी कप्तान ओलिविया शैनन ने कहा कि विश्व कप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले साल हम पेरिस के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और मुझे लगता है कि इस सीरीज ने पेरिस के लिए क्वालीफाई न कर पाने के बावजूद हमारे अंदर मौजूद उस संघर्ष, उस लचीलेपन और ऊर्जा को दर्शाया है। न्यूजीलैंड की पुरुष टीम खाली हाथ नहीं लौटी क्योंकि ओसनिया से सीधे विश्व कप क्वालीफिकेशन स्थान उसका था।

# पुजारा ने इंडियन हेल्थकेयर लीग का शुभारंभ किया



● लीग का उद्देश्य चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरुकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना है

**नई दिल्ली, वार्ता।** व्हाइटकोट स्पोर्ट्स ने आज इंडियन हेल्थकेयर लीग का अनावरण किया, जो विशेष रूप से डॉक्टरों के लिए समर्पित एक अभूतपूर्व स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। एक स्वास्थ्य पहल से कहीं बढ़कर, यह लीग खुद को दोहरे उद्देश्य वाले एक शक्तिशाली आंदोलन के रूप में स्थापित करती है - कैंसर जागरूकता को अपना प्राथमिक मिशन बनाना और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के मानसिक स्वास्थ्य को अपना द्वितीयक उद्देश्य बनाना। इसके साथ, यह भारत की सबसे परिवर्तनकारी और प्रभावशाली डॉक्टर-केंद्रित पहलों में से एक बनने के लिए तैयार है। हेल्थकेयर प्रोफेशन्ल्स समाज की रीढ़ हैं, फिर भी व्यस्त दिनचर्या, लंबे समय तक काम करने और तनावपूर्ण वातावरण के कारण उनका शारी. रिक और मानसिक स्वास्थ्य अक्सर पीछे छूट जाता है।

इंडियन हेल्थकेयर लीग की स्थापना इसी कमी को पूरा करने के लिए की गई थी—डॉक्टरों को खेल के आनंद के माध्यम से तरोताजा होने, जुड़ने और फलने-फूलने के अवसर प्रदान करना, साथ ही चिकित्सा जगत और समाज में कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को बढ़ावा देना। इस अवसर पर, व्हाइटकोट स्पोर्ट्स के सीएमडी, डा. राहुल मंगल ने कहा कि व्हाइटकोट स्पोर्ट्स में, हम डॉक्टर-फर्स्ट की नीति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। इंडियन हेल्थकेयर लीग न केवल फिटनेस को बढ़ावा देने के बारे में है, बल्कि हमारे समय की दो महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं-कैंसर जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य - को संबोधित करने के बारे में भी है। डॉक्टरों को खेल में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करके, हमारा लक्ष्य एक ऐसा प्रभाव पैदा करना है जहां स्वस्थ डॉक्टर मजबूत समुदायों का नेतृत्व करें, साथ ही यह लीग उन मुद्दों पर जागरूकता भी बढ़ाए जो पूरे भारत में लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इस शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में कई प्रमुख डॉक्टर उपस्थित रहे। लॉन्च के दौरान, चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि इंडियन हेल्थकेयर लीग वास्तव में एक अनूठी पहल है जो उन लोगों के स्वास्थ्य का जश्न मनाती है जो हमें स्वस्थ रखने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने और डॉक्टरों के बीच मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का इसका मिशन इसे एक खेल आयोजन से कहीं बढ़कर बनाता है। यह बदलाव का एक मूवमेंट है। मेरा मानना है कि इस लीग में भारत की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की क्षमता है, जो न केवल डॉक्टरों को बल्कि पूरे समाज को फिटनेस, निवारक स्वास्थ्य और खेल को अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। इंडियन हेल्थकेयर लीग के पहले सीजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह गतिशील फ्रेंच. ाइजी टीमें शामिल हैं।

## साउथ और सेंट्रल जोन के बीच होगी दलीप ट्रॉफी में खिताबी भिड़ंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** साउथ जोन और सेंट्रल जोन के बीच दलीप ट्रॉफी के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। साउथ जोन को मिली बड़ी बढ़त गुरजपनीत सिंह (चार विकेट) और एम डी निधीष (तीन विकेट) के बाद नारायण जगदीशन (नाबाद 52) के शानदार प्रदर्शन के दम पर साउथ जोन ने 270 रनों की बड़ी बढ़त के साथ रविवार को ड्रॉ हुए पहले सेमीफाइनल में नॉर्थ जोन के खिलाफ रविवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं छह बल्लेबाजों शुभम शर्मा (96), दानिश मालेवर (76), कप्तान रजत (77), उपेंद्र यादव (87), हर्ष दुबे (75) और सारांश जैन (63) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से बनाये गए 600 रनों के विशाल स्कोर साथ फाइनल में जगह बना ली। यहां सेमीफाइनल के चौथे दिन नॉर्थ जोन ने कल के पांच विकेट पर 278 रनों से आगे खेलना शुरु किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 8 सितम्बर 2025

# उप राष्ट्रपति का चुनाव

9 सितंबर को होने वाले उप राष्ट्रपति चुनाव से पहले सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जोर आजमाइश चल रही है। जहां भाजपा अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गई है और दिल्ली में भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इसी चुनाव को लेकर किया गया है। यह कार्यशाला कितनी महत्वपूर्ण है यह देखकर ही पता चलता है कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम कार्यकर्ता की तरह सबसे पिछली सीट पर बैठे दिखाई दिए। वहीं दूसरी तरफ उप राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, बैठक में कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, वहीं सोमवार को संसद भवन परिसर में इंडिया गठबंधन नेताओं की बैठक बुलाए जाने की बात भी कही।

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया गठबंधन के सांसदों ने सोमवार को जहां संसद भवन एनेक्सी में रात्रि भोजन का आयोजन करने की बात कही, वहीं सभी से गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना वोट करने के लिए कहा। हालांकि अब तक उप राष्ट्रपति चुनाव में गैर गठबंधन की बात करें तो एआईएमआईएम असदुद्दीन ओवैसी ने अपना समर्थन सुदर्शन रेड्डी को दिया है। वहीं रात्रि भोज के जरिये खड़गे इंडिया गठबंधन से इतर दलों से भी समर्थन की अपील कर सकते हैं। बीजू जनता में अभी भी मंथन जारी है। भोज तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी देना था, लेकिन वह पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड में आई बाढ़ को लेकर रद्द कर दिया। ठीक उसी तरह भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी शनिवार को भोज देना था, उन्होंने भी रद्द कर दिया। इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस समय उप राष्ट्रपति का चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण बना हुआ दिखाई दे रहा है। बेशक संख्याबल अभी सत्तापक्ष के पक्ष में ही दिखाई दे रहा है, लेकिन जिस तरह के इस समय राजनीतिक हालात हैं, कोई भी जरा सा जोखिम लेने को तैयार नहीं है और दोनों ही पक्षों को क्रॉसिंग वोट का डर सताता दिखाई दे रहा है। विपक्ष की सफलता का दारोमदार भी क्रॉसिंग वोट पर ही टिका हुआ है। जैसेकि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा भी कि उप राष्ट्रपति पद का चुनाव किसी चुनाव चिन्ह पर नहीं होता, यह अंतरात्मा का चुनाव है और उन्हें उम्मीद है कि लोग अंतरात्मा की आवाज पर वोट देंगे। जिस तरह उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक इस्तीफा दिया था, उससे भी यह चुनाव और रौचक हो गया है।

राहुल गांधी ने वोट अधिकार यात्रा के दौरान जिस तरह का बिहार में जन समर्थन जुटाया, उससे भी सत्ता पक्ष खेमे में सुगबुगाहट है और इंडिया गठबंधन के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ इस चुनाव को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और अपनी तरफ से कोई कमी छोड़ते दिखाई नहीं दे रहे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि राजनीति में कभी भी समय एकजैसा नहीं रहता, चीजें नाटकीय तरीके से बदल जाती हैं। भाजपा भले ही नंबर के गेम में अभी भी आगे है, लेकिन वह आश्वस्त नहीं हो सकती, क्योंकि वह अल्पमत सरकार की अगुवाई कर रही है। देखना है कि उप राष्ट्रपति का ताज किसके सिर पर सजता है।

## नई चुनौतियां चिंता का विषय



ट्रम्प टैरिफ के आतंक से उभरी नई चुनौतियां चिंता का विषय हैं, इन चुनौतियों से निपटने को लेकर भारत व सत्ताधारी पार्टी भाजपा को जन व देशहित का ध्यान रखते हुए अपनी नीतियों व कार्यक्रमों में ठोस व भारी सुधारवादी रवैया अपनाने की जरूरत है, ऐसा करना जरूरी है, वरना देश के विशाल बहु. जनों की समस्याएं और भी जटिल होकर देश के मान-सम्मान को भी दुनिया में प्रभावित करेंगी, इससे बचना बहुत जरूरी है, विरोधी दल अंदर खाने मिलकर बसपा को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित कर उन्हें शासक वर्ग बनने से रोकने की कोशिशें की जा रही हैं, बसपा सरकारों में सर्वसमाज को विकास मिला था, जिसे अब रोकने का प्रयास हो रहा है।

**सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# प्राकृतिक आपदाओं का बढ़ता कहर





विनीत नारायण

भारत, अपनी प्राकृतिक सुंदरता और विविध भौगोलिक संरचना के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। लेकिन हर साल मानसून के आगमन के साथ यह देश प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आ जाता है। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से हिमालई राज्यों जैसे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण होने वाली तबाही ने न केवल जन-धन की हानि की है, बल्कि सरकारी तंत्र की नाकामी और भ्रष्टाचार को भी उजागर किया है।

भारत में मानसून का मौसम जून से सितंबर तक रहता है और इस दौरान देश के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं अब आम हैं। हाल के महीनों में, उत्तराखंड के उत्तरक. ाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से भारी तबाही मची, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हुई और 50 से अधिक लोग लापता हो गए। हिमाचल प्रदेश में भी अगस्त 2025 में भारी बारिश के कारण दर्जनों सड़कें बंद हो गईं और कई लोगों की जान चली गई। इन घटनाओं ने एक बार फिर यह सवाल उठाया है कि सरकारी तंत्र इन आपदाओं को रोकने और उनके प्रभाव को कम करने में क्यों असफल हो रहा है?

बादल फटने की घटनाएं, जिन्हें भारत मौसम विज्ञान विभाग 100 मिमी प्रति घंटे से अधिक बारिश के रूप में परिभाषित करता है, विशेष रूप से हिमालई क्षेत्रों में आम हैं। ए घटनाएं न केवल प्राकृतिक हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों जैसे अनियोजित निर्माण, जंगलों की कटाई और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में हस्तक्षेप के कारण और भी घातक हो गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की तीव्रता बढ़ रही है, जिससे बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं अधिक बार और अधिक विनाशकारी हो रही हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में अपने बयान में कहा कि पहाड़ी राज्यों में होने वाले निर्माण और नुकसान के लिए घर में बैठकर तैयार की गई फर्जी डीपीआर बनाने वाले दोषी कल्प्रिट हैं। ये लोग बिना जमीनी हकीकत जाने हुए डीपीआर बना देते हैं जिससे ऐसे हादसे होते हैं। यह बयान न केवल सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की कमी कितनी घातक हो सकती है।

डीपीआर, जो किसी भी योजना का बुनियादी ढांचा व आधार होती है, में अगर भ्रष्टाचार और लापरवाही बरती जाती है, तो इसका परिणाम ऐसी हादसों व त्रासदियों के रूप में सामने आता है।इसे 'करप्शन ऑफ डिजाइन' कहा जाता है।

पहाड़ी क्षेत्रों में सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण करते समय भूगर्भीय और पर्यावरणीय कारकों को नजरअंदाज करना आम बात हो गई है। गडकरी का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि कई परियोजनाओं के लिए डीपीआर बिना स्थानीय भूगोल और जलवायु की गहन जांच के तैयार की जाती हैं। उदाहरण के लिए, उत्तराखंड जैसे क्षेत्रों में, जहां भूस्खलन और बाढ़ का खतरा हमेशा बना रहता है, सड़क निर्माण के लिए अक्सर पहाड़ों को अंधाधुंध काटा जाता है, जिससे ढलान अस्थिर हो जाते हैं। यह न केवल भूस्खलन को बढ़ावा देता है, बल्कि नदियों में मलबे का प्रवाह भी बढ़ाता है, जिससे बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जाती है।

भारत में बाढ़ और जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करने में सरकारी तंत्र की विफलता कई स्तरों पर दिखाई देती है। सबसे पहले तो हमारी आपदा प्रबंधन की तैयारी ही अपर्याप्त है। उत्तराखंड में 2013 की केदारनाथ त्रासदी, जिसमें 6,000 से अधिक लोग मारे गए थे। 2021 की चमोली आपदा, जिसमें 200 से अधिक लोग हिमस्खलन और बाढ़ की चपेट में आए। इन हाद. सों ने यह स्पष्ट कर दिया कि सरकार को पहले से चेतावनी और तैयारी की जरूरत है। फिर भी, हर साल न सिर्फ एक जैसी आपदाएं दोहराई जाती हैं बल्कि राहत और बचाव कार्यों में देरी और अव्यवस्था भी दिखाई देती है।

दूसरा, जल निकासी प्रणालियों की कमी और रखरखाव की अनदेखी भी एक बड़ा मुद्दा है। दिल्ली-एनसीआर जैसे शहरी क्षेत्रों में, जहां 2024 में 108 मिमी बारिश ने भारी जलभराव पैदा किया, नालों की सफाई और उचित जल निकासी की कमी साफ दिखाई दी। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के किनारे अनियोजित निर्माण और अतिक्रमण ने प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किया है, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

तीसरा, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और जागरूकता की कमी भी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में स्थानीय ज्ञान का उपयोग करके सड़क निर्माण हो तो शायद भूस्खलन में रोकथाम हो सके। लेकिन वास्तव में, स्थानीय लोगों की सलाह को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है और परियोजनाएं केवल ठेकेदारों और अधिकारियों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं।

इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब सरकार और समाज मिलकर एक समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं। सबसे पहले, डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया को पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाना होगा। भूगर्भीय सर्वेक्षण, पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन, और स्थानीय विशेषज्ञों की राय को शामिल करना अनिवार्य होना चाहिए। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए स्वतंत्र ऑडिट और निगरानी तंत्र स्थापित किए जाने चाहिए। दूसरा, आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना होगा। इसमें न केवल राहत और बचाव की तैयारी शामिल होनी चाहिए, बल्कि प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों, जैसे कि बादल फटने की निगरानी, को भी मजबूत करना होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भूस्खलन और जलभराव की संभावना वाले स्थानों की पहचान के लिए किया जाना चाहिए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता देनी होगी। जंगलों की कटाई को रो. कना, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बहाल करना और अंधाधुंध निर्माण पर रोक लगाना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में इको-सेंसिटिव जोन में निर्माण को सख्ती से विनियमित करना होगा। भारत में बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की त्रासदियां केवल प्राकृतिक नहीं हैं, बल्कि मानवीय लापरवाही और भ्रष्टाचार का भी परिणाम हैं। नितिन गडकरी का बयान इस दिशा में एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है। सरकारी तंत्र की नाकामी, चाहे वह जलभराव को नियंत्रित करने में हो या आपदा प्रबंधन में, ने आम लोगों का जीवन खतरे में डाल दिया है। अब समय है कि सरकार, समाज और विशेषज्ञ मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाएं जो न केवल आपदाओं को रोके, बल्कि उनके प्रभाव को कम करने में भी सक्षम हो। टिकाऊ विकास, पारदर्शी प्रशासन, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही इस दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब प्रलय: दुनिया के मददगारों आज मदद की दरकार

**ईरान के भारत स्थित दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर जारी एक संदेश में कहा कि पंजाब में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुक्सान और दर्द को देखकर मन दुखी है। दूतावास ने प्रभावित लोगों और राहत कार्यों में लगे सभी के लिए प्रार्थनाएं कीं तथा भगवान से सभी की रक्षा और आशीर्वाद की कामना की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की ओर से भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की हिफाजत और सलामती के लिए दुआएं भेजी गई हैं। ईरान के इस बयान की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की गई है। आज पूरे देश के हर वर्ग व हर धर्म का व्यक्ति पंजाब के इन किसानों के साथ इसीलिए खड़ा है।**



तनवीर जाफरी

भारत का अन्न भंडार कहा जाने वाला देश की खाद्य आपूर्ति के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य पंजाब इन दिनों जल प्रलय जैसे अति गंभीर संकट से जूझ रहा है। कुछ स्रोतों के अनुसार राष्ट्रीय खाद्य भंडार में पंजाब लगभग 45% अनाज का योगदान करता है। इसमें देश के गेहूं उत्पादन में लगभग 22% और चावल उत्पादन में लगभग 12% का योगदान शामिल है। इसीलिए पंजाब देश की खाद्य आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके अलावा इसी पंजाब का किसान भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जरूरतमंदों की हर तरह की मदद करने के लिए पहली पंक्ति में खड़ा नजर आता है। चाहे वह युद्ध की विभीषिका से जूझने वाले लोग हों या भूकंप,सुनामी अथवा बाढ़ से प्रभावित लोग, शरणार्थियों की मदद करनी हो या कोरोना जैसे विश्वस्तरीय संकटकाल में लोगों को मुफ्त भोजन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हो, पंजाब की यह कौम हमेशा सबसे आगे खड़ी नजर आई है। न यह धर्म देखते हैं न देश, न सीमा न जाति या भाषा। इन्हें प्रत्सेक मानव की पीड़ा अपनी पीड़ा महसूस होती है और यह कौम तन मन धन से एकजुट होकर मदद करने को खड़ी हो जाती है। आज पूरे देश में न जाने कितने गुरुद्वारे दिन रत जरूरतमंदों को लंगर उपलब्ध कराते हैं। देश बार में स्वास्थ्य सम्बन्धी दर्जनों प्रयोगशालाएं व अस्पताल इनके सौजन्य से संचालित हो रहे हैं।

दुर्भाग्यवश आज हमारे देश का यही पंजाब प्राकृतिक प्रकोप से जूझ रहा है। इन दिनों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल सहित केवल पंजाब में आई भीषण बाढ़ से राज्य के सभी 23 जिले प्रभावित हैं। राज्य में अब तक दर्जनों लोगों की मौत या उनके लापता होने के समाचार हैं। इस जल प्रलय से पंजाब के लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। करीब 2000 गांव जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के अनुसार बाढ़ ने लगभग 18 लाख हेक्टेयर खेतों की फसलें बर्बाद कर दी हैं। बासमती फसल को तो भारी नुकसान हुआ है। अभी तक 600 करोड़ से अधिक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सरकारी व अनेक गैर सरकारी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रह है। हजारों बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित जगहों पर या राहत शिविरों में पहुंचाया जा चुका है।

इसी दौरान शौर्य समर्पण व बलिदान की इस धरती से बड़े ही हृदय विदारक दृश्य सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हजारों गाएं भैंसें तेज बहाव में बहकर लापता हो गई हैं। पूरी पूरी डेयरियां जल प्रलय का शिकार हो गई हैं। लोगों के खेतों में वर्तमान फसल तो बर्बाद हुई ही है परन्तु ऐसी संभावना भी है कि खेतों में रेत की मोटी परत बैठ जाने के चलते अनिश्चितकाल के लिए इन खेतों की अपनी उर्वरक क्षमता भी समाप्त हो जाएगी।

गोया इस जल प्रलय के चलते आने वाले वर्षों में देश की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने की संभावना है। बहरहाल आज पीड़ा की इस घड़ी में पंजाब के किसानों के साथ पूरा देश खड़ा दिखाई दे रहा है। अक्षय कुमार, दिलजीत दोसांझ, रणदीप हुड्डा,सोनू सूद, प्रीटी जिंटा, करीना कपूर, विक्की कौशल, एमी विर्क, राज कुंद्रा, गुरु रंधावा, गिप्पी ग्रेवाल, करण औजला, सुनंदा शर्मा, शाहरुख खान, आलिया भट्ट, करण जौहर, हरभजन सिंह, मनकीरत औलख, बब्बू मान, रणजीत बावा, सोनम बाजवा, संजय दत्त, अजय देवगन, कपिल शर्मा, बादशाह, सिद्धार्थ मल्होत्रा व अनन्या पांडे जैसे अनेक फिल्म व कला जगत से जुड़े लोगों ने बढ़चढ़कर या तो भारी भरकम रकम दान की है या पीड़ितों के लिए राहत शिविर स्थापित किए हैं, एम्बुलेंस दान की हैं अथवा उनके साथ अपना समर्थन व्यक्त किया है। इसी तरह मदरसा जीनत उलूम, नारायणगढ़ मदरसा जमीयतुल उलूम, मेवात के मुस्लिम समुदाय के लोग व दर्जनों मस्जिदों से राहत भरे ट्रक पंजाब की ओर भेजे जा रहे हैं। ईरान ने भी भारत के पंजाब में आई भीषण बाढ़ पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आखिर कब साकार होगा पूर्ण साक्षर भारत का सपना



योगेश कुमार गोयल

दुनियाभर में लोगों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 59वां 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है।



निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिए तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विड़म्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्एक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं।

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है 'डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना', जो संचार को बेहतर बनाने और विविध संस्कृतियों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं में शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। पिछले साल साक्षरता दिवस 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देनारू आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता' थीम के साथ मनाया गया था। इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय 'साक्षरता सतत विकास' रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु 'साक्षरता और स्वास्थ्य' थी, जिसके जरिए टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय 'साक्षरता और सशक्तिकरण' रखा गया था जबकि 2010 की थीम 'साक्षरता विकास को बनाए रखना' थी। 2011 में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए थीम 'साक्षरता और महामारी' एचआईवी, क्षय रोग, मलेरिया आदि संक्रमणीय बीमारियों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थी। 2012 में लैंगिक समानता और महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए थीम थी 'साक्षरता और सशक्तिकरण'। 2013 में शांति के लिए साक्षरता के महत्व पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए 'साक्षरता और शांति', 2014 में '21वीं शताब्दी के लिए साक्षरता', 2015 में 'साक्षरता और सतत विकास', 2016 में 'अतीत पढ़ना, भविष्य लिखना', 2017 में 'डिजिटल दुनिया में साक्षरता', 2018 में 'साक्षरता और कौशल विकास' अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। 2019 में 'साक्षरता और बहुभाषावाद', वर्ष 2020 में 'कोविड-19 संकट और उससे संबंधित शिक्षा और शिक्षण', 2021 में 'मानव-केन्द्रित पुनर्प्राप्ति के लिए साक्षरता डिजिटल विभाजन को कम करना' लिटरेसी फॉर ए ह्यूमन-सेंट्रड रिकवरी नैरोइंग द डिजिटल डिवाइड, 2022 में 'ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसेस' साक्षरता सीखने के स्थान को बदलना तथा 2023 में 'संक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देना टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माण' प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशन बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम थी। बहरहाल, भारत हो या दुनिया के अन्य देश, गरीबी मिटाना, बाल मृत्यु दर कम करना, जनसंख्या वृद्धि नियंत्रित करना, लैंगिक समानता प्राप्त करना आदि समस्याओं के समूल विनाश के लिए सभी देशों का पूर्ण साक्षर होना बेहद जरूरी है। दरअसल साक्षरता ही सामाजिक विकास का आधार स्तंभ बन सकती है। साक्षरता में ही वह क्षमता है, जो परिवार और देश की प्रतिष्ठा बढ़ा सकती है। आंकड़े देखें तो दुनिया में 100 से भी अधिक देश अभी भी ऐसे हैं, जो पूर्ण साक्षरता हासिल करने के लक्ष्य से अभी दूर हैं और चिंता की बात है कि भारत भी इनमें शामिल है। हालांकि आजादी के बाद देश में साक्षरता दर काफी तेजी से बढ़ी है लेकिन अभी इस दिशा में बहुत किया जाना बाकी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन से वाशिंगटन तक सड़कों पर प्रदर्शन

**लंदन/वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा राजधानी में पुलिस व्यवस्था पर संघीय नियंत्रण के खिलाफ मार्च किया। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है। दूसरी तरफ, ब्रिटेन की पुलिस ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे 400 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ये लोग फलस्तीन एक्शन समूह पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के लिए जुटे थे। सरकार ने इस समूह को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। लाल बैनर पर अंग्रेज़ी और स्पैनिश में लिखा था कि डीसी पर कब्जा खत्म करो। इसी नारे के साथ प्रदर्शनकारी मेरिडियन हिल पार्क से होते हुए व्हाइट हाउस के पास फ्रीडम प्लाजा तक करीब दो मील पैदल मार्च करते पहुंचे।

### एक सप्ताह में 107037 शरणार्थी अफगानिस्तान लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले एक सप्ताह में कुल 107037 अफगान शरणार्थी पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से अपने वतन लौटे हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वतन लौटने वाले सभी नागरिकों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं और उनके संबंधित गृहनगरों तक मुफ्त परिवहन सहित आवश्यक सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त शरणार्थियों को परिवार से मिलाने के लिए 23 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की नकद सहायता प्रदान की गई है।

### चीन के हैनान प्रांत में तापा तूफान के कारण स्तर-4 की चेतावनी

**हाइकू।** दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में उष्णकटिबंधीय अवसाद के कारण स्तर-4 के तापा तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस साल का यह 16वां तूफान है। हैनान प्रांतीय मौसम विज्ञान वेधशाला के अनुसार रविवार सुबह 7 बजे तापा का केंद्र दक्षिण चीन सागर के ऊपर दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत से लगभग 445 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित था। इसके केंद्र के पास अधिकतम 23 मीटर प्रति सेकंड की गति से हवाएं चल रही थीं।

### घाना में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**अकरा।** दक्षिणी घाना में शनिवार तड़के एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा (जीएनएफएस) ने यह जानकारी दी। जीएनएफएस के क्षेत्रीय जनसंपर्क अधिकारी अब्दुल वसीउ हुडू ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह 3:50 बजे केप कोस्ट-अकरा राजमार्ग पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद सड़क को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है।

## कनाडा ने कबूला...

# देश में खालिस्तानी आतंकी संगठन सक्रिय

### फंडिंग भी जुटाने में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और सिख यूथ फेडरेशन का नाम शामिल




■ ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं
■ खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने कबूल कर लिया है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन देश की जमीन पर सक्रिय हैं।

इन्हें कनाडा में फंडिंग भी मिल रही है। इनका मकसद हिंसा के जरिए नई राजनीतिक व्यवस्था बनाना या मौजूदा सिस्टम में बदलाव करना है। हाल ही में कनाडा की सरकार ने असेसमेंट आफ मनी लान्ड्रिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा 2025 नाम से एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन जैसे संगठन कनाडा से फंड प्राप्त कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये संगठन कनाडा के अलावा कई देशों में प्रवासी भारतीयों से भी चंदा जुटाते हैं। इन खालिस्तानी संगठनों को राजनीतिक मकसद से हिंसा फैलाने वाले चरमपंथी समूह (पीएमवीएम) नाम की कैटेगरी में रखा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन संगठनों के पास मजबूत नेटवर्क है और ये कई तरीकों से पैसा जुटाते हैं। इनमें बैंकिंग और मनी सर्विस सेक्टर का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल, कुछ देशों से डायरेक्ट फंडिंग, चैरिटी और गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) का दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। कनाडाई एजेंसियों ने खालिस्तानी समूहों को हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों के साथ लिस्ट किया है। हालांकि पहले के मुकाबले अब खालिस्तानी नेटवर्क छोटे स्तर पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि 1980 के दशक से कनाडा में खालिस्तानी उग्रवादी हिंसा का सहारा लेकर पंजाब में अलग देश बनाने की कोशिश करते रहे हैं। भारत और कनाडा के रिश्तों में खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। भारत कई बार यह चिंता जता चुका है कि कनाडा की जमीन का इस्तेमाल खालिस्तानी समूह भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने और फंडिंग जुटाने के लिए कर रहे हैं। भारत का कहना है कि कनाडा सरकार इन चरमपंथी गतिविधियों पर कड़ा कदम नहीं उठा रही।



नई दिल्ली। शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास यमुना नदी का जलस्तर घटने और खतरे के निशान के करीब पहुंचने के बाद एक अस्थायी आश्रय में अपने दैनिक कार्य करते लोग।

## नाइजीरिया में बोको हरम का तांडव, 60 लोगों की हत्या

**बामा।** डिप्टी असिस्टेंट कमिश्नर क्लेयर स्मार्ट ने कहा कि आज डयूटी करते समय हमारे अफसरों को मुक्के मारे गए, लातें मारी गईं, थूका गया और उन पर चीजें फेंकी गईं। यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहीं, आयोजक डिफेंड आवर ज्यूरीज ने पुलिस के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हिंसा की शुरुआत पुलिस ने की और प्रदर्शनकारियों को हिंसक बताना 'हास्यास्पद' है। इससे पहले हुए प्रदर्शनों में 700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया था और 138 लोगों पर आतंकवाद कानून के तहत मुकदमा चलाया गया है। गांव के एक निवासी मोहम्मद बाबागाना ने बताया कि देर रात हुआ यह हमला बेहद खौफनाक था। बोर्नो राज्य के राज्यपाल बाबागाना जुलुम ने शनिवार शाम गांव का दौरा किया और पुष्टि की कि मरने वालों की संख्या 60 से अधिक है। जुलुम ने कहा कि हम प्रभावित लोगों के साथ हैं और उनसे अपील की है कि वे अपने घर न छोड़ें। सुरक्षा बढ़ाने और भोजन व दूसरी जरूरी मदद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। बामा की स्थानीय सरकार ने बताया कि हमलावरों ने दर्जनभर से ज्यादा घरों को जला दिया और 100 से अधिक लोग अपने घर छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए।

## एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ा: नेतन्याहू

■ कल आसमान से पर्चे गिरवाए थे, शहर खाली करने का फरमान

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि एक लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ दिया है। उन्होंने यरुशलम में हुई बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी।

टाइम्स आफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि हमास लोगों को रोकने की कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा सके। इजरायली पीएम के मुताबिक हमास ने महिलाओं और बच्चों को भी गोली मारकर रोकने की कोशिश की है। इससे पहले इजरायली सेना (आईडीएफ) ने शनिवार को आसमान से पर्चे गिराकर लोगों से शहर खाली करने को कहा था। आईडीएफ गाजा सिटी में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर रही है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा सिटी में अब भी करीब 10 लाख फलस्तीनी मौजूद हैं। गाजा सिटी में इजरायली सेना ने हेलिकाप्टर से पर्चे गिराए। आईडीएफ ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ और काम्बैट जोन घोषित किया है। सेना अब शहर के अंदरूनी इलाकों की ओर बढ़ रही है। इसके चलते उसने लोगों को उनसे दक्षिणी गाजा के मानवीय शिविरों में जाने की हिदायत दी है। इजरायल ने कहा है कि मानवीय क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, खाना-पानी और टेंट उपलब्ध कराए जाएंगे। आईडीएफ का दावा है कि लोग सुरक्षित रास्ते से गाड़ियों में जा सकते हैं। हालांकि, यूएन और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने कहा कि यह जोन सिर्फ इजरायल की तरफ से घोषित है, इसमें उनकी कोई भागीदारी नहीं है। इन संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि लाखों लोगों के पलायन से मानवीय संकट और बढ़ेगा।

# डोनाल्ड ट्रम्प के रोजगार के वादे धरे रह गए

### अमेरिका में नियुक्तियां ठप, टैरिफ लागू होने से मुद्रास्फीति बढ़ना जारी, रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका



संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दूसरा कार्यकाल संभाले अभी सात माह ही हुए हैं और इस दौरान महाशक्ति का रोजगार बाजार स्वस्थ से सुस्त हो चुका है। इसका बड़ा कारण उनके टैरिफ लागू होने के साथ भर्तियों का ठप होना और मुद्रा स्फीति का एक बार फिर बढ़ना है। ताजा रोजगार रिपोर्ट बताती है कि नियोक्ताओं ने अगस्त में सिर्फ 22000 नौकरियां ही जोड़ीं, जबकि बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई।

कारखानों व निर्माण कंपनियों ने श्रमिकों की छंटनी की है। संशोधनों से पता चला है कि जून में अर्थव्यवस्था में 13000 नौकरियां कम हुईं। नए आंकड़ों ने ट्रम्प द्वारा वादा की गई तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अब तक उनके द्वारा हासिल की गई कमजोर वास्तविकता के बीच बढ़ते अंतर को उजागर कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ताजा बयान में देशभर में नए कारखाने खुलने तक रोजगार की प्रतीक्षा करने का आश्वासन देते हुए कहा, आप इस देश में ऐसी चीजें होते देखेंगे जिनकी किसी ने उम्मीद नहीं की होगी। लेकिन धैर्य रखने की ये अपील अमेरिकियों को ज्यादा राहत नहीं दे पाई। सीनेट के अल्पसंख्यक और डेमोक्रेट नेता चक शूमर ने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ और मनमानी नीतियां अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रही हैं और ताजा रोजगार रिपोर्ट ने इसे साबित कर दिया है। राष्ट्रपति बनने से पहले चुनाव प्रचार के दौरान 2024 में ट्रम्प ने सुझाव दिया था कि देश में अवैध रूप से रह रहे आप्रवासियों को निर्वासित करने से अश्वेत नौकरियों की रक्षा होगी, लेकिन यह दर बढ़कर 7.5 प्रतिशत हो गई है।

## 'X' पर ट्रम्प के करीबी नवारों ने मुंह की खाई

एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और भ्रामक करार दे दिया, फैक्ट-चेक से भड़के पीटर नवारो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वरिष्ठ व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत पर रूस से तेल आयात को लेकर हमला बोला, लेकिन इस बार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने उनके दावों को फैक्ट-चेक किया और इसे भ्रामक करार दे दिया।

इसके बाद भड़के नवारो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर ही निशाना साधा है। पीटर नवारो ने अपने पोस्ट में दावा किया कि भारत रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर मुनाफा कमा रहा है और यह पैसा रूस की युद्ध मशीन को चला रहा है। उन्होंने लिखा कि तथ्य- भारत के ऊंचे टैरिफ से अमेरिकी नौकरियां खत्म हो रही हैं। भारत सिर्फ मुनाफे के लिए रूसी तेल खरीदता है। इस राजस्व से रूस को युद्ध में ताकत मिलती है। यूक्रेनियन और रूसी मर रहे हैं और अमेरिकी टैक्सपेयर ज्यादा पैसा खर्च कर रहे हैं। भारत सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर सकता और झूठ फैलाता है। नवारो ने यह भी आरोप लगाया कि भारत के ऊंचे आयात शुल्क (टैरिफ) के कारण अमेरिकी उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है। पीटर नवारो की इस पोस्ट के नीचे एक्स ने फैक्ट-चेक जोड़ते हुए लिखा कि भारत का रूसी तेल खरीदना पूरी तरह कानूनी है और यह उसकी ऊर्जा सुरक्षा के लिए है। एक्स के फैक्ट-चेक में कहा गया कि भारत के रूसी तेल आयात अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं करते। हालांकि भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ हैं, लेकिन अमेरिका को भारत से सेवाओं में व्यापार अधिशेष (ट्रेड सरप्लस) है। अमेरिका खुद रूस से कुछ वस्तुएं, जैसे यूरेनियम, अब भी आयात कर रहा है। ऐसे में भारत की आलोचना करना दोहरे मापदंड को दिखाता है। एक्स के इस नोट में सीधे तौर पर नवारो के दावों को 'पाखंडी' करार दिया गया है।

# जेलेंस्की ने पुतिन को दिखाया ठेंगा

### जेलेंस्की ने पुतिन के प्रस्ताव को खारिज किया, मास्को बैठक में शामिल होने से किया इन्कार



■ मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं: जेलेंस्की

**कीव।** अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच हुई बैठक के बाद उम्मीद बंधी थी कि रूस-यूक्रेन के बीच जल्द युद्धविराम हो सकता है, लेकिन अब यह उम्मीद धूमिल होती नजर आ रही है।

दरअसल अलास्का बैठक के बाद पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को मास्को में बैठक करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे अब यूक्रेनी राष्ट्रपति ने खारिज कर दिया है। जेलेंस्की ने मास्को के बजाय कीव में बैठक की मांग की है। एक अमेरिकी मीडिया चैनल से बातचीत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मैं एक आतंकी की राजधानी नहीं जा सकता, क्योंकि यूक्रेन पर हर दिन हमले हो रहे हैं। पुतिन कीव आ सकते हैं। अलास्का बैठक के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प, पुतिन और जेलेंस्की के बीच आमने-सामने बैठक कराने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में पुतिन ने कहा था कि वह जेलेंस्की से मिलने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह बैठक मास्को में होनी चाहिए। शुक्रवार को, रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने स्पष्ट किया कि जेलेंस्की को रूसी राजधानी मास्को में आत्मसमर्पण करने के लिए नहीं बल्कि बातचीत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि रूस ने सितंबर के पहले पांच दिनों में यूक्रेन पर 1300 से ज्यादा ड्रोन, लगभग 900 बम और विभिन्न प्रकार की लगभग 50 मिसाइलें दागीं हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले देश के 14 क्षेत्रों में हुए। यूक्रेनी नेता ने कहा कि रूस युद्ध को लम्बा खींचने की कोशिश कर रहा है और कूटनीति को एक तमाशा बनाने की कोशिश कर रहा है।

## जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने दिया इस्तीफा

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने रविवार को इस्तीफा दे दिया है। इशिबा ने यह कदम सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर विभाजन से बचने के लिए उठाया है। जापानी मीडिया एनएचके ने यह खबर दी है। इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस आफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इशिबा ने इसके लिए हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफा देने के बारे में निर्णय लेंगे। चुनावी हार के बाद एलडीपी के भीतर 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन तेज हो गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई थी। इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी दल ने जुलाई में हुए चुनावों में देश के ऊपरी सदन में अपना बहुमत खो दिया था। हालांकि उस समय उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। जापानी संसद के उच्च सदन में कुल 248 सीटें हैं। इशिबा के गठबंधन के पास पहले से 75 सीटें थीं। बहुमत बनाए रखने के लिए उन्हें इस चुनाव में कम से कम 50 नई सीटों की जरूरत थी, लेकिन उन्हें केवल 47 सीटें ही मिल पाईं।

## रूस ने कीव पर दागे 800 ड्रोन

■ रूस के मिसाइल हमले के बाद कैबिनेट भवन से धुआं उठता देखा गया, दो लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने रविवार रात यूक्रेन पर 805 ड्रोन और हथियारों से हमला किया। यह जंग की शुरुआत से अब तक का सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने इसकी पुष्टि की कि रविवार का हमला रूस का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था।

रूस ने अलग-अलग तरह की खतरनाक 13 मिसाइलें भी दागीं। वायु सेना के एक बयान के मुताबिक, यूक्रेन ने 747 ड्रोन और चार मिसाइलों को मार गिराया। यूक्रेन में 37 स्थानों पर हमले हुए। इससे पहले बताया गया कि रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। इस दौरान एक प्रमुख सरकारी इमारत की छत से धुआं उठता दिखाई दिया। लोगों ने कीव के कैबिनेट भवन की छत से धुएं का गुबार उठता देखा, लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि क्या यह धुआं सीधे हमले का नतीजा था। रूस अब तक शहर के केंद्र में सरकारी इमारतों को निशाना बनाने से बचता रहा है। यह इमारत यूक्रेन के मंत्रिमंडल का मुख्यालय है, जहां उसके मंत्रियों के कार्यालय स्थित हैं। दमकल गाड़ियों और एम्बुलेंस के पहुंचने पर पुलिस ने इमारत में प्रवेश बंद कर दिया। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि हमले में दो लोग मारे गए और 15 घायल हुए। कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है, जिसका शव बचावकर्मियों ने मलबे से निकाला।

# पाकिस्तान के पंजाब में नाव डूबने से पांच लोगों की मौत

■ बाढ़ पीड़ितों को नहीं दी गई थी लाइफ सेफ्टी जैकेट

**इस्लामाबाद।** भारत के पंजाब के साथ-साथ पाकिस्तान के पंजाब में भी बाढ़ का कहर बरकरार है। बाढ़ के कारण गांव के गांव पानी में डूब गए हैं। लोगों को बचाने के लिए बचाव दल पूरी ताकत के से अभियान चला रहा है, लेकिन हताहतें बढ़ती जा रही हैं।

एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाढ़ पीड़ितों को ले जा रही एक नाव के पलट जाने से पांच लोगों की मौत हो गई है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दूर मुल्तान जिले के जलालपुर पीरवाला में हुई। अधिकारी के मुताबिक बाढ़ से पाकिस्तान में भारी तबाही हुई है और जून के अंत से अब तक देश भर में बारिश एवं बाढ़ से संबंधित घटनाओं में 900 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं। पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के डायरेक्टर इरफान अली काठिया ने मीडिया को जानकारी दी कि पानी के तेज बहाव की वजह से जब बचाव कार्यों में जुटी नाव पलटी, तब उसमें लगभग 30 बाढ़ पीड़ित सवार थे। उन्होंने बताया कि एक महिला और चार बच्चे डूब गए, जबकि बाकी लोगों को बचा लिया गया। अधिकारी ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों ने लाइफ सेफ्टी जैकेट नहीं पहनी थी। इरफान ने बताया कि पंजाब में 23 अगस्त को बाढ़ शुरू होने के बाद से हमने 25 हजार से ज्यादा सफल नाव बचाव अभियान चलाए हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राइमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108